CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :25°C
न्यूनतम: 11°C

मुरादाबाद, मंगलवार 18 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 94 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पश्चिम बंगाल राजभवन में लाइव तलाशी अभियान का आदेश पेज 2




शुभमन गिल को मिली अस्पताल से छुट्टी खेल टाइम्स




जोहरान ममदानी से डा. उमर तक वैश्विक मुस्लिम के दो चेहरे सम्पादकीय



न्यूयॉर्क शहर के मेयर ममदानी और ट्रम्प की मुलाकात जल्द! पेज 12

# पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को फांसी की सजा

ढाका, वार्ता

**बांग्लादेश की** पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सोमवार को मौत की सजा सुनाई गई है। उन्हें ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने हत्या के लिए उकसाने और हत्या का आदेश देने के लिए मौत की सजा दी।

बाकी मामलों में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। आईसीटी ने उन्हें 5 मामलों में आरोपी बनाया था। ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना को जुलाई 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान हुई हत्याओं का मास्टरमाइंड बताया। वहीं दूसरे आरोपी पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान को भी हत्याओं का दोषी माना और फांसी की सजा सुनाई। सजा का ऐलान होते ही कोर्ट रूम में मौजूद लोगों ने तालियां बजाई। तीसरे आरोपी पूर्व आईजीपी अब्दुल्ला अल-ममून को 5 साल जेल की सजा सुनाई गई। ममून हिरासत में हैं और सरकारी गवाह बन चुके हैं।

**बांग्लादेशी कोर्ट ने छात्रों की हत्याओं का दोषी माना, बाकी मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई**

**भारत व बांग्लादेश के बीच प्रत्यर्पण संधि के मुताबिक भारत पूर्व पीएम को हमारे हवाले करे: मो.यूनुस**

**पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान को भी हत्याओं का दोषी माना और फांसी की सजा सुनाई**



कोर्ट ने हसीना और असदुज्जमान कमाल की प्रॉपर्टी जब्त करने का आदेश दिया है। फैसले के बाद बांग्लादेश के अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस ने भारत से हसीना को डिपॉर्ट करने की मांग की है। 5 अगस्त 2024 को तख्तापलट के बाद शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान ने देश छोड़ दिया था। दोनों नेता पिछले 15 महीने से भारत में रह रहे हैं। बांग्लादेश के पीएम ऑफिस ने बयान जारी कर कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच जो प्रत्यर्पण संधि है, उसके मुताबिक यह भारत की जिम्मेदारी बनती है कि वह पूर्व बांग्लादेशी पीएम को हमारे हवाले करे। हसीना को मौत की सजा सुनाने वाले इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल की स्थापना उन्होंने ही की थी। इसे 2010 में बनाया गया था।

# दो पैन कार्ड मामले में आजम खां व बेटे अब्दुल्ला को सात साल की सजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला को एक और बड़ा झटका लग गया है, जिन्हें रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 7 साल की कैद का फैसला सुनाया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में लिया गया है।

सपा के पूर्व विधायक और मोहम्मद आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में अदालत ने सोमवार को दोपहर बाद अपना फैसला सुना दिया है। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आजम खां और अब्दुल्ला दोनों को दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट का फैसला आते ही आजम खां-अब्दुल्ला को न्यायिक हिरासत में ले -शेष पृष्ठ दो पर

- **एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोनों को रामपुर की जेल में भेजा**



## संक्षिप्त समाचार

### मुंद्रा बंदरगाह पर पांच करोड़ मूल्य के पटाखे और अन्य सामान जब्त

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के राजस्व खुफिया निदेशालय ने चीन से तस्करी के जरिये भारत लाए जा रहे 30 हजार पटाखों के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। निदेशालय ने पटाखों का अवैध आयात रोकने के लिए 'फायर ट्रेल' ऑपरेशन चलाया हुआ है। इसके साथ ही निदेशालय ने इस तरह के माल की तस्करी पर नजर रखने के लिए ऑपरेशन चलाया हुआ है, जिसके तहत चीनी पटाखों की तस्करी के एक और गंभीर प्रयास का भंडाफोड़ किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार ऑपरेशन के दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों ने मुंद्रा बंदरगाह पर चीन से आ रहा एक 40 फीट लंबा कंटेनर पकड़ा है जिसके बारे में बताया गया है कि उसमें 'गिलास सेट और 'फूलदान' रखे थे, लेकिन जांच पड़ताल के दौरान गिलास के ऊपरी हिस्से के पीछे 30,000 पटाखे छिपा कर रखे गए थे। प्राधिकरण ने पिछले महीने भी मुंबई और तूतीकोरिन में चीनी पटाखों के अवैध आयात के प्रयासों को विफल कर दिया था।

### अनिल अंबानी दूसरी बार ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे

**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी सोमवार को दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) मामले में 14 नवम्बर को भी वे गवाही के लिए नहीं पहुंचे थे। तब उन्होंने कहा था कि वे वर्चुअल गवाही या रिकॉर्डेड वीडियो से गवाही देने के लिए तैयार हैं। हालांकि ईडी ने अंबानी का प्रस्ताव मंजूर नहीं किया है। यह स्पष्ट नहीं है कि एजेंसी अब तीसरा समन जारी करेगी या नहीं।

### साजिश के तहत हो रहा एसआईआर का काम : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चुनाव आयोग एक साजिश के तहत पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण करवा रहे हैं और फिर इसे उपकरण की तरह इस्तेमाल कर इसके जरिए 'वोट चोरी' का काम करवाया जा रहा है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री एक साजिश के तहत पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम कराने में लगे हुए हैं।

# मदीना जा रहे 45 भारतीयों की मौत

**मृतकों में से 18 एक ही परिवार से, उमरा के लिए जाती बस के टैंकर से टकराने पर हुआ भीषण हादसा**

**मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल, हादसे में सिर्फ एक यात्री जिंदा बचा**

**भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर किया जारी, ओवैसी ने शवों को भारत लाने की अपील की**

रियाद, वार्ता

**सऊदी अरब** में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई। मक्का से मदीना जाते समय इनकी बस डीजल टैंकर से टकरा गई और उसमें आग लग गई। मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं।

हादसे में सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा है। उसकी पहचान मोहम्मद अब्दुल शोएब (24 साल) के रूप में हुई है। शोएब ड्राइवर के पास बैठा था। हादसे के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक सरकारी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मारे गए लोगों में से 18 एक ही परिवार के थे। इनमें 9 बच्चे और 9 बड़े शामिल थे। यह परिवार हैदराबाद का रहने वाला था और शनिवार को भारत लौटने वाला था। मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के बताए जा रहे हैं। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। हैदराबाद पुलिस के मुताबिक 9 नवम्बर को 54 लोग हैदराबाद से सऊदी गए थे। वे 23 नवम्बर को वापस आने वाले थे। इनमें से 4 लोग रविवार को कार से अलग से -शेष पृष्ठ दो पर





### हादसे में मारे गए 12 लोगों की हुई पहचान

हादसे में मारे गए लोगों में से 12 भारतीय पीड़ितों की पहचान हो पाई है, उनमें अब्दुल मोहम्मद, मोहम्मद मौलाना, सोहेल मोहम्मद, मस्तान मोहम्मद, परवीन बेगम, जकिया बेगम, शौकत बेगम, फरहीन बेगम, जहीन बेगम, मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद अली, गौसिया बेगम शामिल हैं। जेद्दा में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नम्बर जारी किया है। दूतावास ने कहा कि सऊदी अरब के मदीना के निकट भारतीय उमरा यात्रियों के साथ हुई दुखद बस दुर्घटना को देखते हुए जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में कंट्रोल रूम बनाया, हेल्पलाइन का संपर्क विवरण 8002440003 है। घटना के बाद तेलंगाना सरकार ने सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया है, ताकि परिजन अपने परिजनों के बारे में जानकारी ले सकें। परिवारजन इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं- 79979-59754 और 99129-19545।

### पीएम मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सऊदी बस दुर्घटना पर दुख जताया। एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि रियाद में वाणिज्य दूतावास हर संभव मदद दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हमारे अधिकारी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सऊदी अरब में हुए हादसे पर दुख जताया।

# सेना प्रमुख की पाक को चेतावनी

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने केवल ट्रेलर दिखाया था और अगर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देना जारी रखता है, तो सेना ने उसे यह सिखाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है कि जिम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए तथा सेना को यह भी पता है कि बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है।

जनरल द्विवेदी ने सोमवार को यहां चाणक्य रक्षा संवाद के उद्घाटन कार्यक्रम में सवालों के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर को केवल ट्रेलर करार देते हुए कहा कि यदि दोबारा कोई दुस्साहस किया जाता है, तो सेना इस बार पाकिस्तान को यह सबक सिखाने के लिए तैयार है कि पड़ोसी के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहूंगा कि फिल्म शुरू भी नहीं हुई। सिर्फ ट्रेलर दिखाया गया। और ट्रेलर के बाद ट्रेलर 88 घंटों में खत्म हो गया। तो, भविष्य कैसा होगा? हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। और अगर कोई हमें पाकिस्तान में ऐसा मौका देता है, तो हम उसे पूरी शिक्षा देना चाहेंगे कि एक जिम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। सेना प्रमुख ने कहा कि आतंकवादी या उनके आका हमारे लिए एक समान हैं। उन्होंने कहा कि सेना अब बैरंग चिट्ठी का जवाब देने के लिए भी तैयार है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी आतंकवाद को बढ़ावा देता है, हमें उसका जवाब देना चाहिए।



- **उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा: सेना को पता है बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है**

# दिल्ली ब्लास्ट: आमिर ने उमर को सुरक्षित ठिकाने दिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी डा. उमर के साथी आमिर राशिद अली ने ही उमर को सेफ हाउस (सुरक्षित ठिकाना) उपलब्ध कराया था। साथ ही आईडी बनाने में भी मदद की थी।

सोमवार को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने स्पेशल एनआईए कोर्ट में आरोपी की कस्टडी पाने के लिए ये दलील दीं। रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार आमिर को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया था। पूरी सुनवाई बंद कमरे में हुई। यहां केवल मामले से जुड़े अधिकारी और वकील मौजूद रहे। एनआईए ने लंबी हिरासत की डिमांड की थी। दिल्ली ब्लास्ट में उपयोग कार आमिर के ही नाम है। वहीं, इस ब्लास्ट में सुरक्षा एजेंसियों को शू बम (जूता बम) के इस्तेमाल का शक है। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसियों को विस्फोट वाली कार से एक जूता मिला है। इसकी जांच में अमोनियम नाइट्रेट और टीएटीपी के ट्रेस मिले, जिन्हें शुरुआती सुराग माना जा रहा है। टीएटीपी एक बेहद खतरनाक और सेंसेटिव विस्फोटक माना जाता है, जिसे आतंकी अक्सर इस्तेमाल करते हैं। यह मामूली झटके, रगड़ या थोड़ी सी गर्मी से भी फट सकता है। इसी वजह से इसे आतंकी दुनिया में शैतान की मां कहा जाता है। कार चला रहा डा. उमर नबी एक आत्मघाती हमलावर (सुसाइड बॉम्बर) था। यह पहली बार है, जब किसी सुरक्षा एजेंसी ने ऑफिशियल तौर पर इसकी पुष्टि की है। इससे यह तय हो गया है कि ब्लास्ट सुसाइड अटैक ही था। 10 नवम्बर को दिल्ली धमाके में 13 लोगों की मौत हुई थी, 24 से ज्यादा लोग जख्मी हैं।




- **आईडी बनाने में मदद की, जूता बम इस्तेमाल का शक**
- **जांच में खतरनाक टीएटीपी विस्फोटक मिला**

### भोपाल में पारा 5.2 डिग्री, 84 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली।** उत्तर और मध्य भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रविवार रात पारा 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 9.2 डिग्री नीचे रहा। एक ही रात में 1.2 डिग्री की गिरावट हुई। इससे 84 साल पुराना रिकॉर्ड भी टूट गया है। भोपाल में नवम्बर की सर्दी का ओवरऑल रिकॉर्ड 30 नवम्बर 1941 में 6.1 डिग्री का था। दिल्ली में रविवार को ठंड ने नवम्बर में 3 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगर सोमवार को भी दो या ज्यादा मौसम केंद्र लगातार दूसरे दिन मानक पूरे करते हैं, तो कोल्ड वेव की घोषणा कर दी जाएगी।

# बरेली में वायुसेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली के मीरगंज क्षेत्र के गांव गोरा लोकनाथपुर में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वायुसेना के हेलीकॉप्टर में उड़ान के दौरान अचानक तकनीकी खराबी आ गई।

पायलट ने तुरंत स्थिति को संभालते हुए किसान नन्हे शर्मा के खेत में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कर दी। पायलट की सूझबूझ और समझदारी के चलते हेलीकॉप्टर बिना किसी नुकसान के सुरक्षित खेत में उतारा गया। इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिलते ही वायुसेना ने मौके पर दूसरा हेलीकॉप्टर भेजा। वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हेलीकॉप्टर की प्राथमिक जांच की।

- **तकनीकी खराबी के कारण खेत में उतारा गया**

### वैष्णो देवी मेडिकल इंस्टीट्यूट की एमबीबीएस सीट का विरोध

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस में एमबीबीएस एडमिशन को लेकर विवाद बढ़ गया है। सोमवार को कई हिंदू संगठनों ने एक साथ विरोध प्रदर्शन किया और एडमिशन वाली सीट अलॉटमेंट की पहली लिस्ट तुरंत रद्द करने की मांग की। इस साल संस्थान को 50 एमबीबीएस सीटें मिली हैं। 2025-26 के पहले बैच में 42 मुस्लिम, 7 हिंदू और एक सिख छात्र का नाम सीट अलॉटमेंट लिस्ट में है। हिंदू संगठनों का कहना है कि सीट बंटवारे में भेदभाव किया गया है। इसमें हिंदू छात्रों की अनदेखी की गई है। इसके विरोध में युवा राजपूत सभा, राष्ट्रीय बजरंग दल और कल्कि आंदोलन जैसे हिंदू संगठन जम्मू में प्रदर्शन कर रहे हैं।

# केरल में SIR पर तत्काल रोक की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने केरल में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि यह प्रक्रिया राज्य में चल रही 'स्थानीय निकाय' चुनाव प्रक्रिया के समानांतर नहीं चल सकती। याचिका में चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा 27 अक्टूबर को जारी की गई अधिसूचना को चुनौती दी गई है, जिसने एसआईआर प्रक्रिया शुरू की थी। याचिका में तर्क दिया गया है कि यह मनमाना, कानूनी रूप से अनुचित और अवास्तविक समय सीमा पर आधारित है। यह याचिका आईयूएमएल महासचिव पीके कुन्हालीकुट्टी के माध्यम से दायर की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता हारिस बीरन द्वारा अधिवक्ता आर एस. जेना के माध्यम से दायर की गई इस याचिका का निपटारा किया गया है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि राज्य चुनाव आयोग ने पहले ही नौ और 11 दिसम्बर को दो चरणों में स्थानीय निकाय चुनावों की घोषणा कर दी थी, जबकि एसआईआर के तहत मसौदा रोल चार दिसम्बर को प्रकाशन के लिए निर्धारित था। याचिका के मुताबिक सक्रिय चुनावी गतिविधियों के दौरान एसआईआर का संचालन करना कथित रूप से स्थापित चुनावी प्रथा का उल्लंघन करता है। दलील में कहा गया है कि अधिनियम व्यक्तिगत निर्धारण के बिना वैध मतदाता सूची में प्रविष्टियों को बड़े पैमाने पर हटाने या बेअसर करने को अधिकृत नहीं करता है। आईयूएमएल के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया से बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हट सकते हैं। आवेदन में कहा गया है कि कई बीएलओ सुबह सात बजे से रात आठ बजे तक काम करते हैं जिसमें सप्ताहांत भी शामिल हैं और उन्होंने शिकायत की है कि 30 दिन की समयसीमा के भीतर सत्यापन कार्य पूरा करना मानवीय रूप से असंभव है।

**तर्क: यह प्रक्रिया राज्य में चल रही 'स्थानीय निकाय' चुनाव प्रक्रिया के समानांतर नहीं चल सकती**

**यह मनमाना, कानूनी रूप से अनुचित और अवास्तविक समय सीमा पर आधारित है**



## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में 26 फर्मों के लाइसेंस निरस्त की तैयारी

**वाराणसी।** वाराणसी में इन दिनों कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप के मामले को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें लगातार फर्मों के रिकॉर्ड खंगाल रही हैं। इस प्रकरण के मास्टरमाइंड प्रहलाद घाट निवासी शुभम जायसवाल की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है। उसके पिता भोला प्रसाद समेत 28 लोगों पर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज किया गया है। अब प्रतिबंधित सिरप की खरीद-बिक्री के मामले में 26 फर्मों के लाइसेंस निरस्त करने की तैयारी चल रही है। औषधि निरीक्षक जुबान अली की तहरीर पर 28 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

### लूडो बेटिंग के नाम पर लाखों की ठगी का पर्दाफाश

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ की साइबर क्राइम पर नजर रखने वाली पुलिस टीम ने ऑनलाइन गेमिंग और लूडो बेटिंग के नाम पर लोगों को ठगने के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कई बैंकों की पासबुक, चेक बुक समेत कई उपकरण और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराध नियंत्रण अभियान के क्रम में साइबर क्राइम थाना ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। प्रतिबिम्ब पोर्टल पर ऑनलाइन गेमिग और बेटिग के नाम पर ठगी की शिकायतें प्राप्त होने ही अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल साइबर) विवेक त्रिपाठी एवं क्षेत्रधिकारी सदर/सहायक नोडल साइबर श्रीमती आस्था जायसवाल के पर्यवेक्षण में टीम ने जांच शुरू कर दी।

पिछले 11 वर्षों में हुए देश के चहुंमुखी विकास की यात्रा जारी रहेगी

# लकीर के फकीर नहीं बन सकते: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री बोले पीएम मोदी ने देश के अंदर डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि मौजूदा सरकार लकीर की फकीर नहीं बन सकती। पिछले 11 वर्षों में देश के चहुंमुखी विकास को दुनिया ने देखा है और यह विकास यात्र आगे भी जारी रहेगी। बाबू बनारसी दास विश्व. विद्यालय (बीबीडी) के दीक्षांत समारोह में छात्र छात्रओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते हैं।

आपने भारत की विकास यात्र को 11 वर्ष में देखा है और यह आगे भी जारी रहेगा। योगी ने कहा कि आज आप देखते होंगे कि स्पोर्ट्स लोगों के दिनचर्या का हिस्सा बनता जा रहा है, अखिलेश दास यूनियन कैबिनेट में जब थे, उस समय मुझे भी सांसद के रूप में देश की संसद में रहने का अवसर प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते है, आपने भारत की विकास यात्र को 11 वर्षों में देखा है, मोदी ने देश के अंदर डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाया।

योगी ने कहा कि अपने उन विभूतियों के प्रति जिनके नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित है उनके प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा का भाव हो। भारत की प्राचीन परपंरा में जब कोई स्नातक गुरुकुल से अपनी शिक्षा पूरी करके निकलता था, तो शिक्षक द्वारा सन्देश दिया जाता था कि ष्जीवन में सत्य बोलना और धर्म का आचरण करना। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के अंदर हमारी 56 फीसदी आबादी वर्कफोर्स है। प्रधानमंत्री ने 2020 में भारत को नेशनल एजुकेशन पालिसी दी। स्केल को स्किल से जोड़ने के लिए कारगर तरीके अपनाए गए। आपने देखा होगा रोबोटिक में भारत ने एक लंबी छलांग लगाई है। हमें भी प्रयास करने होंगे। सीवर के मैनहोल की सफाई करते हुए, जिसमें सफाईकर्मी अपना दम तोड़ देता है, हम तकनीक का उपयोग कर सकते है और मानव क्षति को कम कर सकते हैं।

### मां ने लगाई मासूम के जीवन की गुहार, योगी ने तत्काल कराई इलाज की व्यवस्था

**लखनऊ।** सोमवार की सुबह एक मां के जीवन में उम्मीद की किरण लेकर आया, जब वह 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए सात माह के मासूम की बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने महिला की बात सुनी और तत्काल उन्हें एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया। योगी के निर्देश पर हृदय संबंधी बीमारी से जूझ रहे बच्चे का इलाज शुरू हो गया। वहीं 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से 60 से अधिक फरियादी आए, मुख्यमंत्री ने सभी के पास पहुंचकर उनकी शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को समय से निराकरण का निर्देश दिया। लखनऊ के राजेंद्र नगर, ऐशबाग की रहने वाली एक महिला सोमवार सुबह मुख्यमंत्री आवास में लगाए गए 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे किराए के मकान में रहकर अत्यंत सीमित संसाधन में जीवनयापन कर रही हैं। उनके सात माह के मासूम को हृदय से संबंधित बीमारी है। उसके इलाज के लिए आर्थिक सहायता कर दी जाए। मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को दुलारा-पुचकारा और महिला को आश्वस्त किया कि आप बेफिक्र रहिए, सरकार मदद करेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को तत्काल एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया और वहां कुलपति को निर्देशित किया कि बच्चे के उपचार की तत्काल व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री के आदेश के उपरांत वहां मासूम का इलाज प्रारंभ हो गया है।

## बिहार में राजग की बंपर जीत उप्र में मचाएगी हलचल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सबसे पहले प. बंगाल और तमिलनाडु के चुनावों में सुनाई देगी बिहार के नतीजों की गूंज

**लखनऊ।** बिहार विस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ऐतिहासिक जीत का राजनीतिक असर अब उत्तर प्रदेश में भी महसूस किया जाने लगा है। दोनों राज्यों की जातिगत संरचना में समानताओं के चलते यह जीत प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर सकती है।

भाजपा के एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में गैर-यादव पिछड़ों (ओबीसी), अति पिछड़ों के राजग के साथ एकजुट होने से उत्तर प्रदेश में भी गठबंधन के मनोबल को बढ़त मिलेगी। हालांकि उत्तर प्रदेश में चुनावी मुकाबला अभी डेढ़ वर्ष दूर है, लेकिन बिहार के नतीजों की गूंज सबसे पहले पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के आगामी चुनावों में सुनाई देगी। बिहार के नतीजों पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विपक्ष की हार के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर के जरिए सियासी साजिश की गई, लेकिन चेतावनी दी कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और यूपी में अब यह 'चाल' सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी पीपीटीवी मॉडल के जरिए भाजपा की 'साजिशों पर नजर रखेगी'। इस बीच राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार के नतीजों से यूपी की जमीन पर कोई बड़ा बदलाव भले न दिखे, पर भाजपा की उम्मीदें जरूर बढ़ी हैं। खासकर तब जब 2024 लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा की सीटें 64 से घटकर 36 हुई थीं। कुछ विश्लेषक यह भी कहते हैं कि बिहार के नतीजे अखिलेश यादव को कांग्रेस के साथ गठबंधन पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। राजनीतिक विशेषज्ञ के मुता. बिक दोनों राज्यों में नेतृत्वकारी चेहरों बिहार के नीतीश कुमार और उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता राजग को मजबूत आधार देती है। नीतीश कुमार की 'सुशासन बाबू' छवि और महिलाओं में उनकी पकड़ को योगी आदित्यनाथ की सख्त कानून-व्यवस्था वाली छवि के समान माना जा रहा है। 2022 के यूपी चुनाव में भी योगी सरकार पर एंटी-इन्कम्बेंसी का असर नहीं दिखा था। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार चुनाव ने यह भी संकेत दिया कि बेहतर तालमेल और गठबंधन की मजबूती भाजपा, जेडीयू, एलजेपी (राम विलास) और आरएलएम कैसे भारी बहुमत दिला सकती है। इसी तर्ज पर यूपी में राजग के घटक भाजपा, अपना दल (एस), रालोद, निषाद पार्टी और सुभासपा यदि 2027 में संयुक्त रणनीति के साथ उतरते हैं, तो इसका उन्हें भारी लाभ मिल सकता है। दूसरी ओर, विपक्षी खेमे में चिंता की लकीरें गहरी हैं। अगर अखिलेश यूपी चुनाव में कांग्रेस का साथ छोड़ते हैं, तो अल्पसंख्यक मतों में आंशिक बिखराव का खतरा पैदा होगा। हालाकि इसकी संभावना नहीं के बराबर है, क्योंकि उन्होंने कहा है कि वह कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ेंगे। गौरतलब है कि 2024 लोकसभा चुनाव में इन्हीं गठबंधनों की वजह से यूपी में परिणाम उलटफेर वाले रहे जहां एनडीए 36 सीटों पर सिमट गया, वहीं इंडिया ब्लॉक 43 सीटों के साथ रिकॉर्ड बना गया। इसी जीत से विपक्ष को नया हौसला मिला है और वह 2027 के चुनाव को सीधी लड़ाई में तब्दील करने की रणनीति बना रहा है।

## शराब खरीद व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की कवायद तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री ने यूपी एक्साईज सिटिजेन एप का शुभारंभ किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने सोमवार को गन्ना संस्थान स्थित सभागार में 'यूपी एक्साईज सिटिजेन एप' का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग देशी शराब की दुकानों, कम्पोजिट दुकानों, माडल शॉप, प्रीमियम रिटेल वेन्ड्स एवं बार अनुज्ञापनों से मानक मदिरा/बीयर आदि की बिक्री कराए जाने हेतु दृसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में मदिरा/बीयर उपभोक्ताओं के प्रति पूर्ण पारदर्शिता प्रदर्शित करते हुए सर्वसुलभ 'यूपी एक्साईज सिटिजेन एप' तैयार किया गया है। यह एप गूगल प्ले स्टोर एवं ऐप्पल एप स्टोर पर उपलब्ध है। एप को किसी भी नागरिक/उपभोक्ता द्वारा अपने मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से किसी भी मदिरा की दुकान से विक्रीत मदिरा की बोतल/एसेप्टिक ब्रिक पैक/कैन आदि पर चस्पा एक्साइज एढेसिव लेबिल पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन कर संबंधित मदिरा की बोतल से संबंधित समस्त आवश्यक सूचनाएं देखी जा सकती हैं। बोतल के लेबिल पर छपे विवरणों तथा संबंधित फुटकर दुकान के विवरणों से इनका सत्यापन किया जा सकता है। आबकारी मंत्री ने कहा कि क्यूआर कोड स्कैन करते ही मोबाइल स्क्रीन पर ब्राण्ड का नाम व भरी हुई मदिरा की तीव्रता प्रदर्शित होने लगेगी, जिसमें बीयर, वाइन, एलएबी, व्हिस्की, वोदका, रम, जिन, देशी शराब, यूपीएमएल शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से पैकिंग टाइप (ग्लास बोतल/पेट बोतल/एसेप्टिक ब्रिक पैक) टेट्रा पैक)/कैन आदि को देखा जा सकता है।

## सौर ऊर्जा क्रांति की ओर यूपी, पीएम सूर्य घर योजना ने बदली तस्वीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पिछड़े और ग्रामीण इलाकों में पीएम सूर्य घर योजना नई उम्मीद बनकर उभरी है। सौर ऊर्जा आधारित इस योजना ने किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों के जीवन में आर्थिक राहत पहुंचाई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इस योजना के क्रियान्वयन में तेजी दिखाई है और राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में जगह बनाई है। अधिकृत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक दो लाख 75 हजार 936 घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इससे उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है और ऊर्जा निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आई है। स्थापना के मामले में यूपी गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है, जबकि कुल आवेदनों में प्रदेश दूसरे स्थान पर है। इस योजना का सबसे बड़ा प्रभाव छोटे व्यवसायों पर दिखाई दे रहा है। बिजली कटौती से पहले जहां वेल्डिंग, आटा चक्की, किराना स्टोर, नाई की दुकान और मोबाइल रिपेयर जैसी इकाइयां प्रभावित होती थीं, वहीं अब सौर ऊर्जा से इनके संचालन में रुकावट नहीं होती। लगातार बिजली उपलब्ध होने से इन व्यवसायों की आय स्थिर हुई है और रोजगार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।



सेंसेक्स 84478.67
निफ्टी 25879.15



सोना रु. 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 159000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार छठे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार छठे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दूसरे उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 388.17 अंक (0.46 प्रतिशत) की बढ़त से साथ 84,950.95 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 103.40 अंक यानी 26,013.45 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का दूसरा उच्चतम स्तर है।

गत 29 अक्टूबर को सेंसेक्स 84,997.13 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 26,053.90 अंक के अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था। मजबूत निवेश धारणा के कारण शेयर बाजारों में आज शुरू से ही तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.84 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचक.ांक 0.52 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बैंकिंग के साथ ऑटो, वित्त, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, आईटी और फार्मा समूहों के शेयरों में ज्यादा तेजी रही। एनएसई में कुल 3,253 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,651 के शेयरों में मजबूती दर्ज की गई, जबकि 1,523 के शेयर लाल निशान में रहे। वहीं 79 अन्य कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शयरों में तेजी और अन्य 10 में गिरावट देखी गई। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 1.94 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी में 1.34 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.26, महिद्रा एंड महिंद्रा में 1.11 और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टेक महिंद्रा में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। टाइटन, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, सनफार्मा, भारतीय स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक में भी उछाल देखा गया। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर सबसे अधिक 4.83 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, बीईएल, टाटा स्टील, अडानी पोर्ट्स, आईटीसी और टीसीएस के शेयरों पर भी दबाव रहा। वैश्विक स्तर पर बाजारों में गिरावट देखी गई। हांगकांग का हैंगसेंग 0.71 फीसदी, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 और जापान का निक्केई 0.10 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.36 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.05 प्रतिशत नीचे थे।

### कर संग्रह का लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने सोमवार को उम्मीद जताई कि मौजूदा वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। अग्रवाल ने यहां भारत मंडपम में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के दौरान सीबीडीटी के करदाता अलाउंज का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि चालू वित्त वर्ष में 1 अप्रैल से 10 नवम्बर तक प्रत्यक्ष कर संग्रह में 6.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हम लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन करदाताओं और व्यक्तियों के लिए ऑडिट किया हुआ रिटर्न भरने की आवश्यकता है, उनके लिए अंतिम तिथि 10 दिसम्बर है। उम्मीद है कि इस तारीख तक स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी और विभाग लक्ष्य हासिल करने में सफल रहेगा। आयकर रिफंड में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर अग्रवाल ने कहा कि जैसे-जैसे प्रक्रिया आगे बढ़ रही है लोगों को उनका रिफंड दिया जा रहा है। सीबीडीटी का प्रयास है कि पहले ही सारी चीज स्पष्ट कर ली जाए।

## एयर इंडिया चीन के लिए एक फरवरी से शुरू करेगी उड़ान



**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया अगले साल फरवरी से चीन के शंघाई के लिए उड़ान शुरू करेगी। एयर इंडिया ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह 1 फरवरी 2026 से दिल्ली से शंघाई के लिए उड़ान शुरू करेगी। यह सेवा सप्ताह में चार दिन मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को उपलब्ध होगी। दिल्ली से विमान दोपहर 12 बजे उड़ान भरेगा और स्थानीय समय के अनुसार रात 8:20 बजे शंघाई पहुंचेगी।

वापसी की उड़ान शंघाई से रात 10 बजे (स्थानीय समय के अनुसार) उड़ान भरकर अगले दिन तड़के 3:15 बजे दिल्ली उतरेगी। इसके अलावा मुंबई और शंघाई के बीच भी अगले साल उड़ान शुरू करने की उसकी योजना है। हालांकि इसके लिए अभी नियामकीय मंजूरियों का इतंजार है। मार्च 2020 के बाद इस साल अक्टूबर में भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें शुरू हुई हैं। उस समय कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए सरकार ने चीन से आने वाली और चीन को जाने वाली सभी उड़ानों पर रोक लगा दी थी। एयर इंडिया के नेटवर्क में शामिल होने वाला शंघाई 48वां अंतर्राष्ट्रीय शहर होगा। इस मार्ग पर एयरलाइंस बोइंग 787.8 विमान का संचालन करेगी। इसमें बिजनेस श्रेणी के 18 फ्लैट बेड और इकोनॉमी श्रेणी में 238 सीटें होंगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विलसन ने कहा कि दिल्ली और शंघाई के बीच उड़ानें दो महान राष्ट्रों, पुरातन सभ्यताओं और आधुनिक अर्थव्यवस्था के केंद्रों के बीच सेतु का काम करेंगी।

### राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित

**नई दिल्ली।** मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रलय के अंतर्गत पशुपालन और डेयरी विभाग ने पशुधन और डेयरी क्षेत्र के सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार (एनजीआरए) 2025 के विजेताओं की घोषणा यहां सोमवार को की।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दो पैन कार्ड....**

लिया गया। फैसला आने के बाद कचहरी परिसर में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया और आज़म खां को सजा सुनाए जाने के बाद उनके चेहरों पर मायूसी छा गई है। बताते चलें कि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मोहम्मद आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम के खिलाफ़ फर्जी पैन कार्ड बनवाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि मैं कुछ ज्यादा नहीं कहूंगा बस इतना ही कह सकता हूं कि आज़म खां को मिटाने के लिए पूरी ताक़त का इस्तेमाल किया जा रहा है और याद रहे ज़ुल्म फ़िर ज़ुल्म है बढ़ता है, तो मिट जाता है। फिलहाल दोनों को रामपुर की जेल में भेज दिया गया है।

**मदीना जा ....**

मदीना गए थे। वहीं 4 लोग मक्का में रुक गए थे। दुर्घटना वाली बस में 46 लोग सवार थे। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सऊदी अरब में भारतीय उमरा यात्रियों की बस दुर्घटना पर दुख जताया है। ओवैसी ने बताया कि उन्होंने हैदराबाद की दो ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क किया है और यात्रियों की जानकारी रियाद स्थित भारतीय दूतावास के साथ साझा की है। उन्होंने रियाद में भारतीय दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन (डीसीएम) अबू मैथन जॉर्ज से भी बात की। जॉर्ज ने उन्हें बताया कि स्थानीय अधिकारियों से जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही अपडेट दिया जाएगा। ओवैसी ने कहा कि मैं केंद्र सरकार से, खासकर विदेश मंत्री जयशंकर से अपील करता हूं कि शवों को जल्द ले जल्द भारत लाया जाए और घायलों को जरूरी चिकित्सा मुहैया कराई जाए। तेलंगाना सरकार ने कहा है कि वह रियाद में भारतीय दूतावास के संपर्क में है। राज्य सरकार की ओर से मारे गए लोगों को 5-5 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया गया है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे दूतावास से नजदीकी तालमेल बनाकर पीड़ितों की पहचान और अन्य औपचारिकताओं में मदद करें।

## पश्चिम बंगाल राजभवन में लाइव तलाशी अभियान का आदेश

कोलकाता, वार्ता

■ यह कदम भाजपा द्वारा अपराधियों को हथियार बांटने के विस्फोटक आरोप के बाद उठाया

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस के आरोपों के बीच अपने बाहरी दौरे को बीच में ही छोड़कर सोमवार को यहां राजभवन आए और वह पूरे राजभवन परिसर में अभूतपूर्व संयुक्त तलाश अभियान का स्वयं नेतृत्व करेंगे।

राजभवन के आधिकारिक एक्स हैंडल पर की गई घोषणा के अनुसार राज्यपाल ने पूरे राजभवन भवन और उसके परिसर की कई सुरक्षा तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया इकाइयों द्वारा गहन तलाशी लिए जाने के निर्देश दिए हैं। यह कदम तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी की ओर से राजभवन पर 'भारतीय जनता पार्टी अपराधियों' को हथियार बांटने के विस्फोटक आरोप के बाद बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है। राजभवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तलाश अभियान को सुगम बनाने के लिए आज राजभवन को पूरी तरह से खाली करा दिया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। मीडिया और नागरिक समाज के सदस्यों को भी परिसर में इस अभ्यास को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। राज्यपाल भवन की एक दुर्लभ, पूर्ण सुरक्षा जांच के रूप में वर्णित संयुक्त तलाशी अभियान, कोलकाता पुलिस, राजभवन पुलिस चौकी, सीआरपीएफ, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमों द्वारा चलाया जाएगा, जबकि आपदा प्रबंधन तथा नागरिक सुरक्षा विभाग भी अग्निशमन अभ्यास करके इसमें भाग लेंगे। यह नाटकीय घटनाक्रम श्री बोस और श्री बनर्जी के बीच बढ़ते टकराव के बाद सामने आया है। दरअसल शनिवार को मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के श्री बोस के बचाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि राजभवन भाजपा के 'अपराधियों' को पनाह दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह (श्री बोस) अपराधियों को वहां रख रहे हैं, उन्हें बंदूकें और बम दे रहे हैं और उन्हें तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला करने के लिए कह रहे हैं। बनर्जी ने राज्यपाल पर 'दिल्ली में अपने राजनीतिक आक.ाओं के गढ़े हुए भाषणों को दोहराने' का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि जब भी राज्यपाल 'झूठे बयान' देंगे, तृणमूल कांग्रेस पूरे राज्य में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएगी। अपने आरोपों को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि जब तक यह भाजपा का सेवक राज्यपाल बना रहेगा, पश्चिम बंगाल में कुछ भी अच्छा नहीं होगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दिशा की बैठक को गंभीरता से नहीं ले रहे अधिकारी

## जनपद के विधायकों ने भी किया किनारा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दिशा की बैठक को न तो अधिकारी गंभीरता से ले रहे हैं और न ही जनपद के विधायक भी इसके प्रति गंभीर हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना के सांसद चंद्रशेखर की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय के लिए एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर विधायक स्वामी ओमवेश, जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तौगी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

बैठक शुरू करने से पहले सांसद चंद्रशेखर आजाद एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास भवन परिसर स्थित डॉ. बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सांसद चंद्रशेखर ने बैठक के निर्धारित समय के बाद उपस्थित होने वाले अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि उनका स्पष्टीकरण तलब करें और असंतुष्ट जवाब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि त्रैमासिक आयोजित होने वाली इस महत्त्वपूर्ण दिशा की बैठक को गंभीरता से लें और नियत समय पर उपस्थित होते हुए दिए गए निर्देशों का सख्ती से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि यदि विभागीय अधिकारी उक्त बैठक में अनुपस्थित होने में असमर्थ है, तो अपने स्थान पर अधीनस्थ अधिकारी को नामित करते हुए उसकी सूचना पूर्व में ही मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराएं और अपने प्रतिनिधि को समस्त अद्यतन सूचनाओं के साथ बैठक में प्रतिभाग के लिए भेजें।

उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में कोई भी पात्र विधवा/निराश्रित महिला पेंशन के लाभ से वंचित न रहने पाए, उनको आच्छादित करने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में कैम्पों का आयोजन कर पात्रता के आधार पर लाभार्थियों का चयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जल जीवन मिशन ग्रामीण के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामों में पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़क की समुचित मरम्मत न कराए जाने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम एवं कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिकता के आधार पर सड़कों की मरम्मत का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने गांवों में निर्मित की जाने वाली सड़कों की सुरक्षा के दृष्टिगत घरों/घेरों का पानी सड़क पर छोड़ने वाले ग्रामीणों के विरुद्ध भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने नजीबाबाद एवं धामपुर शहर में बरसात के मौसम में कई दिनों तक जलभराव की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए नगर विकास के अधिकारियों के निर्देशित किया कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति उक्त शहरों अथवा किसी भी नगरीय क्षेत्र में न होने के लिए कार्य योजना बना कर शासन को प्रेषित करें और स्वीकृति के उपरांत तत्काल उसको धरातल पर उतारें ताकि शहरी क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति पर नियंत्रण स्थापित हो सके।

उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लटके तारों को सही कराएं और जहां भी जर्जर तार पाए जाएं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सही कराना सुरक्षित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने में अनावश्यक रूप से विलंब न करें। उन्होंने बैठक के दौरान शासन द्वारा संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं व कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ उनका लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। बैठक का संचालन जिला विकास अधिकारी सुश्री रचना गुप्ता के द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने सांसद को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

## बंद मकान से लाखों की चोरी

**नूरपुर।** नगर में चोरों का आतंक चरम सीमा पर है। चोरों को पुलिस का कोई डर नहीं है। चोर नगर में बड़ी से बड़ी घटना को अंजाम देकर निकल जाते हैं और पुलिस को कानों कान खबर नहीं होती। बीती रात्रि चोरों ने बंद पड़े मकान में लाखों की चोरी को अंजाम देकर नगर में दहशत पैदा कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला हजरत नगर निवासी रियाजुदीन पुत्र जमाल बख्श के घर को चोरों ने अपना निशाना बनाया। बंद पड़े मकान से चोरों ने लाखों रूपए की ज्वैलरी पर अपना हाथ साफ कर दिया। परिवार के लोग अपने किसी काम से बाहर गए हुए थे। चोरों ने मौके का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जब परिवार के लोग घर वापस लौटे तो उन्होंने देखा घर का सामना इधर उधर बिखराव हुआ पड़ा था। यह सब कुछ देख कर परिवार वालों के पैरों की जमीन खिसक गई। लाखों रुपए के जेवरात चोरी होने से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। घटना की खबर सुनकर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने बारीकी के साथ जांच की। पुलिस ने परिवार से तहरीर लेकर चोरी का खुलासा करने का भरोसा दिलाया है। नगर में अब तक दूसरी सबसे बड़ी चोरी है। नूरपुर पुलिस चोरी की घटना को खोलने में नाकाम नजर आ रही है। नगर में लगातार चोरी होने से दहशत का माहौल पैदा हो गया है।

## वाजिद अली को लगी गोली



**नजीबाबाद।** ग्राम कमालपुर खाई खेड़ी में एक व्यक्ति वाजिद अली (57 वर्ष) को दो व्यक्तियों द्वारा खेत पर काम करने के दौरान गोली मार दी गई। पुलिस को इस बात की सूचना प्राप्त हुई, तो मौके पर पहुंचकर घायल का उपचार करने हेतु अस्पताल भेजा गया। हालत गंभीर देखते हुए मेरठ रैफर किया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी राहुल कुमार ने कहा कि अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई। तहरीर प्राप्त होने कार्यवाही की जाएगी।

## मामूली कहासुनी में जमकर चले लाठी-डंडे

### आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** कस्बा झालू के मौहल्ला मिर्दगान में बीती शाम हुई कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। शमशाद पुत्र अब्दुल समद ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पड़ोसी अलीम पुत्र नसीर अहमद उर्फ कल्लू ने उसके भाई की पत्नी रुखसाना परवीन को गाली-गलौच की, जिसके बाद विवाद बढ़ गया।

शमशाद के अनुसार जब वह, उसके पिता अब्दुल समद और भतीजा जाकिर पुत्र बुन्दू विरोध करने पहुंचे तो अलीम के साथ सलीम पुत्र नसीर अहमद उर्फ कल्लू, फरीद पुत्र नफीस और रिजवान पुत्र इस्सार अहमद भी आ गए। आरोप है कि सभी ने मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान शमशाद के बुजुर्ग पिता अब्दुल समद गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े।

पीड़ित का कहना है कि हमलावर गाली-गलौच करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

घटना से क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। शमशाद ने थाने पहुंचकर तहरीर दी और आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। झालू चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता

## शाहनवाज खलील ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा शुरुआत के साथ एमएम इंटर कॉलेज के मैदान में किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा नेता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विकास राजपूत व कोतवाली ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व फीता काट कर किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि विकास राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि प्रमोद चौहान, चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

कोतवाली ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्राथमिक व जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने जमकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास राजपूत व जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रमोद चौहान, शेख शाहनवाज ने प्रमाणपत्र व ट्रॉफी प्रदान की। इस मौके पर बोलते हुए विकास राजपूत ने कहा कि खेल से केवल शरीर ही नहीं मन और मस्तिष्क का भी विकास होता है। स्वस्थ मनुष्य ही समाज के विकास में योगदान दे सकता है। इसलिए ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को ऐसे खेल आयोजनों के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। विशेष अतिथि शेख शाहनवाज खलील व प्रमोद चौहान ने परिषदीय विद्यालयों के खेल प्रतिभागियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए इन्हें सराहा। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए।

17 न्याय पंचायतों के खेल प्रतियोगी बच्चों ने अनुदेशकों के नेतृत्व में मार्च पास्ट के बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो आदि में प्राथमिक व जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने जमकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। क्रीड़ा प्रतियोगिता के सभी एथलेटिक्स इवेंट्स में बाल एथलीटों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में तनिष, 200 मीटर दौड़ मे प्रशांत, 400 मीटर दौड़ में अदनान, लंबी कूद में तनिष व गोला फेंक में ऋतिक ने प्रथम स्थान व जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में निक्की, 200 मीटर दौड़ में निक्की, 400 मीटर दौड़ में शगुन व लंबी कूद में निक्की ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्राथमिक बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में वंशिका, 100 मीटर दौड़ में हनुप्रीत, 400 मीटर दौड़ में मोहसिना, लंबी कूद में अंशिका ने व योगाभ्यास में कम्पोजिट विद्यालय शेखपुरा तुर्क के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में रूबल 100 मीटर दौड़ में ऋतिक, 200 मीटर दौड़ में मेराज व कबड्डी में मुनव्वरपुर सैद की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी वक्ताओं ने परिषदीय विद्यालयों के खेल प्रतिभागियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें सराहा।

बीईओ इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ शिक्षक अशोक कुमार के संचालन में आयोजित खेल प्रतियोगिता में पंकज सिंह, सचिन शर्मा, डॉ. विनोद शर्मा, व्यायाम शिक्षक राहुल त्यागी, जिलाध्यक्ष अटेवा उमेश राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष गर्वित चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष जूनियर डॉ. यशपाल सिंह, मनीष राणा, परवेज आदिल, आलमगीर काजमी, हिमांशु राजपूत, ओमकार सिंह, राहुल त्यागी, कमलिनी अग्रवाल, कामिनी दिवाकर, गजाला रुही, मीनाक्षी चौधरी, ओमकार सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

क्रीड़ा प्रतियोगिता के सभी एथलेटिक्स इवेंट्स में बाल एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया।

# तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह का शुभारंभ

## छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वीरा चैरिटेबल सोसाइटी के 31 वें तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह का भव्य आयोजन रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय बिजनौर के संयोजन में नेहरू स्टेडियम में किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि इमरान मसूद, सांसद सहारनपुर, कुंवर उदयन वीरा, सचिव वीरा चैरिटेबल सोसाइटी, कुंवरानी रुचि वीरा, सांसद मुरादाबाद एवं सचिव आरबीडी महिला महाविद्यालय श्रीमती स्वाति वीरा महाजन सचिव, केपीएस इंटर कालेज एवं सचिव रेडियो संदेश 89.6, बिजनौर, प्रवीण गुप्ता, मनोनीत सदस्य, वीरा चेरिटेबल सोसाइटी के सदस्य खुशनूद खां के द्वारा सामूहिक रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा पक्षियों को आकाश में उड़ाकर स्वतंत्र जीवन के महत्व को दर्शाया गया।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास को सशक्त बनाते हैं। उनके उद्बोधन के बाद विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों ने सुसज्जित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया तथा मंच के सम्मुख से गुजरते हुए मुख्य अतिथियों ने सलामी दी। तत्पश्चात छात्र- छात्राओं के द्वारा सामूहिक पीटी का सुंदर प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में छात्र- छात्राओं के द्वारा अतिथियों के सम्मान एवं स्वागत में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आरबीडी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, डीडीपीएस के छात्रों ने स्वागत गीत, आरजेपी के छात्रों ने देश भक्ति नृत्य, केपीएस की छात्राओं ने मिशन शक्ति नाटिका, वीरा इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम प्रस्तुत कर सभी अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि इमरान मसूद ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन में केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन, टीम वर्क और सकारात्मक सोच का आधार हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के व्यवसायीकरण के दौर में वीरा चेरिटेबल सोसाइटी बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रही यह अत्यंत गर्व की बात है।

उन्होंने वीरा चेरिटेबल सोसाइटी द्वारा दशकों से खेल और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की सराहना की और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इसी क्रम में कुंवरानी रूचि वीरा ने अपने कहा कि बिजनौर के बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए माननीय कुंवर सत्य वीर जी ने जो पौधा लगाया था, आज वह फल फूल रहा है। यह देख कर आज बहुत खुशी होती है। इसी के साथ उन्होंने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया तथा देश विदेश में बिजनौर का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी।

इसी क्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिनमें बालक बालिक. ाओं ने विभिन्न वर्गों में विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम प्राइमरी स्तर के बालकों के लिए 50 मीटर रेस का आयोजन किया गया, जिसमें आदित्य, आदर्श विद्या निक. ेतन इंटर कॉलेज शाहबाजपुर प्रथम, भार्गव सिंह डीडीपीएस बिजनौर द्वितीय तथा अबुजर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रेस सीनियर बालक वर्ग में पीयूष राज, आरजेपी इंटर कॉलेज, ने प्रथम, नितिन कुमार आरजेपी इंटर कॉलेज ने द्वितीय तथा सक्षम सिंह डीडीपीएस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग में प्राची सैनी केपीएस ने प्रथम, लक्ष्मी, गोमती कन्या इंटर कॉलेज जानसठ द्वितीय, सानिया, गोमती कन्या इंटर कॉलेज, जानसठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुपर सीनियर बालक वर्ग में आकाश कुमार, वीरा डिग्री कॉलेज, कुलवीर त्यागी, कुंवर सत्य वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज, अभय गुप्ता वीरा डिग्री कॉलेज ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुपर सीनियर बालिका वर्ग में ज्योति रानी, आरबीडी कॉलेज ने प्रथम, नियाशा तोमर, कुंवर सत्य वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज ने द्वितीय, आकांक्षा, आरबीडी कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागीयों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में आरजेपी इंटर कॉलेज के प्राचार्य कैप्टन बिशन लाल, डीडीपीएस के प्राचार्य राजीव थॉमस, केपीएस इंटर कालेज की प्राचार्या डॉ. संगीता गुप्ता, आदर्श बाल विद्या निकेतन, बिजनौर के प्राचार्य गिरी राज, वीरा इंटर कॉलेज, धर्मनगरी के प्राचार्य वाजिद हुसैन, प्रेमा सत्य वीरा कन्या इंटर कॉलेज, मंडावर की प्राचार्या श्रीमति संजू शर्मा, गोमती कन्या इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर की प्राचार्या श्रीमती ज्योति बाला, कुंवर सत्य वीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के प्राचार्य अमित बंसल, कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर के प्राचार्य महेंद्र सिंह कौरव एवं वीरा चेरिटेबल सोसाइटी के समस्त महाविद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ठाकुर अवनीश कुमार, मुनि देव शर्मा, मौहम्मद अता कौसर, संजीव राजपूत, मीडिया से अवनीश गौड़, राहुल राजपूत, मुशव्वर हुसैन, प्रवीण गर्ग, नसीम अहमद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सारिका, श्रीमती मुमताज, मनोज यादव, गयूर आसिफ ने किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में संयोजक रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं अन्य विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के समस्त कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## एक नजर

### खाई में गिरने से युवक की मौत



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम तुरतपुर में एक किसान के खेत में रह रहे मजदूर चमन सिंह पुत्र छज्जू निवासी ग्राम आलमपुर गांवड़ी कल देर शाम अपने रिश्तेदारी में ग्राम चकफेरी में गोद भराई के कार्यक्रम में गया था। देर रात वह खाना पीना खाकर पैदल ही वापस आ रहा था। जैसे ही वह नवाबपुर रोड पर नीमखाल की पुलिया के पास पहुंचा, तो रात में किसी समय पुलिया से टकराकर नीचे खाई में जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची अफजलगढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने बताया कि अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

### शिविर में 185 रोगियों का परीक्षण



**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनी निवासी शैलेंद्र सिंह के निवास पर आज सुबह परीलोक हॉस्पिटल के सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. बीके सिंह व डॉ. तृप्ति सिंह ने अपनी टीम के साथ 185 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही नि:शुल्क ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट एवं मशीनों द्वारा अस्थमा रोगियों की जांच की गई। सभी रोगियों को फ्री दवाइयों का भी वितरण किया गया। नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप को सफल बनाने में शैलेन्द्र सिंह, देवराज सिंह, राजबहादुर सिंह, दीपा, गायत्री, शिवांगी, अंजलि, मुस्कान, हिमांशु, विपुल चौधरी, विपुल सैनी, गजेन्द्र आदि का सहयोग रहा। इस मौके पर डॉ. बीके सिंह ने बताया कि नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगने से क्षेत्र के बेसहारा और गरीब परिवारों का समय रहते स्वास्थ्य परीक्षण और जांच होने से दवाइयां वितरित की जाती है, ताकि उनमें किसी प्रकार का गंभीर रोग हो, तो समय से उपचार हो जाए। यही सबसे बड़ी समाजसेवा होती है।

### बाइक की टक्कर से स्कूटी चालक घायल



**नगीना।** मंडी मौलगंज निवासी युद्धवीर सिंह पुत्र स्व. सरदार अजीत सिंह बड़ा मंदिर के पास से एक दुकान से किराने का समान खरीदकर जैसे ही मौलगंज जाने के लिए स्कूटी स्टार्ट कर चले ही थे कि तभी पीछे से मौहल्ला चौधराना में नहटौर से एक विवाह समारोह में सम्मिलित होने आए अरुण सैनी ने पीछे से आकर साइड से स्पलेंडर बाइक से उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। दोनों गाड़ियों की टक्कर होने से दोनों दुपहिया वाहन चालक जमीन पर गिर गए। दुर्घटना में सरदार युद्धवीर सिंह उर्फ जोधा सरदार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को एक निजी डॉक्टर के यहां भर्ती कराया।

### सर्प दिखाई देने से परिवार में दहशत



**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के ग्राम ढकौली निवासी ब्रह्मपाल सिंह के घर में एक सर्प दिखाई दिया। जिसको लेकर परिवार के लोग दहशत में आ गए। सूचना पर सर्प मित्र बी भास्कर मौके पर पहुंचे और उन्होंने रेस्क्यू करते हुए सर्प को पकड़ लिया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। रसैल वाइपर प्रजाति का सर्प बताया जा रहा है। सांपों के बारे में खास जानकारी रखने वाले आशुतोष भारद्वाज का कहना है कि रसैल वाइपर प्रजाति का सर्प जहरीला होता है। इसके काटने पर नाक, कान, मुंह, व पेशाब जैसे स्थानों से खून आ सकता है। इसके काटने के बाद तुरंत इलाज कराना चाहिए। सांप काटने के बाद झांड़ फूंक के चक्कर में न पड़े। रसैल वाइपर अक्सर खेतों में पाए जाते है। यह पीले व भूरे रंग का होता है। इसके काटने से सूजन व दर्द होता है।

### भाजपाईयों ने मनाया विजय उत्सव



**बिजनौर।** बिहार में एनडीए की शानदार विजय ने पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना दिया। इसी खुशी को साझा करने के लिए झालू निवासी मलखान चौधरी के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी और पार्टी नेतृत्व की नीतियों पर विश्वास दोहराया। भाजपा कार्यकर्ताओं में देखने लायक उत्साह था। सभी ने कहा कि यह जीत जनविश्वास की जीत है और विकासवादी राजनीति की स्वीकार्यता का प्रतीक है। कार्यकर्ताओं ने देश के राजनीतिक परिदृश्य पर एनडीए की जीत को सकारात्मक संकेत बताते हुए आगे भी जनहित की नीतियों को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश वर्मा, अजय चौधरी, महेंद्र चौधरी, नवीन सिंह, कपिल जोशी, विश्व हिंदू महासंघ जिला उपाध्यक्ष व भाजपा बूथ अध्यक्ष झालू अनुराग जोशी, नितिन चौधरी, मोहित चौधरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पार्टी की जीत का जश्न मनाया और भविष्य में संगठन को और मजबूत बनाने पर चर्चा की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# अफजलगढ़ में निकाली एकता पदयात्रा

## फूल बरसा कर किया स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** हरेवली में भाजपा के कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख व बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ देश के प्रथम केंद्रीय मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भारत एकता पदयात्रा निकाली।

रविवार की सुबह हरेवली में भारत एकता पदयात्रा शिव मंदिर के प्रांगण से ग्राम के मुख्य मार्ग से निकलती हुई लगभग तीन किलोमीटर क्षेत्र में पदयात्रा निकाली गयी। पदयात्रा ग्राम के मुख्य बाजार में संपन्न की गई। पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों ने फूलमाला व फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा का संचालन कार्यक्रम के संयोजक जयवीर पंचवाल ने किया। पदयात्रा में आए क्षेत्रीय लोगों को भोजन भी कराया। क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। पदयात्रा में शामिल जिला उपाध्यक्ष अरविंद गहलौत, दिनेश सैनी, अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह, कार्यक्रम संयोजक जयवीर पंचवाल, मंडल अध्यक्ष भीम सिंह सैनी, विजय सिंह चौहान, हेमपाल सिंह गुर्जर, राजा राम सिंह, सतीश कुमार मंडल अध्यक्ष, विनय कुमार, सहदेव भारद्वाज, जयप्रकाश सिंह, मोहन सिंह कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# मां केला देवी चैरिटेबल ट्रस्ट देगा राष्ट्रीय साहित्य कला सम्मान

## बैठक में कई प्रस्ताव पास

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** साहित्य, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत माँ केला देवी चैरिटेबल ट्रस्ट और इससे सम्बद्ध 'साहित्य कला सेवा संस्थान' ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। पिछले 35 वर्षों से विविध साहित्यिक व शोध गति. विधियों में निरंतर सक्रिय यह संस्थान अब राष्ट्रीय स्तर पर रचनात्मकता को सम्मानित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025 से नया सम्मान 'माहेखर सृजन शीर्ष सम्मान' प्रारम्भ करने जा रहा है।

संस्थान के मुख्य ट्रस्टी पूर्व सांसद डा. एलबी रावल ने बताया कि यह सम्मान उन साहित्यकारों व कलाकारों को दिया जाएगा, जिन्होंने अपने मौलिक और उत्कृष्ट कार्यों से साहित्यख्रकला जगत में विशिष्ट पहचान बनाई है। सम्मान के अंतर्गत चयनित व्यक्तित्व को एक लाख रुपये नकद, प्रशस्ति पत्र, उत्तरीय और विशेष स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले मुरादाबाद मंडल के एक पत्रकार को प्रतिवर्ष 51,000, प्रशस्ति पत्र, उत्तरीय और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदित किया जाएगा।

सम्मानों के लिए नामांकन व चयन प्रक्रिया तीन सदस्यीय समिति द्वारा पारदर्शी ढंग से पूरी की जाएगी। समिति सर्वसम्मति अथवा बहुमत से अंतिम निर्णय लेगी।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि यह पहल न केवल उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगी बल्कि धामपुर की साहित्य व कला क्षेत्र में पहचान को भी राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देगी।

## एक नजर

### दुकान के सामने गंदगी करने पर मारपीट



**नहटौर।** बीती देर सायं एसएनएसएम इंटर कॉलेज के ठीक सामने दो दुकानदारों के बीच विवाद होने पर मारपीट हो गई। बताया जाता है कि दुकानदार गांव फलोदी निवासी बिट्टू ने अपने पड़ोसी दुकानदार मुन्ना स्वीट हाउस के लड़कों से उसकी दुकान के सामने गंदगी नहीं फैलाने की बात कही थी। इसी को लेकर कहासुनी होने के बाद विवाद हो गया और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बीच बचाव कराया। सूचना पर थाना अध्यक्ष धीरज नागर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मारपीट की सूचना पर पहुंचे थे और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### झालू में विशाल भंडारे का आयोजन



**बिजनौर।** झालू कस्बे में पंजाब नेशनल बैंक के पास भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और भक्ति माहौल में स्वयं को सहभागी बनाया। भंडारे में हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रसाद वितरण के दौरान धार्मिक भजनों की ध्वनि और सेवा भावना ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। आयोजन स्थल पर व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही, जहां स्वयंसेवकों ने बड़े ही विनम्र भाव से श्रद्धालुओं का स्वागत और सेवा की। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ज्ञानेश्वर सिंह, जिला सह धर्मप्रसार प्रमुख, विश्व हिन्दू परिषद् बिजनौर ने सभी भक्तों एवं सहयोगियों का हार्दिक आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सौहार्द, भाईचारा और आत्मिक शांति का संदेश जाता है। स्थानीय लोगों ने भी इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि भंडारे ने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक और धार्मिक ऊर्जा का संचार किया।

### छात्राओं ने बनाए मनपसंद व्यंजन



**बिजनौर।** जिला मुख्यालय पर शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर की छात्राओं द्वारा बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ ही मनपसंद व्यंजन बनाकर मेले में स्टाल लगाए गए। मेले में लगे स्टालों को देखकर प्रबंधक विजेंद्र सिंह, अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, पत्रकार आलोक भारद्वाज एवं प्रधानाचार्या श्रीमती मीरा रानी ने छात्राओं की कला की जमकर प्रशंसा की। शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने मनपसंद व्यंजनों का जमकर आनंद लिया। बाल दिवस पर छात्राओं द्वारा गायन, भाषण एवं सुंदर भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को अनुशासन, शिक्षण कार्य, उपस्थिति एवं उनकी कार्य कुशलता के लिए प्रबंधन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। प्रबंधक विजेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानाचार्या मीरा रानी के निर्देशन में कॉलेज निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है, जिसके लिए समस्त स्टाफ प्रशंसा का पात्र है। डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने सभी शिक्षिकाओं का आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन, खेलकूद एवं अन्य कलाओं के प्रति जागरूक करते रहना चाहिए। समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभाओं को सम्मानित करना भी हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

### आरवीआईटी में फ्रेशर पार्टी उदभव

**बिजनौर।** आरवीआईटी में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रथम वर्ष के छात्रों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रंगारंग प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया तथा अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वन्दना एवं संस्थान के प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल, तकनीकी पाठ्यक्रम के निदेशक डा. नितिन अग्रवाल, फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डा. हितेश कुमार, संस्थान के रजिस्ट्रार विपिन कुमार व सभी विभागाध्यक्ष ने दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा नृत्य, गायन व नाटक आदि रंगारग कार्यक्रमों का दौर चला। इसके बाद रैम्प वॉक का कार्यक्रम किया गया, जिसके बाद आर्यन डवास (बी.फॉर्मा प्रथम वर्ष) को मिस्टर फ्रेशर और मनुष्का (बी.टेक कम्प्यूटर सांइस प्रथम वर्ष) को मिस फ्रेशर का खिताब दिया गया। सागर पाल (बीसीए प्रथम वर्ष; को मिस्टर कोस्टुयम और वायजा नूर (बीबीए प्रथम वर्ष) को मिस कोस्टुयम का खिताब दिया गया। संस्थान के आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के निदेशक डा. हितेश कुमार ने अपने विचार छात्र-छात्राओं के समक्ष रखे। उन्होंने छात्रों को कौशल ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान का भी महत्व बताया तथा।

# सीओ ने पुलिस बल के साथ नगर में किया पैदल गश्त



शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने सोमवार की रात स्थानीय पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने वाहन चैकिंग अभियान भी चलाया।

सीओ का उद्देश्य नगर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना और आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करना था। उन्होंने पहले नगर के मुख्य मार्गों से पैदल गश्त निकालकर लोगों को सुरक्षा का आश्वासन दिया। पैदल गश्त के बाद वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। क्षेत्राधिकारी नगीना ने बताया कि कस्बे के मुख्य मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गई। वही शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर में पैदल गश्त किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान उनके साथ थाना प्रभारी अवनीत मान के अलावा कई उपनिरीक्षकगण भी मौजूद रहे।

# यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई

## मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रेहड़।** माह दिसंबर को यातायात माह के रुप में मनाने व छात्र-छात्राओं को इस अभियान से जोड़ने के लिए आज भूतपूर्व सैनिक आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्लूवाला में सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार की अध्यक्षता एवं थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह राठी के संचालन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों तथा कानूनों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और समस्त छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। सीओ आलोक कुमार ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन न करने की वजह से सड़कों पर दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है, जिसमें तमाम लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। इसलिए समस्त दुपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाकर वाहन चलाएं और उस पर दो ही व्यक्ति सवार हों। फोर व्हीलर चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नशे की हालत और ओवर स्पीड में वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबा. इल का प्रयोग न करें। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने मिशन शक्ति एवं साइबर क्राइम आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी देकर समस्त छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से भी मिशन शक्ति, साइबर क्राइम आदि की जानकारी देकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

उधर दूसरी ओर ग्राम पंचायत कल्लूवाला में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा व साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने अपील की, कि छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में पीड़ित तुरंत पुलिस से संपर्क करें और बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज करायें। इस दौरान सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार, थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी, उप निरीक्षक सोनू कुमार, महिला आरक्षी पूजा रानी आदि मौजूद रहे।

# संजय शर्मा व डॉ. सत्येंद्र शर्मा के सम्मान में समारोह

## पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर होगा भव्य कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा मुरादाबाद मंडल द्वारा विगत नौ नवंबर को आयोजित मंडलीय सम्मेलन में बागेश नंदन कौशिक को प्रदेश सचिव, संजय शर्मा एड. को मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष एवं डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस को बिजनौर का जिला अध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष पंडित त्रिभुवन शर्मा, राष्ट्रीय सचिव शिक्षाविद पंडित मुनेश चंद्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा आचार्य तथा प्रभारी पंडित ब्रह्मानंद शर्मा आदि पदाधिकारियों की उपस्थिति में मंडल के अन्य जिलों के भी जिला अध्यक्ष चुने गए। सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए गए थे।

इसी क्रम में बिजनौर जिला अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने कल आर्य समाज बिजनौर के सभागार में ब्राह्मण समाज की बैठक बुलाकर कार्यकारिणी गठित करने पर सुझाव लिए। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य सुबोध चंद शर्मा एवं संचालन राकेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विप्र बंधुओं ने संजय शर्मा एड. एवं डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के मनोनयन पर उनका फूल मालाओं से स्वागत करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज को एकजुट करने और समाज का उत्थान करने में प्रदेश इकाई द्वारा यह शुभ अवसर दिया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार पंकज भारद्वाज ने कहा कि हमें मासिक बैठकों के आयोजन पर यज्ञ एवं पूजा पाठ आदि भी करने चाहिए ताकि ब्राह्मण समाज और अधिक जागरूक हो सके। अन्य वक्ताओं में मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा एड., जिला महामंत्री डॉ. यतेंद्र शर्मा, पंडित राजेंद्र शर्मा, डॉ. रोशन लाल शर्मा, पत्रकार अवनीश गौड़, आलोक भारद्वाज, सुनील शर्मा, अजय वशिष्ठ, महेश चंद शर्मा, डॉ. दीपक शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, अम्बरीष शर्मा, गणेश ठाकुर एड., अनुपम शर्मा, रामप्रीत आदि ने ब्राह्मण समाज को एकजुट करने के लिए अधिक से अधिक बैठकों का आयोजन और संपर्क अभियान पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने बताया कि आगामी 25 दिसंबर 2025 को जिला स्तर पर अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विचार गोष्ठी एवं ब्राह्मण समाज की विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में सदस्यता प्रपत्रों, संदेश रूपी कलेंडर्स का वितरण तथा ज्ञानोदय ब्रह्म दिग्दर्शिका का विमोचन भी किया जाना है। इसी दौरान जिला कार्यकारिणी एवं तहसील अध्यक्षों की घोषणा की जाएगी। आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में जिला स्तर पर बैठक का आयोजन किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे पंडित सुबोध चंद शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आज समय की मांग को देखते हुए ब्राह्मण बंधुओं को हर क्षेत्र में अग्रसर होना चाहिए। इसके लिए हम सबको एकजुट होने और जागरूक होने की आवश्यकता है। अपनी संतानों को उच्च शिक्षा ग्रहण कराते हुए संस्कार वान बनाकर यह सब संभव होगा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित ब्राह्मणों ने नई बस्ती बिजनौर निवासी श्रीमती उषा देवी पत्नी स्व. लक्ष्मी चंद शर्मा एवं पंडित चंद्रप्रकाश शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त कर दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिजनों के लिए साहस व धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# राजकीय इण्टर कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** यातायात माह के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु एक व्यापक यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों द्वारा उपस्थित 400 विद्यार्थियों, 12 शिक्षकगण एवं स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा पैदल चलने वालों की सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। वाहनों पर रिफ्लैक्टर लगाये गये। उपस्थित चालकों से यातायात नियमों का पालन कर अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारीगण व कर्मचारीगण में राहुल कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक, उ.नि. सौरभ सिंह आदि मौजूद रहे।

# झालू में सड़क पर मिला 16 फीट का विशाल अजगर



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिजनौर।** झालू कस्बे से मुकरंदपुर मार्ग पर निपेन्द्र सिंह के कुएं के पास अजगर दिखने से हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही भाकियू नगर अध्यक्ष कामेंद्र सिंह ने तुरंत वन विभाग के रेंजर महेश गौतम से संपर्क किया। रेंजर महेश गौतम ने बिना समय गंवाए टीम को मौके पर भेजा और स्वयं स्थिति की निगरानी करते रहे। वन विभाग की टीम ने रेंजर महेश गौतम के निर्देशन में पूरी सावधानी के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया और कुछ ही देर में अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने रेंजर महेश गौतम और उनकी टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। अजगर की लंबाई लगभग 16 फीट बताई जा रही है, जो इस क्षेत्र में पाए जाने वाले सर्पों में काफी बड़ी मानी जाती है। वन विभाग अब अजगर को सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की प्रक्रिया में है।

# स्वच्छता अभियान से नगीना होने लगा क्लीन

## पालिका के वाहन घर-घर जाकर कर रहे कचरे का कलेक्शन




शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** नगर की साफ-सफाई व्यवस्था के लिए नगर पालिका द्वारा घर-घर कचरा कलेक्शन शुरू किया गया है। जिसके चलते नगर पालिका के टिपर वाहन घर-घर जाकर लोगों से कचरा संग्रहित करते हैं। इसके बाद कचरे को वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम से प्रयोग में लाया जाता है।

नगर पालिका में तैनात सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा ने बताया कि इस प्रक्रिया के अच्छे परिणाम भी सामने आने लगे हैं। लोगों का कहना है कि पहले सड़कों के आसपास कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग जाते थे, जिससे यह कचरा आवारा मवेशियों द्वारा सड़कों पर फैला दिया जाता था। इसके अलावा लोग अपने घरों के आसपास की खुली पड़ी नालियों में कचरा डाल देते थे, जिससे नालियां चोक हो जाती थीं।

नई व्यवस्था लागू होने के बाद लोगों को उनके घर से ही कचरा एकत्रित किया जाता है। नगर पालिका का वाहन जैसे ही सायरन बजाकर वार्डों में पहुंचता है तो लोग अपने घरों से निकलने वाला कचरा लेकर बाहर आ जाते हैं और वाहन में डाल देते हैं। वाहन में गीला व सूखे कचरे के लिए दो अलग-अलग टैंक बने हैं। वर्तमान में नगर के 25 वार्डों में 55 सफाई कर्मचारी तैनात हैं।

कई वार्डों में मुख्य सड़कों के आसपास ही सुबह से शाम तक कचरा डला रहता था। लेकिन टिपर वाहन आने से इस समस्या से काफी हद तक निजात मिल गई है। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगीना नगर को नंबर-वन बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा बीते दो साल से लगातार कवायद चल रही है। यही कारण है कि नगर पालिका अपने संसाधनों को बढ़ा रही है ताकि सफाई व्यवस्था को बेहतर किया जा सके। इसके अलावा दूसरी ओर घर-घर से कचरा कलेक्शन के लिए नगर पालि. का कर्मचारियों द्वारा लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है।

नगर के लोगों ने बताया कि जब से नगर में टिपर वाहन शुरू हुए हैं तब से सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ है। दूसरी ओर लोगों को अब कचरा फेंकने के लिए दूर तक नहीं जाना पड़ता, बल्कि उनके घर से ही कचरा एकत्रित किया जा रहा है। जिन संकरी गलियों में वाहन नहीं पहुंच पा रहा है वहां पर हाथठेला-ट्रॉलियों से कचरा एकत्रित किया जा रहा है।

# सांप ने काटा तो उसे जिंदा पकड़ कर ले गया शख्स

## हॉस्पिटल में मचा हड़कंप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** एक युवक को सांप ने काट लिया। लेकिन उसने घबराने के बजाय हिम्मत दिखाते हुए सांप को पकड़ा और उसे लेकर सीधे अस्पताल पहुंच गया। युवक को सांप के साथ देखकर मेडिकल स्टाफ भी चौंक गया।

यह मामला स्योहारा क्षेत्र के जो. शियान मौहल्ला का है। यहां के रहने वाले गौरव कुमार नाम के शख्स को एक सांप ने काट लिया। आमतौर पर, ऐसी स्थिति में लोग घबरा जाते हैं और तुरंत मदद की तलाश करते हैं, लेकिन मामले में गौरव ने कुछ ऐसा किया जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले में शख्स ने खतरनाक कदम उठाते हुए जिंदा सांप को पकड़ लिया। इसके बाद युवक उसे लेकर स्योहारा के सरकारी अस्पताल पहुंचा। गौरव जब अस्पताल पहुंचा और वहां मौजूद डॉक्टर व कर्मचारियों को बताया कि उसे सांप ने काट लिया है और उसने काटने वाले सांप को भी साथ लाया है, तो अस्पताल परिसर में मौके पर हड़कंप मच गया। डॉक्टरों ने तत्काल गौरव कुमार का इलाज शुरू कर दिया है। जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मामले को लेकर डॉक्टरों का कहना है कि सांप की प्रजाति जानने के बाद इलाज में आसानी होती है। युवक के इस साहस और अजीबोगरीब घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग भी अस्पताल पहुंच गए। यह मामला अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। डॉक्टरों ने सभी लोगों से अपील की है कि सांप काटने की स्थिति में डरने के बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें और किसी भी तरह की लापरवाही से बचें।

# कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, एण्ड हॉस्पिटल में आयोजित ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम के पांचवें दिन विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारम्परिक रूप से द्वीप प्रज्वलन एवं धनवन्तरी वन्दना के साथ हुआ।

इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थापक राजीव कुमार एवं अध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर वैद्य संदीप एवं डीन एकेडिमिक डॉ. विशाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बी.एस. संधू पूर्व प्रो. एवं एचओडी कार्यचिकित्सा विभाग कृष्णा आयुष यूनीवर्सिटी, कुरुक्षेत्र और डॉ. आशीष मेहता प्रिन्सीपल इंचार्ज व डीन पीएचडी कृष्ण आयुष यूनीवर्सिटी, कुरुक्षेत्र की उपस्थिति रही। जिन्होंने अपने प्रेरक विचारों और अनुभवों से छात्रों का मार्गदर्शन किया। सत्र के दौरान अतिथियों ने आयुर्वेद की गहन अवधारणाओं और होलिस्टिक हीलिंग में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद केवल उपचार प्रणाली नहीं, बल्कि एक व्यापक जीवनदर्शन है, जिसका वैश्विक स्तर पर तेजी से विस्तार हो रहा है। अतिथियों ने छात्रों को आयुर्वेद के व्यापकता को भी समझाया, जिसमें- क्लिनिकल प्रैक्टिस, पंचकर्म विशेषज्ञता, रिसर्च एवं वैज्ञानिक अध्ययन, फार्मास्यूटिकल्स और औषध निर्माण, हॉस्पिटल एवं वेलनेस सेंटर मैनेजमेंट, योग-आयुर्वेद आधारित हेल्थ काउंसलिंग, सरकारी सेवाओं एवं प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के अवसर - जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों का विस्तृत उल्लेख किया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में आयुर्वेदिक चिकित्सा, मोर्डन इन्ट्रोगेटिव,परोचिस और लाईफ स्टाइल मेडिसिन की मांग और भी बढ़ेगी, इसलिए छात्रों को अपनी दक्षता, व्यावहारिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखना चाहिए। सत्र में बीएएमएस 2025-26 बैच के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और आयुर्वेदिक सिद्धांतों, अध्ययन पद्धतियों और करियर अवसरों से जुड़े प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक मंडल द्वारा किया गया तथा अंत में मुख्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित डायरेक्टर/प्रिंसीपल वैद्य संदीप सर ने छात्रों को जीवन में सर्वश्रेष्ठ की परिभाषा बताई। तथा कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. निशा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ. शलिनी, डॉ. अजीत, डॉ. इमरान, डॉ. शुभ्रांग, डॉ. भावना एवं डॉ. सुनीता ने अपना योगदान दिया। ट्रांजिशनल करिकुलम के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विविध शैक्षणिक और प्रायोगिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# बाप ही निकला बेटे का कातिल

## आरोपी गिरफ्तार, हत्या के बाद रचा था गुलदार से हमले का षड्यंत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** बेटे की हत्या का आरोपी उसका बाप ही निकला। जिसके बाद पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फावला और एक देशी तमंचा बरामद किया है। हत्यारोपी अपनी पुत्रवधु पर बुरी नजर रखता था, जिस कारण उसने अपने पुत्र को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या कर दी।

नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम तिसोतरा निवासी सुभाष तोमर का पुत्र सौरभ कुमार (30 वर्ष) 12 नवंबर की दोपहर को घर से गायब हो गया था। 14 नवंबर को उसके पिता सुभाष तोमर ने उसकी गुमशुदगी नांगल थाने में दर्ज कराई थी। जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। 15 नवंबर की सुबह मृतक सौरभ के पिता सुभाष तोमर ने पुलिस को सूचना दी कि उसके पुत्र को गुलदार ने मार दिया है, जिसका शव उसके गन्ने के खेत में पड़ा है, लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही सुभाष तोमर अपने पुत्र का शव उठाकर अपने घर ले आया।

पुलिस के घर पहुंचने पर वह कोई भी कार्रवाई नहीं करने पर अड़ गया और पुलिस से कहने लगा कि उसके पुत्र को गुलदार ने मारा है, वह इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं चाहता है, लेकिन मृतक की गर्दन पर गहरा जख्म का निशान था, जिस कारण पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराना चाहती थी ताकि उसकी मौत का सही कारण पता चल सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में उसकी हत्या किसी धारदार हथियार से होने की पुष्टि हुई।

इस मामले में मृतक की पत्नी मोंटी ने 17 नवंबर की शाम हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद से पुलिस हत्या के खुलासे के प्रयास में जुट गई। इस मामले में पुलिस ने मृतक के पिता सुभाष तोमर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावला और एक देशी तमंचा बरामद किया है।

नांगल थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक ने बताया कि आरोपी सुभाष अपनी पुत्रवधू पर बुरी नजर रखता था, जिस कारण उसने अपने पुत्र को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। 12 नवंबर की दोपहर लगभग 3 बजे सौरभ अपने गन्ने के खेत पर गया था। उसका पिता सुभाष तोमर भी उसके पीछे ही अपने खेत पर पहुंच गया। उसने सौरभ को मारने के लिए तमंचे से फायर कर दिया, लेकिन गोली उसके कनपटी के पास से निकल गई, फिर उसने पास रखे फावले से सौरभ पर हमला कर दिया और फावला उसकी गर्दन पर मार कर हत्या कर दी और उसके गुम होने का नाटक रच दिया। शव मिलने पर हत्या का राज छुपाने के लिए गुलदार से हमले का नाटक करने लगा।

## हवन यज्ञ में आहुतियां देने से होती है वातावरण की शुद्धिः शास्त्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** वैदिक प्रचार समिति द्वारा चार दिवसीय 41 वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में दूसरे दिन हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई।

टीचर कॉलोनी स्थित सत्य धाम धर्मशाला में कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रातः 8:00 बजे से जनकल्याण हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। यज्ञ आचार्य वीरेंद्र शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा कराया गया। आचार्य वीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हवन यज्ञ में आहुतियां देने से वातावरण की शुद्धि होती है और देवता प्रसन्न होते हैं और सुख समृद्धि प्रदान करते हैं। यज्ञ के मुख्य यजमान हरिराज सिंह उनकी धर्मपत्नी अनीता रानी, सोहनलाल शर्मा धर्मपत्नी नेहा शर्मा, डॉ. दिनेश कुमार धर्मपत्नी आदेश कुमारी एवं रेखा रानी आदि रहीं। हवन यज्ञ के बाद पंजाब से पधारे पंडित राजेश अमर प्रेमी एवं रमन आर्य द्वारा अपने मधुर कांड से भजन सुनाए गए। कार्यक्रम में शलभ अग्रवाल, अरुण भटनागर, सुशील कुमार, सिल्लू, लव गोयल, सत्येंद्र शर्मा, आलोक आर्य, मीनू आर्य, ओमप्रकाश भोला, अनिल कश्यप, देवेंद्र अग्रवाल, डा. राजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### एक नजर

## मयंक ने जीता कुश्ती में स्वर्ण पदक




**चांदपुर।** 16 नवंबर को महाराजा हरिशचंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरादाबाद में आयोजित अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर-स्याऊ के तृतीय सेमेस्टर के होनहार छात्र मयंक कुमार पुत्र राजवीर सिंह ने 61 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित कर दिया है। मयंक कुमार ने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट समर्पण और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए 61 किलोग्राम भार वर्ग में अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ कर यह सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। उनकी यह जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है बल्कि गुलाब सिंह हिन्दू (पीजी) कॉलेज चांदपुर के लिए भी एक ऐतिहासिक क्षण है। उनकी यह उपलब्धि दर्शाती है कि गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो. साधना समस्त शिक्षकगण, खेल विभाग और कर्मचारियों ने मयंक कुमार को उनकी इस अभूतपूर्व सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य और आगामी प्रतियोगिताओं में निरंतर सफलता की कामना की है।

## शिविर में 58 रोगियों की जांच



**स्योहारा। ग्राम** अलादीनपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. बीके स्नेही के नेतृत्व में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 58 रोगियों की जांच की गई, जिनमें अधिकांश मरीज सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार और त्वचा रोग से पीड़ित पाए गए। डा. स्नेही के नेतृत्व में करीब 12 सदस्यीय चिकित्सा टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं एवं परामर्श प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बदलती दिनचर्या और अनुचित खानपान के कारण हृदय रोग के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। शिविर में लोगों को हृदय रोग से बचाव समय पर उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर का हृदय रोग से सीधा संबंध है। सीने में दर्द बाएं हाथ में, दर्द, जी मचलना, अनायास पसीना, आना घबराहट ये सभी हृदय रोग के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षणों के दिखने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेना आवश्यक है। शिविर में मौजूद मेडिकल टीम में डा. राकेश कुमार, डा. श्वेता सिंह, डा. तृप्ति पांडे, सुमित कुमार उमेश कुमार, चित्रा चौहान, वीर सिंह, राजेश कुमार, हरीश कुमार, दीपक, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

## नगर कीर्तन का जोरदार स्वागत



**राजा का ताजपुर।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में सिख संगत द्वारा गुरुबाणी कीर्तन दरबार सजाया गया तथा पंज प्यारों की अगुवाई में भव्य नगर कीर्तन सर्वधर्म सदभाव के बीच बड़ी ही धूमधाम से निकाला गया। गुरुबाणी कीर्तन दरबार में पंजाब से पहुंचे रागी भाई कुलविंद्र सिंह, बाबा हरजिंदर सिंह, भाई गौतम सिंह ने संगत को गुरुबाणी कीर्तन से निहाल किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने जगह जगह जलपान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में चेयरमेन डा. एमपी सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष महबूब आलम, जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया, वरिष्ठ बसपा नेता डा. शमशाद अहमद, व्यापारी नेत्री आलिशा हुसैन सिद्दीकी, हाजी शमशाद फरीदी, पूर्व ग्राम प्रधान अशोक त्यागी, पूर्व प्रधान सुरेश कुमार सैनी, आरकेएसएम के प्रबंधक बलराम सिंह, समाजसेवी मकसूद ठेकेदार, सत्येंद्र कुमार आर्य, डॉ. अरुण अग्रवाल, संघ चालक डा. रोहिताश सिंह, जितेन्द्र कुमार, अंकित शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, होरी सिंह त्यागी, डा. राजपाल सिंह, कमरुल हाफिज सिद्दीकी, सुमित शर्मा, गुरु घर के सेवादार सुरजीत सिंह लक्की, समेन्दर सिंह भंडारी, जिला गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान राजेन्द्र सिंह प्रिंस, अमरजीत सिंह एडवोकेट, त्रिलोचन सिंह, जसपाल सिंह रवि, नईम अहमद एडवोकेट, डा. फहीमुद्दीन अंसारी, जमील अहमद एडवोकेट, डा. आयुष दिवाकर आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुरुप्रीत सिंह नूर ने किया। नगर कीर्तन का नेतृत्व नानक सिंह, सुरेंदर सिंह, सतनाम सिंह, सेवा सिंह, कमलजीत सिंह नूर, सतवीर सिंह, गुरुदयाल सिंह, सतवेंदर सिंह गुजराल, हरजीत सिंह, रवि, जैकी, प्रभुजोत सिंह बादल, सचिन आदि ने किया। मुस्लिम समाज, गुरु रविदास कमेटी ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। गुरुद्वारा साहिब पहुंचने पर आतिशबाजी की गई। नगर कीर्तन का मुस्लिम मौहल्ला में फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

## गुरमुख परिवारों को किया सम्मानित



**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आयोजित सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत उन सभी गुरमुख परिवारों को सम्मानित किया गया। जिनके द्वारा गुरु घर के कार्यों और कार्यक्रमों के अलावा वर्तमान में चल रहे नवम गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350 वे शहीदी शताब्दी कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान देते हुए समर्पित भूमिका प्रदर्शित की जा रही है। गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट और सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला आदि सहित अन्य पदाधिकारियों के कर कमलों द्वारा सम्मानित होने वाले इन गुरमुख परिवारों में गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के संरक्षक सरदार शरणागत सिंह खालसा, बीबी निर्मल कौर खालसा, सरदार गुरमीत सिंह मोगा एवं बीबी हरमीत कौर मोगा, सरदार तनप्रीत सिंह मोगा एवं बीबी मनमीत कौर मोगा, सरदार गुरप्रीत सिंह मोगा एवं बीबी मनदीप कौर मोगा के अलावा गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के संरक्षक सरदार कुलदीप सिंह मोगा, सरदार सुरेंद्र सिंह मोगा एवं बीबी मनजीत कौर मोगा, सरदार सरबजीत सिंह मोगा एवं बीबी परविंदर कौर मोगा, सरदार सिमरनजीत सिंह मोगा, गुरु घर की समर्पित एवं निष्ठावान सेविका बीबी राजेंद्र कौर तथा विश्व सिमरन दिवस के अवसर पर पिछले कई वर्षों से सेवा कार्यों की निरंतरता बनाए रखने और गुरु घर के प्रत्येक कार्य एवं कार्यक्रम में समर्पित योगदान देने वाले सरदार बलजीत सिंह गांधी जोगा तथा बीबी कुलजीत कौर गांधी, सरदार सतनाम सिंह गांधी एवं बीबी अमनदीप कौर गांधी, सरदार अमृतदीप सिंह गांधी आदि अनेक गुरमुख परिवार शामिल रहे। गुरु महाराज के प्रसाद एवं आशीर्वाद के रूप में सरोपा भेंट करके सम्मानित किया गया।

### एक नजर

## यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



**चांदपुर।** थाना हीमपुरदीपा क्षेत्र स्थित हेजलमून स्कूल में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों द्वारा उपस्थित लगभग छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सावधानियां बरतने हेतु हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा सुरक्षित ड्राईविंग के महत्व के सम्बंध में जानकारी दी। पुलिस क्षेत्रधिकारी देश दीपक वर्मा के कुशल नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साईबर क्राईम के विभिन्न रूपों, ऑनलाईन ठगी से बचाव के प्रति जागरूक किया। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बंन हेतु संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम में जय भगवान सिंह थानाध्यक्ष हीमपुर दीपा, उपनिरीक्षक मुन्नी राठी आदि उपस्थित रही।

## भाकियू बिजली घर पर धरना



**नांगल सोती।** भाकियू लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने बिजली की अनेक समस्याओं को लेकर बिजली घर पर धरना दिया। भाकियू लोकशक्ति जिलाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में किसान बिजली की कई समस्याओं को लेकर सौफतपुर बिजली घर पहुंचे और बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश दिखाते हुए धरने पर बैठ गए। यहां पहुंचकर किसानों ने बिजली विभाग के अफसरों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। सूचना पर उपखंड अधिकारी राहुल यादव मौके पर पहुंचे। किसानों ने उपखंड अधिकारी राहुल यादव से कहा कि बिजली की समस्याओं को 2 माह पूर्व सौफतपुर बिजली घर पर कई दिन तक धरना चलाया गया था, जिसमें बिजली विभाग के अफसरों ने सभी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया था, लेकिन 2 माह बीत जाने के बाद भी किसी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके साथ ही बिजली विभाग के कर्मचारी किसानों और ग्रामीणों को धमकाने का काम कर रहे है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपखंड अधिकारी राहुल यादव ने धरनारत किसानों को सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसान मान गए और धरना समाप्त कर दिया। मौके पर किसान नेता अरुण कुमार, पीतम सिंह, सत्यपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, खूब सिंह, मुनेश, कृष्णा सिंह, जय सिंह, फुरकान, शामत रजा, हिमांशु, अभिनव, आशीष, टीकम सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# शहर में 'रेसिंग ट्रैक' की तरह दौड़ी डॉक्टर की कार

## नशे में कई बाइकें तोड़ीं, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रविवार की देर रात नगर में एक ऐसा घटनाक्रम सामने आया, जिसने सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस कार्रवाई पर बड़े सवाल खड़े कर दिए। एक प्रतिष्ठित डॉक्टर नशे की हालत में तेज रफ्तार कार लेकर शहर की प्रमुख सड़क पर दौड़ते नजर आए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुराना धामपुर से आरएसएम तिराहे तक कार कई बार बेकाबू हुई और कम से कम दो बाइकें टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत रही कि कोई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

घटना के वीडियो रात में ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिनमें डॉक्टर की कार जिगजैग तरीके से सड़क पर दौड़ती दिखाई दे रही है। लोगों ने बताया कि सड़क पर अचानक शोर और तेज रफ्तार गाड़ी के कारण राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग कार की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। कुछ युवकों ने हिम्मत दिखाते हुए कार का पीछा किया और आरोपी को रोककर पुलिस के हवाले किया।

कोतवाली ले जाए जाने पर भी डॉक्टर की हालत नशे में बताई गई। इतना ही नहीं, पुलिस सुरक्षा में तैनात गार्ड की बंदूक को पकड़ने का प्रयास करने की बात भी सामने आई है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बाद सवालों के घेरे में आया वह फैसला जिसे लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

पीड़ित बाइक मालिकों ने कोई औपचारिक शिकायत नहीं दी और बाद में शिकायत न होने के हवाले पर डॉक्टर को छोड़ दिया।

क्षेत्र के गांव तरकोली मदन निवासी वीरेंद्र कुमार तथा शुभम कुमार का कहना है कि नशे में वाहन चलाना गंभीर अपराध है और इस घटना में बड़ी दुर्घटना होने से उन्हें सिर्फ किस्मत ने बचाया।

### लापरवाही या सिस्टम फेल?

## धामपुर में ट्रांसफार्मर जला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र शेरकोट मार्ग पर स्थित पीर के पास लगे ट्रांसफार्मर में बीती रात अचानक जोरदार धमाके के साथ आग भड़क उठी। कुछ ही मिनटों में आग की लपटें इतनी तेज हुईं कि आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों ने इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी, जिसके बाद दमकल टीम मौके पर पहुंची और लंबे संघर्ष के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

घटना के दौरान सबसे बड़ा सवाल खड़ा हुआ। विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी आखिर गए कहां? स्थानीय लोगों के अनुसार, सूचना के बाद भी करीब एक घंटे तक विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी स्थल पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है।

### 20 घंटे अंधेरे में डूबा मौहल्ला

ट्रांसफार्मर के जलने से क्षेत्र में लगभग 15 घंटे से बिजली गुल है। पीने के पानी से लेकर दैनिक जरूरतें तक ठप हो गई हैं। लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर कई दिनों से खराब चल रहा था, पर विभाग ने लापरवाही बरती। मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री द्वारा खराब ट्रांसफार्मर बदलने के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद धामपुर में स्थितियां जस की तस बनी हुई हैं।

स्थानीय लोगों ने विभाग पर आरोप लगाया कि समय रहते रखरखाव होता तो यह हादसा टाला जा सकता था। हालांकि, विभागीय अधिकारियों ने सोमवार शाम को ट्रांसफार्मर बदलने की कार्रवाई कर दी।

## विधानसभा चुनाव में बसपा ही जनता का विकल्पः इफ्तेखार चौधरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** वरिष्ठ बसपा नेता इफ्तेखार चौधरी ने उत्तर प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर बयान जारी करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ही प्रदेश की जनता के लिए एक मजबूत पारदर्शी और भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभर रही है। उन्होंने कहा कि जनता अब पारंपरिक दलों के वादों से ऊब चुकी है और इस बार परिवर्तन का मन बना चुकी है।

इफ्तेखार चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता लंबे समय से विकास, कानून-व्यवस्था, रोजगार और महंगाई जैसे मुद्दों पर ठोस कार्यवाही की उम्मीद कर रही है लेकिन इन समस्याओं का समाधान आज भी अधूरा है। उन्होंने बताया कि किसानों, व्यापारियों, मजदूरों और युवाओं की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं जिसके कारण जनता अब बसपा की नीतियों को गंभीरता से देख रही है। इफ्तेखार चौधरी ने बताया कि बसपा संगठन प्रदेश में बूथ स्तर तक पूरी मजबूती से तैयार किया जा चुका है। कार्यकर्ता निरंतर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बसपा का आधार तेजी से बढ़ रहा है और माहौल पार्टी के पक्ष में साफ दिखने लगा है। इफ्तेखार चौधरी ने कहा कि बसपा का उद्देश्य केवल सत्ता हासिल करना नहीं बल्कि समानता, सुरक्षा और सामाजिक न्याय पर आधारित व्यवस्था स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि बसपा की सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति ही इसे अन्य दलों से अलग पहचान देती है और यही कारण है कि आज भी करोड़ों लोगों का विश्वास बसपा के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि उत्तर प्रदेश को भ्रष्टाचारमुक्त, सुरक्षित, विकासशील और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला प्रदेश बनाना है तो आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा को अवसर देना होगा।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार जनता बड़े बदलाव के लिए तैयार है और बसपा के पक्ष में सकारात्मक लहर दिखाई दे रही है।

## एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग कर रहे इमरान अख्तर उर्फ सनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। ऐसे समय में नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन हाजी अख्तर जलील के पुत्र समाजसेवी इमरान अख्तर उर्फ सनी लगातार जनता के सबसे बड़े सहयोगी के रूप में सामने आए हैं।

इमरान अख्तर उर्फ सनी अपने निवास पर पिछले कई दिनों से विशेष कैंप लगाकर मौहल्ले के लोगों के एसआईआर फॉर्म सही तरीके से भरवा रहे हैं। वे स्वयं बैठकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी नागरिक से फॉर्म भरने में कोई गलती न हो और न ही कोई व्यक्ति अफवाहों या गलत जानकारी का शिकार बने। इमरान अख्तर उर्फ सनी ने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार फॉर्म भरना अत्यंत आवश्यक है। सरकार का उद्देश्य केवल डुप्लीकेट वोट हटाकर प्रत्येक नागरिक का एक ही वैध वोट दर्ज रखना है। उन्होंने यह भी बताया कि नए मतदाता अपना वोट ऑनलाइन भी बनवा सकते हैं। इमरान अख्तर उर्फ सनी ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना लोकतंत्र के प्रति प्रत्येक नागरिक का बुनियादी अधिकार है। कोई भी व्यक्ति इस अधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए सही दस्तावेजों के साथ फॉर्म अवश्य भरें। मोहल्ले व नगरवासियों ने इमरान अख्तर उर्फ सनी के इस प्रयास की खुलकर सराहना की। लोगों का कहना है कि उन्होंने बिना किसी स्वार्थ के पूरी ईमानदारी और निष्ठा से जनता का मार्गदर्शन कर उनका भ्रम दूर किया है।

# स्योहारा-नूरपुर मार्ग रेलवे क्रॉसिंग बना सिरदर्द

## लगातार जाम से लोग बेहाल, फ्लाईओवर निर्माण की मांग तेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में नूरपुर मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पिछले कई महीनों से नगरवासियों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। रेलवे फाटक पर आए दिन परीक्षा स्पेशल और अन्य ट्रेनों की आवाजाही के कारण फाटक लंबे समय तक बंद रहता है। इसके चलते सुबह से लेकर देर शाम तक हजारों लोगों को जाम की विकट स्थिति से जूझना पड़ता है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार जब भी फाटक बंद होता है तो सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि कई बार बच्चों को स्कूल और कॉलेज पहुंचने में घंटों लग जाते हैं। नौकरीपेशा लोग देर से दफ्तर पहुंचते हैं और व्यापारियों को अपने कारोबार में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कई बार एंबुलेंस भी जाम में बुरी तरह फंस जाती है, जिससे गंभीर मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान न दिए जाने के कारण रोजाना कई परिवार परेशानी झेलने को मजबूर हैं। इधर क्षेत्र में शुगर मिल का संचालन शुरू होने के बाद गन्ने से लदे भारी वाहनों की आवाजाही भी लगातार बढ़ गई है।

गन्ना ट्रकों के क्रॉसिंग पर पहुंचने से जाम का दायरा और ज्यादा विशाल हो जाता है, जिससे नगर में पूरे दिन ट्रैफिक की अव्यवस्था बनी रहती है। गाड़ियों की लगातार आवाजाही, हॉर्न और धूल-धुआं लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पहले यह क्रॉसिंग कभी-कभार जाम का कारण बनती थी, लेकिन अब हालात इस हद तक बिगड़ चुके हैं कि यह स्थिति असहनीय हो चुकी है। नागरिकों ने रेलवे विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर फ्लाईओवर का निर्माण अब समय की आवश्यकता बन चुका है, क्योंकि क्रॉसिंग की मौजूदा व्यवस्था से लोगों का जीना दूभर हो गया है। कई सामाजिक संगठनों और व्यापारिक मंडलों ने भी सरकार से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर शीघ्र ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन करने पर भी विवश होंगे। नगर के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक सभी का यही कहना है कि स्योहारा-नूरपुर मार्ग इस क्षेत्र की जीवनरेखा है और इस क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर बनने से न केवल जाम की समस्या खत्म होगी, बल्कि व्यापार और आवागमन में भी नई गति आएगी।

# नियम विरुद्ध मांस दुकानों के संचालन पर होगी कठोर कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- जिलाधिकारी ने खाद्यय सुरक्षा विभाग को दिए निर्देश
- मदाला फत्तेहपुर में दो दुकानों को कराया बंद
- आधा दर्जन मांस दुकानदारों से मांगा स्पष्टीकरण
- खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

**सम्भल।** नियमों की अंदेखी कर मांस की दुकानें अब संचालित नहीं की जा सकेंगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से नियमों का पालन नहीं करने वाले मांस विक्रेताओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मांस दुकानों की जांच को चलाये जा रहे अभियान में खाद्य सुरक्षा औषद्यी प्रशासन विभाग की टीम में मांस की दुकानों का निरीक्षण किया। दो दुकानदारों पर गोवध अधिनियम के तहत मामले दर्ज होने पर लाईसेंस निलम्बित कर दुकानों को बंद कराया।

जिले जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत मीट प्रतिष्ठान का चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विकासखण्ड असमोली के ग्राम मदाला फतेहपुर स्थित मीट प्रतिष्ठान का खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामजीत एवं उनकी ने निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों का सत्यापन करने पर ग्राम मदाला फतेहपुर स्थित शाने आलम मीट शॉप के संचालक शाने आलम पुत्र मो. असलम एवं नाजिम मीट शॉप कि सेचालक नाजिम पुत्र भूरे दोनों पर उत्तर प्रदेश गौवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत पाया। जिसके तहत दोनों मांस दुकानों का पंजीकरण तत्काल निलंबित कर मीट शॉप को बंद कराकर निलंबन अवधि में खाद्य कारोबार को पूर्ण रूप से बंद रखते हुए 14 दिवस में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें अन्यथा पंजीकरण को रद्द/निरस्त करने की चेतावनी दी।इसके अलावा ग्राम मदला फतेहपुर में दो अन्य मीट दुकान एवं ग्राम शहबाजपुर कलां में 6 मांस दुकानों में साफ सफाई संतोषजनक न पाए जाने और नियमों का उल्लंघन करने पर नोटिस जारी किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड 2 मानवेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में 678 रिटेल मीट की दुकानें हैं सभी के द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियमावली 2011 के प्रावधानों का अनुपालन करना अनिवार्य है। अगर कोई भी इन नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्व विधिक कार्रवाई संज्ञान में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कोई भी मीट की दुकान नियम विरुद्व न चले, नियम विरुद्व संचालन पाये जाने पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। नियम विरुद्व संचालन पाये जाने पर मीट दुकानदार के विरुद्व कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।



सम्भल-एंजेल्स पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव को सम्बोधित करते इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नलिन श्रीवास्तव।

# एंजेल्स पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव ने छोड़ी अमिट छाप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- डीएम-एसपी के प्रेरणादायी उदबोधन से की सराहना
- न्यायमूर्ति ने बच्चों के प्रोत्साहन को मधुर आवाज में सुनाया गाना, मंच संचालन ने सभी को किया आकृषित

**सम्भल।** दस साला जश्न के समापन से पूर्व पहुंचे जिलाधिकारी के शिक्षक रूपी वक्तव्य ने शिक्षा से जोड़ने की सीख देकर इल्म ज़रूर करने को प्रेरित किया वहीं पुलिस अधीक्षक प्रेरणादायक उदबोधन ने बच्चों को आगे बढ़ने की राह दिखायी। जबकि एंजिल्स पब्लिक स्कूल के बच्चों की प्रस्तुतियां ओर छात्राओं के संचालन ने पूरे वार्षिकोत्सव को यादगार बना दिया।

एंजिल्स पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियों ने धमाल मचाया। विशेषकर छोटे बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सबकुछ यादगार पल बना दिये। इतना ही नहीं पढ़ लिखकर आगे बढ़ने के लिए शिक्षा हासिल कर रही छात्राओं के मंच संचालन को ने केवल न्यायमूर्ति इलाहाबाद हाईकोर्ट नलिन कुमार ने सराहा बल्कि बच्चों की प्रस्तुतियों से प्रेरित होकर स्वयं और पत्नी ने संयुक्त रूप से अपनी मधुर आवाज में गाना सुनाकर एक अमिट छाप छोड़ी। जबकि समापन से कुछ समय पूर्व ही पहुंचे जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने न केवल कार्यक्रम की प्रशंसा की बल्कि इतने भव्य कार्यक्रम में अनुशासन की खुले मंच पर जमकर सराहना की। अपने उदबोधन की शुरूआत शिक्षा से जुड़े होने से करते हुए उन्होने मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति इलाहबाद हाइकोर्ट नलिन





कुमार श्रीवास्तव के साथ किए गए कार्य को याद दिलाया। जबकि जिला जज एटा अहमद उल्ला खां ओर मैनेजिंग डायरेक्टर शरमीन खान, प्रधानाचार्य तेजिन्दर सिंह के शिक्षा की अलख जगाने और अनुशासन के लिए तारीफों के पुल बांधे। उन्होने स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा जोड़ने का काम करती है तोड़ने का काम नहीं करती। व्यक्ति को चाहिए कि वह शिक्षा को ग्रहण करे और आगे बड़े। डीएम ने विधालय को उन्नति पर ले जाने पर संचालकों, प्रबंधतंत्र को सराहते हुए शिक्षा, विद्या और ज्ञान पर विस्तार से परिभाषित किया। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि सम्भल शिक्षा के क्षेत्र मे भी बहुत आगे हैं यहां से बच्चे पढ़ लिखकर जज बने, आईएएस और आईपीएस बने हैं हमने देखा है, बहुत खुशी हुई और आप भी पढ़ लिखकर एक दिन बहुत कुछ बनोगे लेकिन इसी के साथ एंजेल्स पब्लिक स्कूल का अनुशासन देखकर बहुत खुशी हुई। बच्चों को किस तरह की शिक्षा एंजिल्स मे मिल रही है यह उनका अनुशासित होना और कार्यक्रम की प्रस्तुति साफ दर्शाती है। स्कूल की मैनैजिंग डायरेक्टर शरमीन खान ने कहा कि हमे गर्व है हमारे स्कूल के बच्चे आज अपने अन्दर टेलेन्ट रखते हैं और बहुत अच्छे से स्कूल मे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिला जज एटा अहमद उल्ला खां ने कहा कि बच्चों की प्रतिभायें प्रशंसनीय है, बच्चों ने मंच पर जिस तरह अपनी कला का और शिक्षा का नमूना पेश किया हमे उम्मीद है इसी तरह आगे बढ़कर अपनी मंजिल को पायेंगे। प्रिन्सिपल तेजिन्द्रर सिंह ने कहा कि आज हमारे स्कूल के बच्चे हर कार्य मे बढ़चढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं। विधालय का और अपने परिवार का नाम रौशन कर रहे हैं एक दिन यह बच्चे हमारी तरह समाज को आगे ले जाने का काम करेंगे और देश को विकास की राह पर ले जाने का काम करेंगे।

# युवा उत्सव विज्ञान मेले में प्रतिभा का लोहा मनवाया

- विजयी प्रतिभागियों को दिए प्रमाण पत्र व पुरस्कार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



सम्भल- युवा उत्सव विज्ञान मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां करती छात्राएं।

**सम्भल।** जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं विज्ञान मेले में स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया। मेले में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रर्दशन पर प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

युवा कल्याण विभाग संभल के तत्वाधान में बहजोई महाविद्यालय बहजोई के परिसर में आयोजित विज्ञान मेले में मुख्य अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में लोक नृत्य समूह लोकगीत समूह कविता लेखन कहानी लेखन डिक्लेमेशन पेंटिंग आदि प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें डिक्लेमेशन में सिल्वर स्टोन स्कूल की नव्या ने प्रथम स्थान पाया। जबकि कहानी लेखन में सर्वोदय इंटर कॉलेज के अमित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मेले में जेएलएम इंटर कॉलेज सिरसी की प्रदर्शनी प्रथम स्थान पर रही। चित्रकारी में सिल्वर स्टोन स्कूल की कीर्ति ने पहली बाज़ी मारी। लोकगीत समूह में जीजीआईसी सम्भल की प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य में बहजोई महाविद्यालय के प्रतिभागी प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष ने महिला शक्ति एवं युवाओं को भारत की बढ़ती विश्व स्तरीय साख में अपना योगदान देने को पूरा सर्मथन का लक्ष्य रखा और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया। सभी विधाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला युवा कल्याण अधिकारी हरि प्रेम ने किया। गया इस अवसर पर बहजोई महाविद्यालय के प्राचार्य डा. वीरेंद्र कुमार गुप्ता के अलावा युवा कल्याण विभाग से क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्री अनुज कुमार चित्रवीर सिंह संजू रानी जगजीत सिंह नितिन कुमार एवं कनिष्ठ सहायक विभा सिंह उपस्थित रहे।

## सृजन साहित्य सम्मेलन में कवियों ने श्रोताओं को गुदगुदाया

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सृजन साहित्यिक अभिरुचि मंच द्वारा कवि सम्मेलन एवं साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन बहजोई स्थित शिव बाबा सदन में किया गया। अन्य जनपदों से भी कई वरिष्ठ साहित्यकारों ने इसमें भाग लिया। सम्मेलन में कवियों ने अपने काव्य से श्रोताओं को जमकर गुदगुदाया। इस मौके पर राजेश यादव, दीपक गोस्वामी चिराग, अंजू आर्या, वेंकट कुमार, ज्ञानप्रकाश उपाधयाय, कवियत्री डा. सुनीता शंखवार, मनीषा गौतम, डा. संदीप कुमार सचेतश, डॉ. अरशद रसूल, संभव जैन, रजपुरा से अवधोश विद्यार्थी ने काव्य प्रस्तुति दी। सभी साहित्यकारों को राधे-राधे की पटि्टयां, शॉल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया,साथ ही अद्वितीय साहित्य सेवा हेतु सुभाष चन्द्र शर्मा और रमेश चंद्र मिश्रा को साहित्य साधक सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राममूर्ति नाथ, अनुराधा गोस्वामी, वंश, वंशिका,गौरव यादव,पद्म सिंह यादव आदि लोग उपस्थित रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता रूपकिशोर गुप्ता ने एवं संचालन का संचालन अवधेश विद्यार्थी ने किया।

# नई परम्परा से शहर का भाईचारा व सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास: जफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद के गुम्बद का निरीक्षण करने आयी पुरातत्व विभाग की टीम को रोकने के मामले आरोपियों को प्रबंध कमेटी का होने से इंकार किया है बल्कि नामजद आरोपियों पर नमाज पढ़ने आने के दौरान चंदा वसूली करने का आरोप लगाया है।

शाही जामा मस्जिद के गुम्बद का विगत 8 अक्टूबर को गुम्द का निरीक्षण करने पहुंची पुरातत्व विभाग की टीम ने निरीक्षण करने से रोकने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने एक नामजद को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट दर्ज होने और गिरफ्तारी के बाद पुरातत्व विभाग की टीम को रोकने के आरोपी काशिफ खान और हाफिज को जामा मस्जिद कमेटी का होने से इंकार किया है। उन्होने कहा कि वह जुमे की नमाज पढ़ने आते हैं और इस दौरान चंदा वसूली करते है,क्योंकि वह मुस्लिम हैं इस लिए नमाज पढ़ने आने से रोका नहीं जा सकता है,लेकिन उनके चंदा वसूली पर कई बार मना किया लेकिन वह नहीं माने। उधर दूसरी ओर आरोपी काशिफ खान ने सोशल मीडिया पर वक्फ बोर्ड मे पंजीकरण के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र में उन्हे सचिव बनाया गया है का सदर जफर अली ने खंडन किया और आरोप लगाया कि काशिफ खान को एक मुकदमें की पैरवी के लिए नियुक्त किया गया था। जिसके लिए उसने कई कागज़ों पर उनके हस्ताक्षर कराये थे। उन्ही हस्ताक्षरों के जरिये उसने स्वयं को मज्सिद कमेटी का सचिव लिख दिया है। जबकि मज्सिद कमेटी से किसी तरह का कोई सम्बंध होने से इंकार किया है। उधर यदर जामा मस्जिद जफर अली ने परिक्रमा को नई परम्परा और शहर के भाईचारा व माहौल को खराब करने का आरोप लगाया। उन्होने कहा कि इससे पूर्व कभी कोई परिक्रमा नहीं की गई।

# सर्दी में बढ़ा हार्ट अटैक का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सर्दी बढ़ने के साथ ही हार्ट अटैक का खतरा बढ़ गया है। बुजुर्ग लोगों को भी परेशानी होने लगी है। सर्दी के प्रकोप से उन्हें खासी की समस्या अधिक हो रही है। सर्दी के मौसम में हार्ट के मरीजों को अपनी चिंता सताने लगी है।

सर्दी में नसों में खून का संचार तेजी से नहीं हो पाता और खून जमने लगता है। हार्ट को रक्त पहुंचाने वाली नसों में संचार धीमा पड़ जाने से जीवन को खतरा उत्पन्न हो जाता है। इससे नसों में ब्लॉकेज की समस्या उत्पन्न हो जाती है। रक्त के गाढ़ा होने से हार्ट को पूरी मात्रा में खून का संचार नहीं हो पाता और हार्ट अटैक की समस्या उत्पन्न हो जाती है। बबराला अस्पताल के डा. विनय कुमार ने बताया कि हार्ट को रक्त पहुंचाने वाली नसों में खून के गाढ़ापन होने से रक्त संचार सही से नहीं हो पाता और हार्टअटैक की संभावना बढ़ जाती है। सर्दी में बचाव की जरूरत होती है और खानपान पर भी ध्यान देना आवश्यक होता है तभी सुरक्षित रह सकते हैं।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-जौहर स्मारक को भूमि पूजन करते जिलाधिकारी।

# बच्चा तीन दिन स्कूल नहीं गया तो गुरूजी खटखटायेंगे घर का दरवाज़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- प्रेरणा पोर्टल पर भी फीड करेंगे प्रधानाध्यापकों को दिए निर्देश

**बबराला/सम्भल।** परिषदीय विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने के सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अब नौनिहालों की हाजिरी की रोजाना मॉनिटरिंग प्रधानाध्यापक करेंगे। अगर तीन दिन तक बच्चा लगातार अनुपस्थित रहता है तो अगले दिन गुरुजी उसके घर जाएंगे। आखिर किस कारण से नहीं आया है उसका कारण जानते हुए प्रेरणा पोर्टल पर फीड भी करेंगे। यह निर्देश सभी प्रधानाध्यापकों को दिए गए हैं। परिषदीय विद्यालयों में आमतौर पर 60 फीसदी की औसत उपस्थित दर्ज हो रही है। इसे बढ़ाकर 80 फीसदी तक करने का लक्ष्य निधरित किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रत्येक नौनिहाल की रोजाना हाजिरी की मॉनिटरिंग होगी। अभिभावकों से मिलकर स्कूल न आने का कारण जानेंगे। इसके साथ ही अभिभावकों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित भी करेंगे। नगर के विद्यालय शिक्षकों ने बताया कि सरकार बच्चों की शिक्षा को सुदृढ बनाने को ततपर है। इसलिए सरकार के निर्देशों का पालन किया जायेगा।

## मेले का आयोजन कर कैरिअर के लिए किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विकासखंड जुनावई के नदरौली स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज के प्रांगण में करियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। जहां छात्र-छात्रओं को कॅरिअर संबंधी जानकारी दी गई। मेले में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को भविष्य के करियर विकल्पों, प्रवेश परीक्षाओं, छात्रवृत्ति योजनाओं और रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ जनता इंटर कॉलेज जुनावई के प्रधानाचार्य मधु कुमार आर्य ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जहां कार्यक्रम का संचालन कालेज शिक्षक गौरव कुमार शर्मा द्वारा किया गया।मेले में अध्यापकों और अतिथियों ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य पर चर्चा की गयी।

# जनपद में हुए 1862 मतदेय स्थल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन उपरांत प्रकाशित आलेख्य सूची, संसोधन प्रस्तावों, एवं प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों के लिए आयोजित बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का विचार-विर्मश किया।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के अद्यतन निर्देशानुसार मतदाताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने एवं सुगमता बढ़ाने हेतु एक मतदेय स्थल पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा निर्धारित की गई है। इसे लेकर जिन मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है उसी पोलिंग स्टेशन लोकेशन पर अन्य मतदेय स्थल भी है और उन मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की संख्या अपेक्षाकृत कम है तो इस संभावना और विकल्प पर भी विचार करने के निर्देश दिए। जबकि नये मतदेय स्थलों का सृजन किए बिना भौगोलिक रूप से क्षेत्र की सुसंबद्वता बनाए रखते हुए विद्यमान बूथों पर ही मतदाताओं को पुनर्समायोजित कर दिया जाए। इसके अलावा 1200 से अधिक मतदाताओं वाले अन्य मतदेय स्थलों पर उसी मतदान केंद्र/ क्षेत्र में नया मतदेय स्थल बनाया जाना है। जिन मतदेय स्थलों के भवन पुराने और जर्जर नहीं है तथा जहां मतदाताओं को 2 किलोमीटर से अधिक दूरी चलने की आवश्यकता नहीं है, ऐसे मतदेय स्थलों की स्थिति में परिवर्तन नहीं करने और यदि कोई मतदेय स्थल अपने मतदान क्षेत्र से बाहर स्थित है और अब मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत उपयुक्त भवन ने उपलब्ध होने के कारण मतदान क्षेत्र से बाहर स्थित है और अब मतदान क्षेत्र के अंतर्गत उपयुक्त भवन उपलब्ध हो गया है तो ऐसे मतदेय स्थल को अपने मतदान क्षेत्र के अंदर स्थित भवन में शिफ्ट किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी मतदाता का गलत तरीके से नाम नहीं हटाया जाएगा और न ही जोड़ा जाएगा यह सुनिश्चित किया जाए। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 1862 मतदेय स्थल हो गए हैं तथा सात केन्द्रों जिनमें दो चंदौसी तथा दो सम्भल तथा तीन गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन हुआ है। उन्होने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 4 दिसंबर तक चलाया जाएगा। उसके पश्चात 9 दिसंबर को निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य का प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, राज्यमंत्री गुलाब देवी के प्रतिनिधि चन्द्रसैन दिवाकर, भाजपा के जिला महामंत्री कमल कुमार कमल एवं सपा के जिला समाजवादी पार्टी कृष्ण मुरारी सांख्यधर, बीएसपी के सुभाष खागी आदि मौजूद रहे।

# आक्रांताओं के कारण लाज बचाने को किया जौहर

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जन शिक्षा समिति पशिचमी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राजकीय मान्यता प्राप्त जौहर स्मारक जनता कृषक सरस्वती विद्या मंदिर पवांसा में जौहर श्रृद्वांजलि समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया को जौहर वीरांगना ट्रस्ट के सदस्यों पटका एवं माला पहनकर स्वागत किया।साथ ही जौहर चित्र भेंट किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के शुभारंभ पर जौहर चित्र एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रृद्वांजलि अर्पित की। जिलाधिकारी ने महारानी पद्मावती तथा महारानी करुणावती के जौहर पर विस्तार पूर्वक बताया उन्होंने कहा कि आक्रांताओं के कारण अपनी लाज एवं सम्मान को बचाने के लिए महिलाओं ने जौहर किया। जिलाधिकारी ने जौहर के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होने कहा कि लोगों को देश में प्रेम के साथ रहना चाहिए मिशन शक्ति को लेकर कहा कि महिलाओं को सशक्त एवं महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए सरकार के द्वारा मिशन शक्ति योजना चलाई जा रही है जिसके तहत महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन की थीम के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है एवं किसी भी मनचले के द्वारा महिलाओं को परेशान किए जाने की रोकथाम के लिए आपरेशन एंटी रोमियो के अंतर्गत कार्यवाही की जाती हैं।जिससे महिला शक्ति को एक नयी दिशा मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोगों को भारतीय संस्कृति के अनुसार रहना चाहिए और भारतीय संस्कृति के प्रति चिंतन करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस विद्यालय में जौहर केंद्र की स्थापना की जाए जिसको लेकर स्कूल परिसर में जौहर स्कूल की भूमि पूजन का कार्यक्रम किया गया। उन्होंने कहा कि जौहर के विषय में यहां पर प्रत्येक दशा में लोगों को बताया जाए एवं जागरूक किया जाए जिलाधिकारी ने लोगों से कहा कि विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के लिए अपना अपना सुझाव जरूर दें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मुख्य जौहर स्थल स्थित मंदिर के दर्शन किए और उन्होंने एक अच्छा स्मारक बनाने के लिए ट्रस्ट के सदस्यों को जागरूक किया।

# देश के अंदर ही बने उत्पादों का करें उपयोग

- भाजपा युवा मोर्चा के आत्मनिर्भर भारत अभियान को कार्यशाला

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



सम्भल-ग्राम सैदपुर में आत्मनिर्भर भारत अभियान में बोलते राजेश सिंहल।

**सम्भल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विधानसभा सम्भल के ग्राम सैदपुर में रहटोल मंडल की ओर से आयोजित कार्यशला को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने क्षेत्र एवं जनपद के अंदर उद्योगों एवं लघु उद्योग को बढ़ावा देते हुए आत्मनिर्भर बनना है एवं प्रत्येक घर के अंदर भारत देश के बने हुए उत्पादों का ही उपयोग कर स्वदेशी अभियान को गति देकर अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर अपने राष्ट्र को सन 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। कार्यशाला की अध्यक्षता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष यश शर्मा ने की एवं संचालन शशांक भारद्वाज ने किया। जबकि हर्षित रस्तोगी, सभाष चंद्रा जाटव, ग्राम प्रधान संगीता देवी जाटव, राजीव राघव, निशांत शर्मा, अमित शर्मा, आयुष शर्मा, मोनू सैनी, राजेंद्र सैनी, सुशील शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सड़क पार करते समय वाहन ने महिला को कुचला, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

- बेटा गम्भीर रूप से घायल

**बबराला।** कोल्हू से गुड़ लेने आई महिला को सड़क पर करते समय ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी।जबकि उसका बेटा घायल हो गया।

सोमवार को गुन्नौर कोतवाली के गांव नंदरौली निवासी अरविंद की पत्नी सीमा(36) अपने बेटे प्रशान्त (12) के साथ गुन्नौर नगर में गन्ना क्रेशर से गुड़ लेने जा रही थी। तभी सड़क पार करते समय महिला को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका बेटा प्रशांत घायल हो गया। महिला सीमा अपने गांव से ई-रिक्शा से अपने बेटे प्रशांत के साथ गुन्नौर नगर में घरेलू सामान खरीदने आई थी। शाम 5 बजे गुन्नौर के नेहरू चौक के समीप स्थित मेरठ-बदायूं राजमार्ग किनारे गन्ना कोल्हू पर गुड़ खरीदने जा रही थी। तभी सड़क पार करते समय जुनाबई की तरफ से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गुन्नौर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने ट्रक व चालक को पकड़ लिया है।

## सास से तकरार में बहू ने खाया विषाक्त पदार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सास की बहु से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। जिससे आहत हो बहु ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन अस्पताल लेकर पहुचे। जहां डाक्टरों ने उपचार देकर घर भेज दिया।

सोमवार को थाना जुनावई के गांव काशीपुर निवासी महिला पूजा (22) पत्नी राजेश की अपनी सास से किसी बात को लेकर कहां सुनी हो गई। जो पूजा को नागवार गुजरी। इसी को लेकर पूजा ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। जानकारी होने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर पहुचे। जहां डाक्टर ने उपचार देकर घर भेज दिया। पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी गई।

# ओवर हाइट गन्ने भरे वाहनों से मार्गों पर हो रहीं दुशवारियां

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** ओवरहाईट लदे ट्रैक्टर-ट्राली से गन्ना मुख्य मार्ग पर गिर गया। सड़क पर गन्न फैलने से वहां जाम के हालात बन गए। जबकि वाहन से आने-जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। काफी देर बाद पहुंचे गन्ने के लोडर से हटाकर मार्ग पर आवागमन सुचारू कराया गया। बेला दुगावर मार्ग पर गन्ना फैले रहने से काफी देर तक दुश्वारियों का सामना रहा। बता दें कि धामपुर शुगर मिल के पैराई सत्र में किसानों द्वारा गन्ना ले जाया जा रहा है। गन्ने को ट्रैक्टर-ट्रालियों में ओवर हाइट भरा जा रहा है। जिससे उसके पलटने और हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। यातायात माह में गन्ने से ओवर हाईट ट्रैक्टर ट्रालियां व अन्य वाहनों पर कोई रोक नहीं लगायी जा रही है। जबकि ओवरहाई वाहनों से जाम की समस्या भी बन जाती है। लेकिन यातयात व थाना पुलिस की ओर स ओवर लोड भरे जा रहे गन्ने के वाहनों पर कोई रोक टोक नहीं है।

# युवकों ने किशोरी को नशा सुंघाकर बारी-बारी से किया दुष्कर्म

शाह टाइम्स संवाददाता

**भोजपुर।** रविवार की आधी रात को पड़ोसी गांव के दो युवक बाइक पर सवार होकर इस्लाम नगर में आए और घर में मां-भाई के बराबर में चारपाई पर सो रही 11वर्षीय किशोरी को नशा सुंघाकर चाकू-तमंचे की नोक पर अगवा कर पशुशाला में ले गए। दरिंदों ने किशोरी के हाथ बांधकर मुंह पर टेप लगाकर बारी बारी से दुष्कर्म किया।

तड़के में बेहोशी की हालत में गांव इस्लाम नगर में सड़क किनारे लगने वाले मंगलबाजार में फेंककर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में पीड़ित किशोरी की विधवा मां ने बताया है कि थाना भगतपुर के गांव कूकरझूड़ी की मूल निवासी हूं। नोट बंदी के समय काम की तालाश में पति मौहम्मद इस्लाम और तीन बेटों और एक बेटी के साथ गांव इस्लाम नगर में चरन सिंह सैनी के मकान में किराए पर रहती हूं। पति की पिछले वर्ष बीमारी से मौत हो चुकी है। रविवार की रात को बड़ा बेटा इमरान कमरे में सो रहा था। बेटी और बेटे निजाम के साथ बरामदे में सो रही थी। रात को डेढ़ बजे निजाम शौच करने उठा तो बेटी चारपाई पर नही थी। पड़ोसियों से बेटी के गायब होने की बात बताई तो ग्रामीण भी बेटों के साथ बेटी को ढूंढने लगे। इस्लाम नगर- सलम सराय रोड पर बाइक की रोशनी दिखाई दी। उनके नजदीक जाकर देखा तो गांव मोहब्बतपुर भगवंतपुर निवासी शुभम और रवि पुत्र कलुआदास बेटी को बाइक पर बीच में बैठाकर ले जा रहे थे। बेटी के हाथ रस्सी से बंधे थे और मुंह पर टेप लगा हुआ था। रवि बेटी की गर्दन पर चाकू लगाये हुए बैठा था। आरोपियों से बहन को छोड़ने को कहा तो रवि ने अंटी से तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी देते हुए वापस जाने को मजबूर कर दिया। पीड़िता ने बताया कि रात में ही आरोपियों के घर जाकर बेटी को मुक्त कराने की गुहार लगाई तो उन्होंने भी जान से मारने की धमकी दी और चुपच. ाप घर में बैठने को कहा। अपनी हवस मिटाने के बाद दरिंदे सोमवार को तड़के बेटी को बेहा. ेशी की हालत में मंगल बाजार में फेंक कर भाग गए। तड़के में ग्रामीणों की नजर सड़क किनारे पड़ी तो उन्होंने किशोरी के हाथ खोलकर मुंह पर चिपका टेप हटाया। होश आने पर युवती ने आपबीती सुनाई। उसने बताया की मुझे होश आया तो मैं पशुशाला में थी। मेरे साथ रवि,शुभम ने बारी बारी से जबरदस्ती दुष्कर्म किया। बेहोश होने पर आरोपी मुंह से टेप हटाकर पानी पिलाते और फिर मुंह पर टेप लगा देते थे। पुलिस ने 14 घंटों की लेट लतीफी के बाद रवि, शुभम के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण कराने जिला महिला अस्पताल को ले गए। किशोरी दर्द से करहाती रही और पुलिस टालमटोल करती रही।

● गैंगरेप का मुख्य आरोपी रवि पुत्र कलुआदास गांव मोहब्बतपुर भगवंतपुर का निवासी है। गांव इस्लाम नगर में मेडिकल स्टोर करता है। छोटा बेटा निजाम स्कूल से आकर उसके मेडिकल पर सीखने जाता था। इस वजह से वह बेटे को बुलाने कभी कभार घर को आ जाता था।

उसको घर की पूरी जानकारी थी। अपनी हवस का शिकार बनाने के लिए बेटी को नशा सुंघाकर चाकू-तमंचे की नोक पर अगवा कर अपने गांव में स्थित पशु शाला को ले गया और अपने साथ के साथ मिलकर दरिंदगी की। दर्द से करहाती बेटी दरिंदों से दया की भीख मांगती रही। बेखौफ आरोपी उसके साथ जबरदस्ती दरिंदगी करते रहे।

## छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम किया घोषित



**मुरादाबाद।** वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मुगलपुरा थाना पुलिस ने आठवीं कक्षा की छात्रा के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है, आरोपी की पहचान नागफनी थाना क्षेत्र के रहने वाले इब्राहिम के रूप में हुई है, वहीं आरोपी पर 25000 का इनाम भी घोषित किया गया है। बता दे कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि 8 वीं कक्षा की 13 वर्षीय छात्रा से सरेराह अधेड़ व्यक्ति छेड़छाड़ करता हुआ नजर आ रहा है, साइकिल पर सवार अधेड़ व्यक्ति छात्रा के साथ अश्लील हरकत कर मौके से फरार हो गया, पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मुगलपुरा थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास शुरू कर दिया और आरोपी की पहचान नागफनी इलाके के रहने वाले इब्रा. हिम के रूप में हुई है। इस मामले में विस्तार से जानकारी देते हुए एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि हम लोगों ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए तत्काल बच्ची के परिजनों से संपर्क कर इस मामले में एक अभियोग पंजीकृत किया। बच्ची के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी की पहचान नागफनी इलाके के रहने वाले इब्राहिम के रूप में हुई है उसकी तलाश के लिए हमारी तीन-चार टीमें लगी हुई हैं, हम जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लेंगे,उस पर 25000 का इनाम भी घोषित किया गया।

## एक नजर

### गर्भवती को सीएचसी लाते समय एंबुलेंस में गूंजी किलकारी

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव गौरा शाहगढ़ निवासी गर्भवती को पेन होने लगा इसी बीच 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने गर्भवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी के लिए सवार किया और जैसे ही एम्बुलेंस रास्ते में आई तभी गर्भवती को तेज दर्द होने लगा इसी बीच एंबुलेंस में डिलीवरी हो गई और बच्चे की किलकारी गूंजने लगी, इसके बाद ईएमटी अरविंद कुमार और पायलट हरिओम ने प्राथमिक उपचार देते हुए जच्चा और बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी में भर्ती कराया। नवजात सुरक्षित है जिसके चलते परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। एंबुलेंस में बच्चे की डिलीवरी के बाद गूंजी किलकारी के बाद मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### मतदाताओं का निर्वाचन सूची से बीएलओ ने किया मिलान



**बिलारी।** रुस्तमनगर सहसपुर में बूथों पर बूथ लेवल ऑफिसर बैठे। इस दौरान अनेकों मतदाता पहुंचे। सभी मतदाताओं का निर्वाचन सूची से मिलान किया गया और उनके फार्म भरे गए। फार्म भरवाने के लिए मतदाताओं में जोश बना रहा। सवेरे से ही मतदाताओं की फार्म भरवाने के लिए भीड़ जुटी रही। इसके अलावा बिलारी और देहात क्षेत्र में भी बीएलओ ने निर्वाचन सूची से मिलान करके मतदाताओं के फॉर्म भरे।

### मैक्स ओलिंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**बिलारी।** कृषि औद्योगिक ग्रामोदय प्राइमरी पाठशाला अमरपुरकाशी में मैक्स ओलिंपियाड में विद्यार्थियों को मैडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने अच्छे अंक पाए उन्हें संस्था संस्थापक बाबूजी मुकट सिंह मैडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बाबूजी मुकट सिंह, अपर प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य आशीष कुमार जादौन, प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह, राबिया ने विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किए।

### राजकीय महिला अस्पताल में लगा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस शिविर

**बिलारी।** नगर के राजकीय महिला अस्पताल में सोमवार को लगे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस शिविर में नगर व क्षेत्र से बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं पहुंची।

शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ रेशमा वजाहत और डॉ सेहर फात्मा ने गर्भवती महिलाओं की पहले जांचें कराई बाद में उनके स्वास्थ्य की जानकारी कर जरूरत के हिसाब से उन्हें दवाई दी। शिविर में हीमोग्लोबिन, हेपेटाइटिस सी, शुगर, बीपी,वजन और लंबाई आदि की जांच की गई। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रेशमा वजाहत ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया जिनमें से आवयश्कता अनुसार महिलाओं का अल्ट्रासाउंड भी कराया गया है। शिविर में जांच के दौरान मिली गर्भवती महिलाएं मिली जिनमें खून की कमी के अलावा कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या थी जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सुरक्षित मातृत्व दिवस का चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजपाल सिंह ने भी स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

# विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में 'जोश' का हुआ शुभारम्भ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** चैरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर द्वारा संचा. लित विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड इंस्टिट्यूट ऑफ पैरा मेडिकल साइंसेज में 12वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता 'जोश' का शुभारम्भ कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने किया। शुभारम्भ के बाद खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई, जिनमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, वॉलीबॉल बास्केटबॉल, कैरम, कबड्डी, टेनिस जैसे रोमांचक खेल शामिल रहे, जिनमें विद्यार्थियों ने शानदार कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल हमारे जीवन में शिक्षा जितने ही आवश्यक हैं। खेलों के माध्यम से हम जीवन के उतार-चढ़ाव के बीच सामंजस्य स्थापित कर पाते हैं।

ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, निष्ठा और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इण्डिया और फिट इण्डिया मूवमेंट से युवाओं में नया जोश भरा है। इस अवसर पर चेयरमैन सुभाष चंद्र ढल, कमल चंद्र अग्रवाल, सचिव नीरज विनोद खन्ना, डॉ हरजीत सिंह, नजमुल इस्लाम, शैलेश खन्ना, रोहित ढल, प्रधानाचार्य मोहम्मद अरशद, डॉ टीपी शीवा सहित कॉलेज के अध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में निवेशक जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन



**मुरादाबाद।** सोमवार को दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में एनएसएस इकाई तथा अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मिशन शक्ति के अंतर्गत निवेशक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर सीमा रानी के कुशल निर्देशन में हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वित्तीय साक्षरता प्रदान करना तथा उन्हें सुरक्षित और समझदारी के साथ निवेश संबंधी निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाना था।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हिंदू कॉलेज मुरादाबाद के अर्थशास्त्र विभाग से डॉ. अजीत उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को वित्तीय बाजारों की मूल अवधारणाओं, विभिन्न निवेश विकल्पों, जोखिम प्रबंधन तथा आर्थिक निर्णय लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अजीत ने बताया कि आधुनिक दौर में वित्तीय ज्ञान महिलाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि "जब नारी वित्तीय रूप से मजबूत होगी, तभी वह सशक्त बन पाएगी और अपने निर्णय स्वयं ले सकेगी।ष्कार्यशाला के दौरान म्यूचुअल फंड, इक्विटी, डेट मार्केट तथा अन्य वित्तीय साधनों के कार्यप्रणाली पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। छात्राओं को निवेश में सावधानी, दीर्घकालिक योजना और जोखिम संतुलन के महत्व से भी अवगत कराया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू सिंह एवं विदुषी यादव, तथा अर्थशास्त्र विभाग की प्रवक्ता डॉ. श्रुति जयसवाल उपस्थित रहीं। कार्यशाला में एनएसएस की स्वयंसेविकाओं और अर्थशास्त्र विभाग की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल और ज्ञानवर्धक बताते हुए छात्राओं ने इस प्रकार की कार्यशालाओं को अपने भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

# टीएमयू के सीटीएलडी की स्पीचमास्टर में बीए-एलएलबी की समृद्धि शर्मा अव्वल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की ओर से आयोजित भाषण प्रतियोगिता- स्पीचमास्टर 3.0 में कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के बीए-एलएलबी-ऑनर्स की छात्रा समृद्धि शर्मा विजेता रही। फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के बीए-बीएड के छात्र अतिंद्र कुमार झा ने द्वितीय और बीएससी-बीएड की छात्रा मान्या शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह, आईक्यूएसी के डायरेक्टर डॉ. निशीथ कुमार मिश्रा, वीवो के डीजीएम- एचआर श्री तक्ष कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनंद आदि ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके ऑडी में स्पीचमास्टर 3.0 का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में 315 छात्रों में से 36 छात्रों ने फाइनल राउंड में जगह बनाते हुए ऑन-द-स्पॉट स्पीच दी। हर प्रतिभागी को मंच पर जाने से मात्र चार मिनट पहले विषय दिया गया, जिससे उनकी सो. चने और त्वरित विचार प्रस्तुत करने की क्षमता का परीक्षण किया गया। स्पीचमास्टर प्रतियोगिता के जरिए छात्रों को आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी बात रखने और ग्लोसोफोबिया-




पब्लिक स्पीकिंग का डर पर विजय प्राप्त करने का अवसर मिला। सीटीएलडी डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह ने कहा, सार्वजनिक भाषण करना और श्रोताओं को अपनी बात से जोड़ना एक अद्वितीय कौशल है। वीवो के डीजीएम-एचआर श्री तक्ष कुमार ने कहा, इस तरह के क्रियाशील कार्यक्रम युवाओं में संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता और प्रस्तुतिकरण दक्षता को एक नई दिशा देते हैं। स्पीच मास्टर जैसे आयोजन न केवल छात्र प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि वास्तविक उद्योग अपेक्षाओं के अनुरूप उन्हें तैयार भी करते हैं। कार्यक्रम में फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन, समन्वयक ट्रेनर धीरज कुमार, सह-समन्वयक सुश्री गौरी तकीयर के अलावा सीटीएलडी के सभी ट्रेनर्स और छात्र-छात्रांए मौजूद रहे।

## सम्मेलन व साहित्यकार सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहजोई।** सोमवार के दिन कवि सम्मेलन एवं साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन शिव बाबा सदन कृष्णा कुंज बहजोई (सम्भल) में कवियों को सम्मानित किया गया अन्य जनपदों से भी कई वरिष्ठ साहित्यकारों ने इसमें भाग लिया। कवि सम्मेलन का संयोजन/संचालन युवा ओज कवि अवधेश विद्यार्थी अध्यक्षता आ. रूपकिशोर गुप्ता ने किया।

वरिष्ठ कवि रमेश चंद्र मिश्रष्सहज बिसौली (बदायूं )ने कहा- कैसे दीप जलाऊं तम में,रही फूंक से बुझा पवन,व्यंग्यकार कवि अतुलकुमार शर्मा (संभल),, कवि राजेश यादव संभल, दीपक गोस्वामी चिराग' वरिष्ठ कवि- लेखक- समीक्षक, रूपकिशोर गुप्ता जी (बहजोई),ओज कवि ज्ञानप्रकाश उपाध्याय जी, कवियत्री डॉ सुनीता शंक्वार कासगंज,सुकवि डॉ0 संदीप कुमार सचेत' जी, शायर डॉ0 अरशदरसूल' जी, कवि संभवजैन जी कवियत्री मनीषा गौतम चंदौसी, राजपुरा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुभाष चन्द्र शर्मा और रमेश चंद्र मिश्रा कवि/ साहित्यकारों को साहित्य साधक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राममूर्ति नाथ, अनुराधा गोस्वामी, वंश, वंशिका,गौरव यादव,पद्म सिंह यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## युवती ने की संदिग्ध परिस्थिति में की आत्महत्या, मौके पर पहुंची पुलिस

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किशनपुर गाँवडी में सोमवार को एक युवती ने संदिग्ध परिस्थिति में आत्महत्या कर ली। सोमवार को शाम लगभग 4:20 बजे कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना प्राप्त हुई। एक युवती ने आत्मा हत्या कर ली है,मृतका की पहचान अक्सा मलिक (18 वर्ष), पिता शरीफ अहमद के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ठाकुरद्वारा ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है।

घटनास्थल पर संबंध क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा की मौजूदगी में एफआईआर दर्ज की गई, पुलिस ने कानूनी कार्रवाई को पूरा करते हुए मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद स्थित मोर्चरी भेज दिया गया है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस जांच में जुटी हुई है,

### बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र जितेन्द्र व पुत्रवधू श्रीमती राजकुमारी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**छत्रपाल सिंह पुत्र दौलत सिंह निवासी ग्राम त्रिलोकपुर थाना भोजपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

### बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्रो नावेद व शावेज को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**कल्लन उर्फ मौ० आकिल पुत्र शफीक निवासी रहमत नगर गली नम्बर-1 नबाव मस्जिद तहसील व जिला मुरादाबाद।**

### खोया-पाया सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1240592903 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**अमित कुमार पुत्र राकेश सिंह निवासी ग्राम राजूपुर मिलक ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम SHAMEEM AHMAD So/AZIZULLAH से बदलकर SHAMEEM AHAMAD So/ AZIZULLA रख लिख है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शमीम अहमद पुत्र अजीजुल्ला मौहल्ला मंझोला अफजलगढ़, जिला बिजनौर**

### बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र मनोज कुमार व पुत्रवधू श्रीमती अभिलाषा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**राजबहादुर पुत्र झाझनदास व लक्ष्मी पत्नी राजबहादुर निवासी गण ग्राम जिगनिया तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

# मेरठ से आए संभ्रांत व्यक्तियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** जिले में कानून- व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने की दिशा में की गई प्रभावी पुलिस कार्रवाई के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को सोमवार को जनपद मेरठ से आए सम्भ्रांत व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान मुरादाबाद पुलिस की सराहनीय उपलब्धि पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।गौरतलब है कि प्रॉपर्टी डीलर से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने वाले मेरठ निवासी हिस्ट्रीशीटर बदमाश आसिफ और उसके साथी दीनू ने हाल ही में जिले में दहशत फैलाने की कोशिश की थी। दोनों अपराधी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त थे तथा कई मामलों में वांछित चल रहे थे। शिकायत मिलने के बाद मुरादाबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन दोनों बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी।पुलिस की सख्त निगरानी और सर्विलांस के आधार पर दोनों अपराधियों का पता लगाया गया। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में हुई पुलिस मुठभेड़ में दोनों बदमाश ढेर हो गए। इस कार्रवाई ने न केवल जिले में भय का माहौल खत्म किया बल्कि अपराधियों



में कानून का खौफ भी बढ़ाया।कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी निर्णायक भूमिका एवं तत्परता को देखते हुए मेरठ से आए गणमान्य व्यक्तियों ने एसएसपी सतपाल अंतिल को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। सम्मान ग्रहण करते हुए एसएसपी ने कहा कि यह उपलब्धि पूरी पुलिस टीम की समर्पित मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद पुलिस जनता की सुरक्षा और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।

## सुल्तान मियां के उर्स मुबारक में अकीदतमंदों की उमड़ी भीड़ कुल शरीफ की रस्म की गई अदा

**कुन्दरकी।** मोहल्ला बाजार स्थित सैयद सुल्तान मियां रहमतुल्लाह अलैहि के मजार पर चार दिवसीय उर्स



मुबारक का समापन सोमवार को कुल शरीफ की रस्म के साथ हुआ। उर्स के दौरान दरगाह पर हजारों अकीदतमंदों की मौजूदगी में कुल शरीफ मुकम्मल हुआ, कुल शरीफ के दौरान अमन-चौन की दुआएं की गईं। उर्स के पहले दिन कुरान खानी और दूसरे दिन मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया। देर शाम दूर-दराज से आए मशह. ूर कव्वालों ने ख्वाजा गरीब नवाज, साबिर पाक और सुल्तान मियां के कलाम पेश कर महफिल का माहौल रूहानी बना दिया। वहीं अकीदतमंदों ने भी दरगाह पर चादरपोशी कर फूल चढ़ाए और अल्लाह की बारगाह में सुल्तान मियां की निस्बत से दुआएं मांगीं। सज्जादा-नशीन पुत्तन मियां खां साहब ने दरगाह पर हाजिर जायरीन के लिए दुआ-ए-खैर कराई और सबके लिए रहमत, बरकत और सलामती की दुआ की। इस मौके पर पुत्तन मियां खां,सलीम खां,बाबू खां,आसिम खां, तैय्यब भाई,बाबू अली,सत्तर हाफिज, याकूब हाफिज,गुलाम हसन उवेसी, नफीस खां,भूरा सलमानी, सलमान इदरीसी, कमरुद्दीन सैफी, शोएब साबरी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## गिरोहबंद अधिनियम में छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भोजन।** जिलाधिकारी अनुज कुमार की संस्तुति लेने के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कस्बे के मोहल्ला जमींदारान गुलाबबाड़ी निवासी गैंग लीडर आस मौहम्मद पुत्र कलुआ,मोनीस पुत्र शफीक व नसीम उर्फ नन्दू पुत्र बाबू,जामा मस्जिद निवासी कमर पुत्र हफीजुल, तकिया वाला निवासी अल्तमस पुत्र शहजादे एवं मोहल्ला नक्कालान निवासी जुनैद पुत्र भूरा के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। एसएचओ ने बताया आरा. ेपी गैंग लीडर आस मौहम्मद के साथ मिलकर गौवंशीय पशुओं का कटान कर समाज में वैमनस्यता पैदा करते हैं। इनके खिलाफ विभिन्न अदालतों में गोकशी के मुकदमें विचाराधीन है।

# कृषि विज्ञान केंद्र, मुरादाबाद में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कृषि विज्ञान केंद्र, मुरादाबाद-प्रथम एवं द्वितीय की सोमवार को वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पिछले वर्ष की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी वर्ष की कार्य योजना के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।



इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रसार निदेशालय के सयुंक्त निदेशक डॉ सतेंदर खारी ,डॉक्टर मुकेश (प्राध्यापक, एग्रोनॉमी), डॉक्टर पी. के. सिंह (प्राध्यापक), प्रोफेसर एस. के लोधी उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी सहभागिता की, जिनमें मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, मत्स्य सहायक निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, निदेशक गन्ना शोध काशीपुर, सहायक निदेशक मृदा परीक्षण (मुरादाबाद), जिला गन्ना अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी सहित कई विभागीय प्रतिनिधि, स्वयम सहायता समूह से सम्बंधित महिलाएं (गार्गी रानी) और समिति के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में आये समस्त लोगों का मुरादाबाद द्वितीय के प्रभारी अधिकारी डॉ रवींद्र कुमार द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान दोनों कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख वैज्ञानिकों, दीपक कुमार, डॉ शिवशंकर वर्मा, अविनाश, डॉ विश्ववेन्द्र, डॉ सौरभ तोमर ने पिछले वर्ष की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, केंद्र के समस्त वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पुष्पराज यादव, जी डी देवरारी, रणवीर सिंह, दिनेश कुमार आदि ने सहयोग किया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में यातायात माह मनाए जाने के तहत जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में यातायात पुलिस मुरादाबाद की ओर से आईएफटीएम विश्वविद्यालय के शंकर भवन सभागार में यातायात माह मनाए जाने के तहत जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने सत्र के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि युवाओं को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक किए जाने की आवश्यकता है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि आज का सत्र सभी विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभप्रद होगा। इसलिए पुलिस विभाग से आए हुए अधिकारियों की कही गई सभी बातों को आत्मसात करें। सत्र के मुख्य अतिथि व मुरादाबाद के पुलिस अधीक्षक यातायात श्री सुभाष चंद्र गंगवार ने कहा कि सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतों का आंकड़ा हत्याओं से होने वाली मौत से कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि लापरवाही, हाई स्पीडिंग, नींद और शराब पीकर गाड़ी चलाने की वजह से ज्यादा मौतें होती हैं। इससे पूरा परिवार, पूरा समाज और पूरे देश का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि सड़क पर निकलने से पहले यह तय करें कि मोबाइल चलाना, जल्दी पहुंचना, हेडफोन का इस्तेमाल करना ज्यादा जरूरी है या आपकी जान की सुरक्षा ज्यादा जरूरी है। यदि जान की सुरक्षा को आप प्राथमिकता देते हैं तो यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। सत्र के दौरान क्षेत्राधिकारी हाइवे श्री राजेश कुमार ने कहा कि विपरीत दिशा में कभी नहीं चलना चाहिए तथा दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य पहने और दो सवारी से अधिक न बैठें।



चार पहिया वाहन चलते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। मुरादाबाद के यातायात इंस्पेक्टर श्री मिथलेश कुमार ने कहा कि दुर्घटनाओं से होने वाली त्रासदी से बचने के लिए यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि जिन युवाओं का लाइसेंस अभी नहीं बना है वे बिना लाइसेंस वाहन न चलाएं, वर्ना उनके अभिभावकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मोटिवेशनल स्पीकर व काउंसलर श्रीमती ऋतु नारंग ने युवाओं से कहा कि यदि जान है तो जहान है। आप सुरक्षित रहेंगे तो आपका परिवार भी खुशहाल रहेगा। इसलिए आप स्वयं यातायात के नियमों का पालन करें और सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने यातायात सुरक्षा के प्रति शपथ ली कि हम सभी यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करेंगे, और दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की शिक्षिका डॉ. मेघा भाटिया ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सात दिनों में फैसला: सम्भल न्यायालय ने रचा इतिहास

## पॉक्सो केस में रिकॉर्ड समय में सुनवाई पूरी, अपराधी को 10 वर्ष का कारावास व 23 हजार रुपये का जुर्माना

**चन्दौसी।** अपराध करोगे तो बच नहीं पाओगे। अपराधियों पर न्याय का चाबुक और भी तेज होता जा रहा है। जनपद न्यायालय सम्भल द्वारा सोमवार कोएक ऐसा ऐतिहासिक फैसला दिया गया, जिसने न्यायिक प्रक्रियाओं की गति और गंभीरता दोनों का नया मानक स्थापित कर दिया। यह जनपद संभल का पहला मामला है जिसमें अभियोजन पक्ष ने चार्जशीट दाखिल होने के मात्र सात दिनों के अंदर पूरे मुकदमे की सुनवाई पूरी कर ली। गवाहों की जिरह, बयान, बहस और समस्त औपचारिकताओं को रिकॉर्ड समय में सम्पन्न करते हुए न्यायालय ने स्पष्ट रूप से माना कि अभियुक्त ने अपराध किया है और वह दोषी है। अपर जनपद न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह ने अभियुक्त सोनू पुत्र पदमसिंह निवासी ग्राम भरतपुर, थाना बहजोई जिला सम्भल को दोष सिद्ध करते हुए अपराध संख्या 267/2025 में बीएनएस की धारा 137(2) के तहत तीन वर्ष का कारावास एवं 3 हजार रुपये अर्थदंड, बीएनएस की



धारा 87 के तहत पांच वर्ष का कारावास एवं 5 हजार रुपये अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 04 के तहत दस वर्ष के कठोर कारावास एवं 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। पीडिघ्ता की ओर से जोरदार पैरवी विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट आदित्य कुमार सिंह द्वारा की गई। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि संवेदनशील प्रकरणों में त्वरित न्याय न केवल पीडिघ्त पक्ष को राहत देता है बल्कि समाज में कानून के प्रति विश्वास और अपराधियों में भय भी उत्पन्न करता है। यहां उल्लेखनीय है कि बीएनएस लागू होने के बाद मंडल स्तर पर यह पहला मामला है जो इतने कम समय में निस्तारित किया गया है।

चार्जशीट लगने के मात्र सात दिनों के अंदर वाद का गुण-दोष के आधार पर फैसला सुनाया जाना एक मिसाल बन गया है। इस फैसले ने यह भी प्रमाणित कर दिया कि यदि अभियोजन पक्ष, पुलिस और न्यायालय की कार्यप्रणाली मजबूत और सक्रिय हो तो वर्षों तक लंबित रहने वाले मुकदमों के शीघ्र निस्तारण की राह स्वत: आसान हो सकती है।

जनपद अमरोहा और फिरोजाबाद में आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद पीठासीन अधिकारी पॉक्सो एक्ट विशेष न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह द्वारा नियुक्ति के दौरान बीएनएस के अंतर्गत शीघ्रता से मुकदमों का निस्तारण किया जाता रहा है। परंतु संभल जिले में न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह द्वारा इतने कम समय में फैसला सुनाकर अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया। न्यायिक तंत्र की यह प्रभावी कार्यवाही न सिर्फ आगामी मामलों के लिए नई दिशा तय करती है बल्कि यह संदेश भी देती है कि 'तारीख पर तारीख' का दौर अब धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है।

और न्याय समयबद्ध तरीके से भी संभव है।

# नोडल अधिकारी ने छावड़ा में संचालित अपंजीकृत अस्पताल को किया सील

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** तहसील चन्दौसी अन्तर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव छावड़ा में सोमवार को बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे एक अपंजीकृत क्लीनिक को सील किया गया। अपंजीकृत अस्पताल के खिलाफ शिकायत पर सोमवार को डिप्टी सीएमओ डा. विश्वास अग्रवाल ने विभागीय टीम के साथ रोड किनारे चल रहे त्रिवेणी हेल्थ केयर पर छापा मारा। जांच में क्लीनिक संचालिका चिकित्सा संबंधी डाक्यूमेंट्स नहीं दिखा सकी। क्लीनिक अपंजीकृत पाये जाने पर सील कर दिया गया है। इससे पहले अक्तूबर माह में स्वास्थ्य विभाग द्वारा छापा मारा गया था परन्तु अस्पताल बंद मिला और टीम बैरंग लौट गई थी।

सोमवार को अस्पताल के खिलाफ की गई कार्यवाही के कुढ़फतेहगढ़ पुलिस से उपनिरीक्षक आकाश यादव, कांस्टेबल लालबहादुर सिंह शामिल रहे। इस संबंध में डिप्टी सीएमओ डा. विश्वास अग्रवाल ने बताया कि छावड़ा में त्रिवेणी हेल्थ केयर नाम से संचालित क्लीनिक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इससे पहले 13 अक्तूबर को अस्पताल बंद मिला था। आज अस्पताल संचालित मिला और चिकित्सा संबंधी डाक्यूमेंट्स नहीं मिलने पर सील कर दिया गया और मुकदमा भी दर्ज कराया जायेगा।

# टिमिट छात्रों का दो दिवसीय जयपुर शैक्षणिक भ्रमण हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत 'पिंक सिटी' जयपुर का दौरा किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को न केवल ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराना था, बल्कि पर्यटन, व्यापार, कला और स्थानीय उद्योगों के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी प्रदान करना भी रहा।



विद्यार्थियों ने अम्बर किला, सिटी पैलेस, जंतर-मंतर, हवा महल, नाहरगढ़ किला, बिड़ला मंदिर तथा जौहरी बाजार जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया। इन ऐतिहासिक स्थलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने जयपुर के स्थापत्य, राजसी इतिहास, ज्योतिषीय विज्ञान तथा कला-संस्कृति की भव्य परंपरा को करीब से महसूस किया। इसके अतिरिक्त छात्रों ने राजस्थान की पारंपरिक ब्लॉक प्रिंटिंग, हैंडलूम, हस्तशिल्प उद्योग, स्थानीय आभूषण कला तथा सूक्ष्म कुटीर उद्योगों की कार्यशैली का भी प्रत्यक्ष अध्ययन किया। इस दौरान उन्हें यह समझने का अवसर मिला कि किस प्रकार स्थानीय उद्योग पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा देते हैं तथा रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भ्रमण का संचालन संकाय सदस्यों की देखरेख में सुरक्षित, अनुशासित और अत्यंत शिक्षाप्रद वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर डॉ. विपिन जैन ने कहा कि जयपुर का यह शैक्षणिक दौरा छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा, "ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं। वे देश की संस्कृति, इतिहास और उद्योगों को पुस्तकीय ज्ञान से अलग एक व्यावहारिक रूप में समझ पाते हैं। मैं सभी छात्रों और आयोजन टीम को सफल एवं अनुशासित यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।" भ्रमण से लौटे छात्रों ने भी इसे एक यादगार अनुभव बताया और कहा कि इस यात्रा ने उनके अकादमिक ज्ञान को वास्तविक जीवन से जोड़ते हुए नई सीख और प्रेरणा प्रदान की।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 236-DRM-MB-25-26 Dt. 17.11.2025 | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम: Deployment of Patrol Mitra/Patrolman companion for daily inspection of track and patrolling of track in the section of Sr. DEN-IV/MB. | | | |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 11.12.2025 | टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 74,12,848.20 | धरोहर राशि | 1,48,300.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह | बिडिंग आरम्भ तिथि | 27.11.2025 |

टेंडर नं. Sr.DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक-17.11.2025 3561/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# दुपहिया वाहनों को लेकर नगर में चलाया चेकिंग अभियान

**चन्दौसी।** नगर में तेज रफ्तार और शोरगुल वाले वाहनों का आतंक बढ़ता जा रहा है। कुछ युवक अपनी बाइक में ऐसे मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर घूम रहे हैं, जिनसे तेज धमाके जैसी आवाज निकलती है। कॉलेज परिसर और मुख्य मार्गों पर अचानक होने वाले इन धमाकों से राहगीर घबरा जाते हैं और कई बार हादसे होने की स्थिति बन जाती है। इसी के साथ सड़कों पर नाबालिगों द्वारा लापरवाही से दुपहिया वाहन दौड़ाना भी चिंता का विषय बना हुआ है। इसको गंभीरता से लेते हुए सोमवार को इंस्पेक्टर मोहित कुमार बालियान के निर्देशन में नगर की सभी चौकियों पर एक साथ चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिसकर्मियों ने दोपहिया वाहनों को रोककर दस्तावेजों की जांच की और नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटे। वाहन चालकों को हेल्मेट अनिवार्य रूप से पहनने, वैध ड्राइविंग लाइसेंस साथ रखने तथा वाहन को निर्धारित गति सीमा में चलाने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस ने कहा कि नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# यातायात माह में स्कूली बच्चों की रचनात्मक चमक

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक कुमार के निर्देशन में यातायात माह के अंतर्गत जनपद सम्भल की यातायात पुलिस द्वारा भगतजी इंटरनेशनल स्कूल बहजोई और सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल चंदौसी में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपने रंगों और शब्दों के माध्यम से सड़क सुरक्षा को बेहद रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। यातायात माह के दौरान भगतजी इंटरनेशनल स्कूल, बहजोई और सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल, चंदौसी में आयोजित चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता बच्चों की कल्पनाशक्ति से भर उठी। किसी ने ट्रैफिक लाइट को दोस्त बनाया, तो किसी ने हेलमेट को 'सेफ्टी सुपरहीरो' का रूप दे दिया। छोटे-छोटे हाथों से निकले ये रंग और विचार सड़क सुरक्षा का बड़ा संदेश दे गएकृ सुरक्षा भी कला है, बस समझने की जरूरत है। बच्चों का यह उत्साह और कल्पनाशक्ति यातायात नियमों के प्रति बढ़ती जागरूकता का सुंदर संदेश देती है।


**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मौहम्मद इमरान व पुत्रवधू श्रीमती फातमा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमती नाजमा बी पत्नी एजाज अहमद व एजाज अहमद पुत्र अब्दुल मजीद निवासीगण मोहल्ला ठाकुरान नई बस्ती बिलारी तह0 बिलारी, जिला मुरादाबाद।



**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (सी०डि०) कोर्ट नं०1/ लघुवाद न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद।**

**निष्पादन वाद सं.:** 10 सन 2025

(**कम्प्यूटर नम्बर:** 49/2025)

**सम्बन्धित लघुवाद संख्या:** 42 सन् 1997

**तारीख पेशी:** 24.11.2025

**श्रीमती इन्दिरा देवी आदि बनाम श्रीमती शकीना बेगम आदि।**

**बनाम**

1. श्रीमती शकीना बेगम बेवा जुम्मा (मृतक), 1/1. श्रीमती सरताज जहां पुत्री खलील, 1/2. मुमताज जहां पुत्री खलील, 1/3. कु0 शबीना पुत्री खलील, 1/4. मौहम्मद अजीम पुत्र खलील, 1/5. कुमारी तबस्सुम जहां पुत्री खलील, 1/6. श्रीमती जरीना बेगम पत्नी खलील अहमद, 1/7. अख्तरी बेगम पुत्री जुम्मा, 1/8. असगरी बेगम पुत्री जुम्मा, 1/9. सरवरी बेगम पुत्री जुम्मा, 1/10. अनवरी बेगम पुत्री जुम्मा, 1/11. अकबरी बेगम पुत्री जुम्मा, 1/12. मुश्तरी बेगम पुत्री जुम्मा निवासीगण सराय हुसैनी बेगम, मुरादाबाद, 2. जलील अहमद पुत्र जुम्मा, 3. जलीम अहमद पुत्र जुम्मा, 4. शरीफ अहमद मृतक, 4/1. मौहम्मद शाहीद, 4/2. मौहम्मद आरिफ पुत्र शरीफ अहमद बविलायत मौहम्मद शाहिद सगा भाई निवासीगण सराय हुसैनी बेगम, मुरादाबाद, 5. शकील अहमद, 6. अकील अहमद मृतक, 7. मौहम्मद नफीस, 8. मौहम्मद नफीस पुत्रगण खलील अहमद निवासीगण सराय हुसैनी बेगम मुरादाबाद, 9. श्रीमती कैसर जहां बेवा अकील अहमद, 10. नईम अहमद, 11. शरीफ अहमद पुत्रगण अकील अहमद निवासीगण सराय हुसैनी बेगम, मुरादाबाद, 12. श्रीमती इकरा पत्नी महबूब अली पुत्री मृतक अकील अहमद निवासी दुर्गा नगला जिला रामपुर। **प्रतिवादीगण / निर्णीत ऋणी।** चूंकि उपरिनामांकित श्रीमती सरताज जहां आदि डिकीदारान के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि निष्पादन डिकी अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिए 2025 के माह 11 के दिवस 24 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुदष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो, यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 15.11.2025 को निकाली गई।

**प्रबंधक**
**अपर सिविल जज (सी०डि०) प्रथम, मुरादाबाद।**



**खोया-पाया सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खलीक अहमद पुत्र अब्दुल अजीज के नाम एक मूल बयनामा जिसका बही संख्या-1, जिल्द संख्या 1928, पृष्ठ 213 से 230 क्रमांक 3598, दिनांक 23.8.1999 को उप निबंधक कार्यालय में पंजीकृत है, वास्तव में खो गया है, संपत्ति स्थित ग्राम जयंतीपुर तहसील व जिला मुरादाबाद, जिसका प्रयोग अवैध होगा। **अजहर उद्दीन पुत्र श्री खलीक अहमद निवासी मोहल्ला गलशहीद, रायना गली, थाना गलशहीद जिला मुरादाबाद, मोबाइल नंबर 8979772636**


# कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**मुरादाबाद।** पुष्पेंद्र वर्णवाल स्मृति न्यास मुरादाबाद संस्था द्वारा यादव धर्मशाला कंजरी सराय में कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. महेश दिवाकर ने तथा संचालन संस्था के संयोजक पंडित रवि चतुर्वेदी ने किया मुख्य अतिथि के रूप में धीरशान्त दास तो विशिष्ट अतिथि के रूप में रघुराज सिंह निश्चल और धवल दीक्षित मंचासीन रहे। कार्यक्रम में कवि फक्कड़ मुरादाबादी एव विवेक निर्मल का सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत शारदे वंदना से हुई जिसको रवि चतुर्वेदी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सभी साहित्यकारों ने अपनी-अपनी रचना प्रस्तुत की।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, जोया (अमरोहा)**

पत्रांक: 1972/आंकिक/क्षेत्र पंचायत/निविदा प्रकाशन/2025-26 दिनांक: 17.11.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी जोया में क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु टेण्डर (निविदा) दिनांक 17.11.2025 से 01.12.2025 की 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 02.12.2025 को समय 11.00 बजे पूर्वाहन में विकास खण्ड जोया के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा खोली जानी प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | योजना | कार्य का नाम | BOQकी धनराशि (रू. में) | प्राक्कलन की कुल धनराशि | धरोहर धनराशि ( रू. में) 10%की एफडीआर | | निविदा प्रपत्र मूल्य रू. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | EMD 2% | जमानत8% | | |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 8 | 9 |
| 1 | 15वां वित्त आयोग (टाइड फण्ड) | ग्राम शकरपुर समसपुर में गुरूद्वारे के पास प्याऊ की स्थापना | 317831 | 382182 | 6400 | 25500 | 400 | 90 दिवस |
| 2 | | ग्राम शकरपुर समसपुर में छोटी मस्जिद के पास प्याऊ की स्थापना। | 317579 | 382312 | 6400 | 25500 | 400 | 90 दिवस |
| 3 | | ग्राम धनौरी अहीर में रियाजुउ्दीन के स्कूल के पास प्याऊ की स्थापना | 314569 | 378207 | 6300 | 25500 | 400 | 90 दिवस |
| 4 | | ग्राम शकरपुर समसपुर में मन्दिर के पास प्याऊ की स्थापना | 317579 | 382312 | 6400 | 25500 | 400 | 90 दिवस |
| 5 | | ग्राम ककराली में पंचायत घर के पास चौराहे के पास प्याऊ की स्थापना | 311059 | 373983 | 6300 | 25000 | 400 | 90 दिवस |
| 6 | | ग्राम कमालपुर जैद में मस्जिद के पास प्याऊ की स्थापना | 317979 | 382312 | 6400 | 25500 | 400 | 90 दिवस |
| 7 | | ग्राम श्यौनाली में हाजी रईस व कब्रिस्तान के पास प्याऊ की स्थापना | 314519 | 378147 | 6300 | 25500 | 400 | 90 दिवस |
| 8 | | ग्राम बुढ़नपुर में कस्तूरबा विद्यालय के पास प्याऊ की स्थापना। | 314519 | 378147 | 6300 | 25500 | 400 | 90 दिवस |
| 9 | | ग्राम सरकड़ा कमाल में गुरूद्वारे के पास प्याऊ की स्थापना | 314519 | 378147 | 6300 | 25500 | 400 | 90 दिवस |
| 10 | | ग्राम हैबतपुर में पंचायत घर के पास प्याऊ की स्थापना। | 317979 | 382312 | 6400 | 25500 | 400 | 90 दिवस |
| 11 | | ग्राम दीपपुर मतें मदरसे के पास प्याऊ की स्थापना | 317979 | 382312 | 6400 | 25500 | 400 | 90 दिवस |
| 12 | | ग्राम कांकर सराये में मदरसे के पास प्याऊ की स्थापना। | 317059 | 373983 | 6400 | 25500 | 400 | 90 दिवस |
| 13 | | ग्राम फरीदपुर अफजलपुर में ईदगाह के पास प्याऊ की स्थापना | 314629 | 378213 | 6300 | 25500 | 400 | 90 दिवस |
| 14 | | ग्राम रजबपुर में दरगाह के पास प्याऊ की स्थापना। | 314519 | 378207 | 6300 | 25500 | 400 | 90 दिवस |
| 15 | | ग्राम जिवाई में दरगाह के पास प्याऊ की स्थापना | 317979 | 382312 | 6400 | 25500 | 400 | 90 दिवस |

खण्ड विकास अधिकारी
जोया (अमरोहा)



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विंडीज के खिलाफ शेष वनडे में मिशेल का खेलना संदिग्ध

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** विंडीज के खिलाफ मैच जिताऊ शतक बनाने वाले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल का कमर में खिचाव की परेशानी के कारण शेष वनडे सीरीज में खेलना संदिग्ध है। हेगले ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में 119 रनों की शतकीय पारी खेलने वाले डेरिल मिशेल को मैच के दौरान कमर में खिचाव की समस्या का सामना करना पड़ा था। उन्हें अपनी बाईं कमर का स्कैन करवाना होगा। न्यूजीलैंड ने बताया कि मिशेल स्कैन के लिए क्राइस्टचर्च में ही रुकेंगे। मेडिकल अपडेट से बाकी श्रृंखला के लिए उनकी उपलब्धता तय होने की उम्मीद है, और हेनरी निकोल्स को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है।

### पुर्तगाल ने फीफा विश्व कप में अपनी जगह पक्की की

**बर्लिन, वार्ता।** जोआओ नेवेस और ब्रूनो फर्नांडीस की हैट्रिक की बदौलत पुर्तगाल ने पोर्टो में आर्मेनिया को 9-1 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। कप्तान रोनाल्डो के निलंबन के बाद, पुर्तगाल ने रविवार को पोर्टो में अपनी नई अग्रिम पंक्ति के साथ मैदान में उतरकर जल्द ही मैच पर नियंत्रण हासिल कर लिया। रेनाटो वेइगा ने सातवें मिनट में गोल करके शुरुआती बढ़त दिलाई, जिससे मेजबान टीम के पास गेंद पर कब्जा करने का दबदबा बना रहा। आर्मेनिया ने 18वें मिनट में पहला अच्छा मौका पाकर बराबरी कर ली, लेकिन पुर्तगाल ने तेजी से जवाबी हमला किया व रामोस ने 10 मिनट बाद गोलकर बढ़त हासिल कर ली, जिसके बाद नेवेस ने दो और फर्नांडीस ने एक और गोल करके रॉबर्टो की टीम को हाफटाइम तक 5-1 से आगे कर दिया।

# अनुया प्रसाद ने स्वर्ण व प्रांजलि धूमल ने जीता रजत पदक

## अनुया ने डेफ फाइनल विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अनुया प्रसाद और उनकी साथी प्रांजलि प्रशांत धूमल ने यहां आयोजित 25वें ग्रीष्मकाल. ीन डेफलिपिक में निशानेबाजी की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। अनुया ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही डेफ फाइनल विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ा और प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड तोड़कर फाइनल में जगह बनाई।

क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले अभिनव देशवाल ने पुरुषों की स्पर्धा में रजत पदक जीता। इसी के साथ दो दिनों की प्रतियोगिता के बाद डेफलिपिक में भारत के निशानेबाजी पदकों की संख्या सात हो गई।

अनुया ने फाइनल की पहली सीरीज में 52.5 का स्कोर बनाया और पूरी प्रतियोगिता में अपनी बढ़त बनाए रखी और अंततः 241.1 के अंतिम स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रांजलि से 4-3 अंक अधिक था। प्रांजलि ने 236.8 का स्कोर के साथ रजत पदक जीता। ईरान की महला समी ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले क्वालीफिकेशन में, प्रांजलि ने अपने ही विश्व और डेफलिपिक रिकॉर्ड तोड़ दिए थे, उन्होंने 572.12ग का स्कोर बनाया, जिससे क्रमशः 568 और 561 के पिछले रिकॉर्ड बेहतर हुए। पुरुषों की स्पर्धा में, अभिनव देशवाल ने 235.2 का स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। कोरिया के ताए यंग किम ने 238.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि क्रोएशिया के बोरिस ग्रामन्याक ने 215.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। अभिनव ने क्वालीफिकेशन में 576 अंक बनाकर विश्व और डेफलिम्पिक्स विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय रुद्र विनोद कुमार 549 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में 12वें स्थान पर रहे। एयर राइफल मिश्रित टीमें कल प्रतिस्पर्धा करेंगी।




# सिनर ने दूसरी बार जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

## इटली के टेनिस स्टार खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल में स्पेन के अल्काराज को हराया

**इटली, वार्ता।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराकर लगातार दूसरी बार अपना एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता।

सिनर ने रविवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी अल्काराज को 7-6 (7-4), 7-5 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। सिनर ने पिछले तीन एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप मैचों में शामिल रहे हैं और उन्होंने लगातार दूसरी बार खिताब जीता है। 2023 के संस्करण में उन्हें सर्बिया के नोवाक जोकोविच से हार का सामना करना पड़ा था। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा कि कार्लोस के खिलाफ खेलना मुश्किल था। वह खेल में वापसी करने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मैं बहुत खुश हूं। यह बहुत ही कठिन मैच था। इस सीजन का इस तरह अंत करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। सिनर और अल्काराज ने साल के चारों ग्रैंड स्लैम खिताब बराबरी पर जीते हैं, जिसमें सिनर ने ऑस्ट्रेलियन और विबलडन का खिताब जीता, जबकि स्पेनिश खिलाड़ी ने फ्रेंच और यूएस ओपन में जीत हासिल की। ट्यूरिन में ग्रुप चरण में तीन जीत के बाद, अल्काराज ने साल के अंत में नंबर वन रैंकिंग हासिल की, सिनर दूसरे स्थान पर हैं।

# गुरप्रीत ने काहिरा में जीता रजत

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव से इनर 10 के अधार पर हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मिस्र के काहिरा स्थित ओलंपिक शूटिग रेंज में आयोजित प्रतियोगित में गुरप्रीत सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में गुरप्रीत का यह दूसरा व्यक्तिगत पदक है, पहला पदक भी उन्होंने 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। फ्रांस के यान पियरे लुई फिड्रिसी ने कांस्य पदक जीता। गुरप्रीत ने दो दिनों की प्रतियोगिता में प्रिसिशन और रैपिड चरणों में कुल 584 अंक हासिल किए, जबकि कोरोस्टाइलोव ने 29 इनर 10 और अंतिम रैपिड राउंड में 100 का परफेक्ट स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय निशानेबाज प्रिसिशन चरण के बाद 288 अंक



● गुरप्रीत सिंह 25 मी. सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में यूक्रेन के पावलो से हारे

(95,97,96) के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर थे। उन्होंने दूसरे दिन वापसी करते हुए रैपिड चरण में 296 अंक (98,99,99) का शानदार स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। प्रिसिशन चरण के बाद 291 के स्कोर के साथ अग्रणी रहे यूक्रेनी निशानेबाज ने रैपिड चरण में 293 अंक का स्कोर बनाकर गुरप्रीत के स्कोर की बराबरी की और स्वर्ण पदक जीता। प्रिसिशन चरण के बाद 291 अंक के साथ पदक की दौड़ में शामिल हरप्रीत सिंह दूसरे स्थान पर रहे थे, रैपिड चरण में केवल 286 अंक ही बना सके, जिससे वे अंततः नौवें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय निशानेबाज, साहिल चौधरी 561 अंक के साथ 28वें स्थान पर रहे। तीनों निशानेबाज टीम पदक तालिका से बाहर रहे और पांचवें स्थान पर रहे। भारत ने विश्व चैंपियनशिप में कुल 13 पदकों (तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए अपना अभियान समाप्त किया। चीन ने 12 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक जीते, जबकि दक्षिण कोरिया ने सात स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जीते। 10 मीटर एयर पिस्टल में सम्राट राणा, 50 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में रविदर सिंह और 10 मीटर पुरुष एयर पिस्टल टीम ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि 50 मीटर थ्री पोजशिन पुरुष में ऐश्वर्य प्रताप, 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में अनीश, 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में गुरप्रीत सिंह, 10 मीटर एयर पिस्टल पदक जीता।

## भारत के काले और लोपेज की जोड़ी ने अपना पहला बीडब्ल्यूएफ युगल खिताब जीता

**जाम्बिया, वार्ता।** भारतीय शटलर अनुज काले और इयान लोपेज की जोड़ी ने अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना की जोड़ी को हराकर बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब जीता। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सेंटर में रविवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए बैडमिंटन रैंकिंग में 386वें स्थान पर काबिज काले और लोपेज ने 26 मिनट तक चले मुकाबले में हमवतन और दुनिया की 618वें नंबर की जोड़ी अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना को 21-9, 21-13 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले इस युवा भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में जाम्बिया के गैनलियन डोंग और डाकिग हू की जोड़ी को सीधे गेमों में हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। दोनों खिलाड़ियों के लिए यह उनका पहला बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन खिताब है। इस बीच, पुरुष एकल में, भारत के हेमंत गौड़ा 44 मिनट तक चले फाइनल में यूएई के शशांक साई मुन्नांगी से 21-11, 13-21, 12-21 से हारकर उपविजेता रहे। चौथी वरीयता प्राप्त और 370वीं रैंकिंग वाले गौड़ा ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त एप्रैम स्टीफन सैम को हराकर शानदार उलटफेर किया था। लेकिन पहला गेम जीतने के बावजूद खिताबी मुकाबले में वह हार गए।

## भारतीय टीम सुल्तान अजलान शाह कप के लिए मलेशिया रवाना

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 से 30 नवम्बर तक होने वाले 31वें सुल्तान अजलान शाह कप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सोमवार तड़के बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से मलेशिया के इपोह के लिए रवाना हुई। इस संस्करण में भारत 23 नवम्बर को अपने शुरुआती मैच में कोरिया से भिड़ेगा, उसके बाद राउंड-रॉबिन चरण में बेल्जियम, मेजबान मलेशिया, न्यूजीलैंड और कनाडा के खिलाफ मैच होंगे। लीग चरण के अंत में शीर्ष दो टीमें 30 नवम्बर को होने वाले फाइनल में अपनी जगह पक्की करेंगी। पिछले कुछ हफ्तो से भारतीय टीम ने बेंगलुरु में अभ्यास किया है। डिफेंडर संजय टूर्नामेंट में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। कप्तान संजय ने कहा कि हम सुल्तान अजलान शाह कप का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीम ने पिछले कुछ हफ्तो में कड़ी मेहनत की है, सामरिक अनुशासन और फिटनेस दोनों पर ध्यान केंद्रित किया है। यह टूर्नामेंट हमेशा एक बेहतरीन प्रतिस्पर्धी माहौल और मजबूत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खुद को परखने का मौका प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार और प्रेरित हैं।

# गिल को मिली अस्पताल से छुट्टी



● द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गर्दन में अकड़न के कारण हुए थे भर्ती

**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गर्दन में आई अकड़न के इलाज के बाद भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को एक निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हालांकि अगले शनिवार को गुवाहाटी में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है, क्योंकि टीम प्रबंधन उनके कार्यभार को ध्यान में रखकर ही अंतिम निर्णय लेगा।

गिल अब होटल में अपने साथी खिलाड़ियों से जुड़ेंगे। लेकिन ऐसा माना जा रहा कि वह मंगलवार सुबह कोलकाता में होने वाले अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लेंगे। पूरी टीम बुधवार को गुवाहाटी के लिए उड़ान भरेगी। लेकिन चूंकि गिल गर्दन की समस्या से उबर रहे हैं और वाणिज्यिक उड़ान (कमर्शियल एयर ट्रैवल) की सलाह आमतौर पर ऐसे खिलाड़ियों को नहीं दी जाती। इसलिए ऐसी अटकलें हैं कि वह टीम के साथ उस दिन यात्रा न करें। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच के बाद बताया कि शुभमन गिल की फॉटिनेस पर मेडिकल टीम लगातार नजर बनाए हुए है और फिजियो जल्द ही उनकी एक और जांच करेगा।

चौथी पारी में गिल के बाहर होने से भारत के पास एक बल्लेबाज कम रह गया था और कम स्कोर वाले मुकाबले में यह कमी सीधे असर डाल गई। गंभीर ने माना कि यह स्थिति आसान नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह एक चुनौती भरी परिस्थिति थी। शुरुआत से हम जानते थे कि हमारी बल्लेबाजी में एक खिलाड़ी कम है। शुभमन उपलब्ध नहीं थे और लंच से पहले दो विकेट गिर गए, तो व्यवहारिक तौर पर हम तीन विकेट खो चुके थे। फिर भी हमें भरोसा था कि अगर एक पचास रन की साझेदारी या दो चालीस रन की साझेदारियां बन जातीं, तो मैच की दिशा अलग हो सकती थी। अगर गिल गुवाहाटी टेस्ट के लिए फिट नहीं होते, तो उनके स्थान के लिए बी साई सुदर्शन और देवदत्त पड़िक्कल को विकल्प के तौर पर देखा जा सकता है। पड़िक्कल ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में एक-एक टेस्ट खेला था। अगर टीम एक बदलाव तक सीमित रहती है, तो भारत की अगली इलेवन में सात बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल होंगे। कोल. काता टेस्ट में भारत ने पहली बार छह बाएं हाथ के बल्लेबाज खिलाए थे। ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने अपने आठ में से छह विकेट बाएं हाथ के बल्लेबाजों को आउट करके इस कमजोरी को उजागर भी किया, जबकि पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर एडन मारक्रम ने भी एक विकेट लिया था।

# संगकारा निभाएंगे आरआर के क्रिकेट निदेशक और मुख्य कोच की दोहरी भूमिका

**जयपुर, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दौरान कुमार संगाकारा राजस्थान रॉयल्स (आआर) के प्रमुख कोच और क्रिकेट निद. ेशक की दोहरी भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही पिछली बार बल्लेबाजी कोच रहे विक्रम राठौड़ को टीम का सहायक कोच बनाया गया है। संगाकारा पहले भी 2021 से 2024 तक टीम के प्रमुख कोच रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में आआर की टीम 2022 के फाइनल और 2024 के प्लेऑफ में पहुंची थी। आआर ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि वह एक ऐसा दौर था, जिसमें टीम के प्रदर्शन और निरंतरता में साफ बढ़ोतरी देखी गई। फ्रैंचाइजी के मुख्य मालिक मनोज बदाले ने कहा कि हम बेहद खुश हैं कि कुमार एक बार फिर प्रमुख कोच के रूप में लौट रहे हैं। टीम को उनकी पहचान, नेतृत्व और रॉयल्स के कल्चर



की गहरी समझ से निरंतरता और स्थिरता का सही संतुलन मिलेगा। कुमार ने हमेशा हमारा पूरा भरोसा जीता है। उनकी स्पष्टता और क्रिकेट की समझ टीम को अगले स्तर तक ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी। इसके साथ बल्लेबाजी कोच राठौड़ का प्रमोशन भी हुआ है। फ्रैंचाइजी ने यह भी घोषणा की कि शेन बॉन्ड गेंदबाजी कोच, ट्रेवर पेनी और सिड लाहिरी क्रमशः सहायक कोच और हाई परफॉर्मेंस कोच बने रहेंगे। संगाकारा ने कहा कि प्रमुख कोच के तौर पर लौटना और इस प्रतिभाशाली ग्रुप के साथ काम जारी रखना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि मेरे साथ एक मजबूत कोचिग टीम भी है। विक्रम, ट्रेवर, शेन और सिड अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अनुभव लाते हैं और हम साथ मिलकर खिलाड़ियों को सबसे अच्छी तैयारी देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि हमें टीम के रूप में किस दिशा में जाना है और हमारा लक्ष्य ऐसी टीम बनाना है, जो स्पष्टता, मजबूती और एक उद्देश्य के साथ खेले। टीम प्रबंधन को अब एक नए कप्तान के साथ काम करना होगा, क्योंकि आरआर ने अपने निवर्तमान कप्तान संजू सैमसन को ट्रेड डील में चेन्नई सुपर किंग्स को दे दिया है, जहां से उन्हें रवींद्र जडेजा और सैम करन मिले हैं। टीम ने नितीश राणा, आकाश मधवाल, अशोक शर्मा, फजलहक फारूकी, कुमार कार्तिकेय, कुणाल आदि।

# दिल्ली खेल पत्रकार संघ के वार्षिक पुरस्कार समारोह में मीराबाई को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला

**नई दिल्ली**, वार्ता। दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) ने रविवार को दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में अपना वार्षिक पुरस्कार समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस प्रतिष्ठित समारोह में डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष एवं भारतीय तीरंदाजी संघ के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस समारोह को डीडीसीए, प्रो कबड्डी लीग, वड्र्सवर्क कम्युनिकेशंस और प्रोकैम इंटरनेशनल सहित आधिकारिक प्रायोजकों का भरपूर समर्थन प्राप्त था। इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न खेल पत्रकार खेल जगत और उसकी हस्तियों का सम्मान करने के साथ-साथ इस क्षेत्र के अनुभवी पत्रकारों के अमूल्य प्रयासों को भी सम्मानित करने के लिए एकत्रित हुए। तीन

● इस प्रतिष्ठित समारोह में डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे

वरिष्ठ पत्रकारों - प्रदीप मैगजीन, विपिन बहुगुणा और केपी मोहन को खेल पत्रकारिता में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनकी दिलचस्प कहानियों ने विभिन्न खेलों के कुछ सबसे यादगार पलों को खूबसूरती से कैद किया है। टोक्यो 2020 की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और उनके कोच विजय शर्मा को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कोच के रूप में सम्मानित किया गया। मशाल स्पोर्ट्स के प्रमुख और प्रो कबड्डी लीग के लीग अध्यक्ष अनुपम गोस्वामी को भी भारत के स्वदेशी खेल के उत्थान के लिए उनके समर्पित प्रयासों के लिए वर्ष के सर्वश्रेष्ठ प्रशासक के रूप में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रोहन जेटली ने कहा कि डीएसजेए वार्षिक पुरस्कार समारोह में यह मेरा दूसरा अवसर है और खेल जगत में खेल पत्रकारों द्वारा दिए गए योगदान को मान्यता देने की यह एक शानदार पहल है। पत्रकार खेलों और खिलाड़ियों को पहचान और लोकप्रियता दिलाने में मदद करते हैं, और इस प्रकार, किसी भी खेल के विकास में उनकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। इस समारोह से जुड़कर डीडीसीए को खुशी हो रही है और मैं विश्वास दिलाता हूं कि हम डीएसजेए को आवश्यक सहयोग प्रदान करते रहेंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अतीत में एक पत्रकार के रूप में काम करने के बाद, मेरे लिए खुशी की बात है कि मैं भी इस बिरादरी का हिस्सा हूं।

# पाक ने श्रीलंका को फिर हराया, सीरीज भी जीती

● गेंदबाजों व बल्लेबाजों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाक ने श्रीलंका को हराया

**रावलपिडी, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद फखर जमान (55), मोहम्मद रिजवान (नाबाद 61) और हुसैन तलत (नाबाद 42) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ आसानी से 212 रनों का लक्ष्य हासिल कर एकदिवसीय मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली। फखर जमान की शानदार शुरुआत और मोहम्मद रिजवान और हुसैन तलत के बीच में लगातार मैच जिताऊ साझेदारी की बदौलत मेजबान टीम ने 5-2 ओवर शेष रहते छह विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने धीमी शुरुआत की




और हसीबुल्लाह खान 12 गेंदों पर शून्य पर आउट हुए। महेश दीक्षाना ने उन्हें आउट किया किया। लेकिन इसके बाद फखर ने जल्दी ही लय पकड़ ली और प्रमोद मदुशन और दीक्षाना के खिलाफ अपनी लय बनाए रखते हुए टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया। उन्होंने 45 गेंदों पर 55 रनों की तेज पारी में आठ चौके लगाए और बाबर आजम के साथ 80 रन जोड़कर पाकिस्तान को 82/1 के स्कोर पर नियंत्रण में ला दिया। इसी दौरान श्रीलंका ने जेफरी वेंडरसे के जरिए वापसी की। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फखर को डीप में कैच कराया, बाबर को 34 रन पर सीधी गेंद पर बोल्ड किया और सलमान आगा को पगबाधा आउट कर पाकिस्तान को 115/4 पर लाकर लड़खड़ाते हुए छोड़ दिया। इसके बाद, रिजवान और तलत ने पारी को संभाला और श्रीलंका के लिए रास्ता बंद कर दिया। रिजवान ने अपना 19वां एकदिवसीय अर्धशतक पूरा किया। वह 92 गें. दों पर केवल चार चौकों की मदद से 61 रन बनाकर नाबाद रहे। तलत ने 57 गेंदों पर नाबाद 42 रनों की संयमित पारी खेलकर उनका साथ दिया। इससे पहले, श्रीलंका ने एक और अच्छी शुरुआत गंवा दी और शीर्ष सात बल्लेबाजों में से छह के अच्छी शुरुआत करने के बावजूद केवल 45-2 ओवरों में 211 रनों पर सिमट गई। पाकिस्तान ने मोहम्मद वसीम जूनियर ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी के लिए भेजे गए पथुम निसांका और कामिल मिशारा ने सकारात्मक शुरुआत की और आठ ओवरों में बिना कोई विकेट खोए स्कोर 55 तक पहुंचा दिया। लेकिन दोनों जल्दी-जल्दी आउट हो गए। निसांका ने 24 रन पर हारिस रऊफ को और 12वें ओवर में मिशारा ने वसीम को 29 रन पर आउट कर दिया। कुसल मेंडिस और सदीरा समरविक्रमा ने 43 रनों की साझेदारी करके टीम को संभालने का प्रयास किया।

# संदिग्ध हालात में युवक का शव मिलने से हड़कंप

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

**कुन्दरकी।** थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर मार्ग स्थित भट्टे के पास संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक



का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त बंबा कालोनी बहजोई निवासी 28 वर्षीय अनिकेत शर्मा पुत्र बाबूराम शर्मा के रूप में की। जानकारी के अनुसार सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने खेत के आगे पाड़ के पास एक युवक को अचेत अवस्था में पड़े देखा। नजदीक जाकर देखने पर युवक मृत मिला, जिसके बाद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी जसपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने बताया कि मृतक अनिकेत शर्मा बहजोई, जनपद संभल का रहने वाला था और एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है, वहीं परिजनों के अनुसार वे किसी तरह की रंजिश से भी इनकार कर रहे हैं उनका कहना हैं उनका पुत्र अनिकेत शर्मा शराब का आदि था।

# दोस्त की धक्का-मुक्की में युवक की मौत

## शराब-खोरी बनी हादसे की वजह

**कुन्दरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र में सोमवार की दोपहर मिलक मोहम्मदपुर बस्तौर निवासी सुरेश पुत्र बुद्धि सिंह की दोस्त की धक्का-मुक्की में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुरेश अपने दोस्त सोनू पुत्र रमेश चंद्र, निवासी रामपुर के साथ ऊंचा कानी मार्ग पर स्थित रामकुमार के खाली पड़े मकान के जीने पर शराब पी रहा था। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। बात बढ़ने पर सोनू ने सुरेश को धक्का दे दिया, जिससे वह नीचे गिर गया और उसका सिर जमीन से टकरा गया। गंभीर चोट



लगने पर सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आरोपी सोनू मौके से फरार बताया जा रहा है। मृतक के परिजनों का आरोप है की सुरेश का पैसे का लेन-देन चल रहा था जिसका सोनू हिसाब कराने के लिए सुरेश को घर से बुलाकर ले गया था, आरोप है सोनू ने पहले तो सुरेश को शराब पिलाई उसके बाद सुरेश के सिर में ईंट मारकर धक्का दे दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। कोतवाली प्रभारी किरनपाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बेहोश होकर प्लेटफार्म पर गिरी 60 वर्षीय महिला, जीआरपी टीम ने दिखाई तत्परता

● रेलवे स्टेशन से जीआरपी थाना पुलिस ने महिला को 108 एंबुलेंस से पहुंचाया गया जिला अस्पताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रेलवे स्टेशन मुरादाबाद पर सोमवार को एक 60 वर्षीय महिला प्लेटफार्म पर बेहोश होकर गिर पड़ीं।इस दौरान जीआरपी टीम ने त्वरित कार्रवाई कर उनकी जान बचाई। घटना प्लेटफार्म संख्या 03 की है, जहां हनुमाननगर लाइनपार, थाना मझौला निवासी 60 वर्षीय कमला पत्नी सतपाल सिंह अचानक बेहोश होकर गिर गईं। जानकारी के अनुसार, वह हार्ट की मरीज हैं और घर से बुद्ध बाजार मार्केट आई थीं। मार्केट से लौटते समय रेलवे स्टेशन होते हुए प्लेटफार्म पर पहुंचने पर उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिर पड़ीं।इस दौरान मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत निरीक्षण और गश्त पर मौजूद महिला उप निरीक्षक चंचल तोमर, कॉन्स्टेबल बन्टी कुमार और महिला आरक्षी आरती कुमारी ने तुरंत उन्हें देखा और बिना देर किए सहायता पहुंचाई। टीम ने महिला को व्हीलचेयर पर बैठाकर प्राथमिक देखभाल प्रदान की और 108 एंबुलेंस बुलाकर उन्हें जिला अस्पताल भेजा, जहां उनका उपचार चल रहा है।घटना की सूचना पुलिस टीम ने उनके परिजनों को भी दी। फोन नंबर के आधार पर संपर्क किए जाने पर महिला के बेटे दिनेश से वार्ता कर उन्हें स्थिति से अवगत कराया गया। अस्पताल पहुंचने की जानकारी मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और जीआरपी टीम का आभार जताया। महिला के परिजनों ने कहा कि पुलिस की तत्परता और मानवीयता के कारण एक बड़ी अनहोनी टल गई।

# एनडीआरएफ की टीम ने छात्रों को बताएं आपदा से बचाव के तरीके



कांठ( शाह टाइम्स) एनडीआरएफ की टीम इंस्पेक्टर चमन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में आज डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ पहुंची और छात्रों को प्राकृतिक आपदा से बचाव के तरीके बताएं। उन्होंने बाढ़ भूकंप आग लगने सांप के काटने बिजली गिरने घायल होने पर पट्टी बांधने स्ट्रेचर बनाने आदि के बारे में छात्रों को जागरूक किया। कहा कि सचेत और दामिनी एप को अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड करके हम प्राकृतिक आपदा से सतर्क रह सकते हैं। उन्होंने प्राकृतिक आपदा बाढ़ आदि के समय किस तरीके से बचाव करना चाहिए इसके बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया इसके साथ-साथ सांप काटने के बाद क्या करें बिजली गिरने की संभावना से बचाव कैसे किया जा सकता है या पानी में घिर जाने के बाद किस तरह से वैकल्पिक तरीके अपना कर बचा जा सकता है जागरूक किया। प्रधानाचार्य केडी अवस्थी एवं शिक्षकों ने इस जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग किया।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय हकीमपुर में न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

**कांठ ( शाह टाइम्स )** न्याय पंचायत फत्तेपुर विश्नोई की न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय हकीमपुर (कम्पोजिट)में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ डॉ कपिल सिरोही, अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक करतार सिंह व संकुल प्रभारी हेतराम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया। प्राथमिक बालक वर्ग में 50 मीटर, 100 मीटर व 200 मीटर में रचित प्राथमिक विद्यालय चंगेरी ने प्रथम,जूनियर स्तर में 100 मी में बासु जूनियर विद्यालय फत्तेपुर प्रथम ने प्रथम स्थान,200 मीटर में अल्फाज जूनियर हाई स्कूल चंगेरी ने प्रथम स्थान व 400 मीटर में तोहिद जूनियर हाई स्कूल फत्तेपुर प्रथम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।बालिका वर्ग प्राथमिक स्तर 50 मीटर, 100



मीटर,200 मीटर में राधिका जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर (कंपोजिट) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जूनियर स्तर बालिका वर्ग में 100 मीटर में सामिया, 200 मीटर में साक्षी ने प्रथम व 400 मीटर में दीव्यांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में बालक वर्ग में जूनियर हाई स्कूल फत्तेपुर (कम्पोजिट)व बालिका वर्ग में जूनियर हाई स्कूल फत्तेपुर प्रथम ने जीत दर्ज की।डॉ कपिल सिरोही द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मैडल पहनकर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। खेल व्यवस्थित एवं शान्ति पूर्वक आयोजित हुए। खेलों के आयोजन में व्यायाम शिक्षिका मीनू कुमारी,संकुल शिक्षक रामचंद्र, शिवानी चौधरी, दीपशिखा विश्नोई का विशेष योगदान रहा। खेल प्रतियोगिता में सर्मेन्द्र सिंह, हरवीर सिंह, दिनेश कुमार, अशोक विश्नोई,श्रुति श्रीवास्तव, दीपक चौहान, अनुपमा रानी वर्मा, चंद्रपाल सिंह, मिनाक्षी वर्मा,नरेन्द्र सिंह,जितेंद्र सिंह, जौली, सलिल चौधरी, किरण बाला, हरपाल सिंह,पूजा, शिप्रा शर्मा, मंजू शर्मा, विवेक सागर,सुनील कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही द्वारा बच्चों को ब्लॉक स्तरीय खेलों के लिए शुभकामनायें दीं गयी।

संचालन कृष्णगोपाल सिंह द्वारा किया गया।

# न्याय पंचायत मौढी हजरतपुर में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** न्याय पंचायत (मौढी हजरतपुर )स्तरीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़ी में कराया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ गढ़ी की प्रधान मेहरुनीशा पत्नी फईम अहमद द्वारा फीता काटकर किया गया।उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़ी की छात्रों द्वारा स्वागत गीत कर प्रतियोगिता को आरंभ किया गया।खेल कूद प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में देव कंपोजिट विद्यालय अकबरपुर चौदरी ने प्रथम स्थान, बालिका वर्ग में सिमरा कंपोजिट विद्यालय अकबरपुर चौदरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

100 मीटर दौड़ बालक वर्ग फरदीन कंपोजिट विद्यालय डाइट परिसर कांठ,बालिका वर्ग में सिमरा कंपोजिट विद्यालय अकबरपुर चौदरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर में फरदीन कंपोजिट विद्यालय डाइट परिसर कांठ, बालिका वर्ग में सिमरा कंपोजिट विद्यालय अकबरपुर



चौदरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में फजल प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर प्रथम ,बालिका वर्ग में राधा कंपोजिट विद्यालय भागीजोत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में सानिब उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़ी ,बालिका वर्ग में वंशिका कंपोजिट विद्यालय बेगमपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में सानिब उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़ी,बालिका वर्ग में वंशिका कंपोजिट विद्यालय बेगमपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालक वर्ग में दीपांशु कंपोजिट विद्यालय भागीजोत,बालिका वर्ग में संजना कंपोजिट विद्यालय पाइंदापुर से प्रथम स्थान प्राप्त किया।लंबी कूद बालक वर्ग में सानिब उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़ी,बालिका वर्ग में आफिया कंपोजिट विद्यालय कांठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक बालक वर्ग में अजीम कंपोजिट विद्यालय कासमपुर, बालिका वर्ग में जीनत उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।ऊंची कूद बालक वर्ग में सानिब उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़ी,बालिका वर्ग में आफिया कंपोजिट विद्यालय कांठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।चक्का फेंक बालक वर्ग में हर्ष उच्च प्राथमिक गढ़ी,बालिका वर्ग में जीनत उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम का संचालन जुबैर अहमद द्वारा किया गया।प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के समस्त विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समस्त खेल अनुदेशक,परिचारक एवं शिक्षकों का कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा।समस्त शिक्षक संकुल मौढी हजरतपुर द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़ी की प्रधानाध्यापक अजमा नाज का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# पट्टी डिलारी ने बीरपुर थान को फाइनल मैच में 36 रनों से हराया



**मूंढापांडे।** क्षेत्र के गांव अक्का डिलारी में चल रहे क्रिकेट टेनिस टूर्नामेंट मैच का फाइनल मैच खेला गया,पट्टी डिलारी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवरों में 6 विकेट पर 225 रन बनाए, 225 रनों को बनाने में बल्लेबाजी करने उतरी बीरपुर थान की टीम 14 ओवर में188 रनों पर आल आउट हो गई, बीरपुर थान की टीम फाइनल टेनिस टूर्नामेंट में 36 रनों से हार गई, पहले बल्लेबाजी करते हुए पट्टी डिलारी टीम के कप्तान फरजान ने बल्लेबाजी करते हुए 72 रन बनाए साथ में बल्लेबाजी कर रहे अनिरुद्ध ने साथ निभाते हुए 44 रनों का योगदान दिया, सोमवार को हुए फाइनल मैच को जीतने वाली टीम को अक्का डिलारी ग्राम प्रधान उस्मान अली, जिला पंचायत सदस्य अजयबीर सिंह यादव ने दस हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया और हारने वाली टीम को पांच हजार रुपए का पुरस्कार दिया दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मेडल और ट्राफी देकर सम्मानित किया, हारने वाली टीम की तरफ से बल्लेबाज नदीम खान ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 73 रन बनाए, इस टूर्नामेंट में शुहेल खान ने 220 रन बनाए जिन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## एक नजर

### धर्म निधि किसान समर्पण के तहत एकत्र की धनराशि



कांठ( शाह टाइम्स) विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धर्म किसान निधि अभियान समर्पण के तहत ग्राम पैगंबरपुर में धर्म रक्षा निधि एकत्रित की यह निधि समाज के कार्यों में जैसे एकल विद्यालय आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के लिए सेवा विभाग के कार्य के लिए खर्च की जाती है। कार्यकर्ताओं ने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यों के बारे में भी ग्रामीणों को बताया और कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इससे जुड़कर समाज सेवा में आगे आना चाहिए। इस मौके पर चौधरी मोनू बिश्नोई बजरंगी अखिलेश चौहान डॉक्टर राहुल पाल बिट्टू ठाकुर अंकित चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डीएसएम में शहीद भगत सिंह आर्मी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ में शहीद भगत सिंह आर्मी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता विश्नोई सन्त महंत स्वामी प्रणवानंद महाराज रहे। मास्टर जितेंद्र बिश्नोई सेंट पोल इंटरनेशनल स्कूल, भानु बिश्नोई अखिल भारतीय विश्नोई सभा (जिला अध्यक्ष) द्वारा दौड़ का शुभारंभ कराया गया। 1600 मीटर में पहला स्थान मिलने पर भूरा बिजनौरी को 2500 रुपए का पुरस्कार दिया गया। दूसरे नंबर पर अर्जुन को 1500 रुपए, तीसरे नंबर पर नितिन यादव को 1100 रुपए देकर सम्मानित किया गया। 800 मीटर में पहला नंबर आने पर मुसीम को 1100 रूपये दूसरे पर मोंटी गुजर को 600 रूपये और तीसरे पर वाशु चौधरी 251 रुपए का पुरस्कार दिया गया। 400मीटर में पहले नंबर पर अतुल कुमार को 1000 रूपये , दूसरे पर अमित पाल को 500 रुपए ओर तीसरे पर राजकुमार चौधरी को 251 रुपए देकर उनका हौंसला बढ़ाया गया। 100 मीटर में पहला नंबर आने पर अरमान को 1000 रुपए का पुरस्कार दूसरे पर गौरव कुमार को 500 रुपए और तीसरे पर आदित्य चौधरी को 251 रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जुल्फिकार अहमद ठेकेदार ,विष्णु प्रजापति विशाल बिश्नोई, हरिओम प्रजापति, मोहम्मद आसिफ, दिव्यांश विश्नोई भाजपा ,मोहित थापर, हिमांशु बिश्नोई, मुनिराज, अनिरुद्ध, वासुदेव, अनिकेत, मनजीत बिश्नोई, अवनीश,यश बिश्नोई (फौजी) , हैप्पी विश्नोई भारतीय किसान यूनियन टिकैत (युवा) जिला उपाध्यक्ष मुरादाबाद आदि मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण शुरू होने से लोगों को मिलेगी राहत



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** चौड़ीकरण के साथ-साथ अब सड़क का निर्माण शुरू होने से लोगों को राहत मिलने वाली है आज संबंधित विभाग द्वारा रसूलपुर रेलवे फाटक से सड़क निर्माण शुरू कर दिया गया है बतादे की सहसपुर बॉर्डर से किसान तिराहा छजलैट तक मुरादाबाद हरिद्वार मार्ग का चौड़ीकरण किया जाना था।

जिसका कार्य पिछले साल शुरू हुआ लेकिन वह काम आज तक पूरा नहीं हुआ कुछ महीनो पहले फिर निर्माण शुरू हुआ लेकिन इसमें कुछ दिन काम होने के बाद रुकावट आ गई अब पिछले महीने शुरू हुआ निर्माण कछुआ चाल से चलता रहा चौड़ीकरण के लिए खुदाई तो हो गई लेकिन अभी नगर के आसपास का टुकड़ा पूरी तरह से कंप्लीट नहीं हो पाया मगर जितना ठीक हुआ विभाग ने उस पर सड़क निर्माण शुरू कर दिया आज रसूलपुर रेलवे फाटक से सड़क का निर्माण शुरू किया गया जिससे अब लोगों को राहत मिलने वाली है सड़क निर्माण पूरा होने के बाद अब लोगों को जाम से भी छुटकारा मिलने की पूरी संभावना दिखाई देने लगी है। कुल मिलाकर सड़क निर्माण से लोगों में खुशी का माहौल है।

### मूंढापांडे में नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन, मंजू रानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**मूंढापांडे।** सोमवार को आयोजित नॉलेज शेयरिंग व नवाचार कार्यक्रम में जनपद स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मंजू रानी (उच्च प्राथमिक वर्ग) व अंजलि सैनी (प्राथमिक वर्ग) व नेहा वर्मा के द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी राजेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में ब्लॉक मूंढापांडे में नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक की प्रत्येक न्याय पंचायत से शिक्षकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा अपने विद्यालय में किया जा रहे अच्छे कार्यों, नवाचार व टीएलएम के बारे में उपस्थित सभी लोगों को बताया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में एआरपी सुमित कुमार, मंजू रानी,अंजलि सैनी, नेहा वर्मा, मंजली, नीरा, अंजली गुप्ता, स्वाति गोयल, दिव्या, बबीता, सुधा, सुरेंद्र, भूपेंद्र, लवकुश, अंकुर,चंद्रशेखर, मयंक आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# मेयर विनोद अग्रवाल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया, शहरवासियों और अधिकारियों ने दी बधाई

**मुरादाबाद।** नगर के पीली कोठी स्थित कैंप कार्यालय में सोमवार को मेयर विनोद अग्रवाल का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही कार्यालय में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। शहर के प्रतिष्ठित नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, व्यापारी वर्ग, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा नगर निगम के कर्मचारी बड़ी संख्या में मेयर को शुभकामनाएं देने पहुंचे। सभी ने फूल मालाओं और गुलदस्तों के साथ मेयर को बधाई दी और उनके स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा सफल कार्यकाल की कामना की।जन्मदिन समारोह के दौरान मेयर विनोद अग्रवाल ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहर के विकास और जनहित के कार्यों के लिए उनकी प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं और आने वाले दिनों में नगर निगम जनता के सहयोग से और बेहतर काम करेगा। मेयर ने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था, यातायात सुधार, विकास परियोजनाओं और सार्वजनिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं गति पकड़ चुकी हैं, जिन पर निरंतर कार्य किया जा रहा है।समारोह में उपस्थित समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों और विभिन्न संगठनों ने मेयर अग्रवाल की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शहर में विकास कार्यों में तेजी आई है। कई संस्थाओं ने मेयर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर नगर निगम कर्मचारियों ने भी मेयर के साथ केक काटकर खुशियां साझा कीं और उन्हें शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मेयर का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया। मेयर विनोद अग्रवाल ने कहा कि शहरवासियों के स्नेह और सम्मान से उन्हें और अधिक जिम्मेदारी के साथ शहर के विकास में योगदान देने की प्रेरणा मिलती है। जन्मदिन समारोह देर शाम तक चलता रहा और पूरे कार्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा।

# अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए एसएसपी सतपाल अंतिल को संगठनों ने किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने एवं अपराधियों पर निर्णायक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को सोमवार को दो सामाजिक एवं किसान संगठनों द्वारा सम्मानित किया गया। "मुरादाबाद नागरिक सुरक्षा सम्मान" के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह तथा विभिन्न नागरिक संगठनों के पदाधिकारियों/सदस्यों ने एसएसपी को स्मृति-चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।गौरतलब है कि प्रॉपर्टी डीलर से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने वाले हिस्ट्रीशीटर बदमाश आसिफ और उसके साथी दीनू को मुरादाबाद पुलिस की टीम ने हाल ही में मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। दोनों अपराधी लंबे समय से गंभीर आपराधिक वारदातों में शामिल थे और क्षेत्र में भय का माहौल बनाए हुए थे। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप दोनों बदमाशों का लोकेशन सर्विलांस के जरिए ट्रेस किया गया। पीछा करने के दौरान अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में हुई मुठभेड़ में दोनों ढेर हो गए। इस कार्रवाई ने जिले में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत किया है।अपराधियों पर की गई इस प्रभावी कार्रवाई और जिले में शांति व्यवस्था कायम



रखने के लिए एसएसपी सतपाल अंतिल को भारतीय किसान यूनियन (लोक जन शक्ति) के पदाधिकारियों ने भी सम्मानित किया। संगठन के सदस्यों ने एसएसपी को स्मृति-चिन्ह व पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनकी सराहना की।सम्मान प्राप्त करते हुए एसएसपी सतपाल अंतिल ने कहा कि यह उपलब्धि पूरी पुलिस टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मुरादाबाद पुलिस अपराध व अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रखेगी तथा जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। संगठनों ने मुरादाबाद पुलिस की इस उपलब्धि को कानून-व्यवस्था के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया और पुलिस टीम के मनोबल की सराहना की।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 18 नवम्बर 2025

# प्रत्यर्पण संधि पर सवाल

बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई है। बांग्लादेश ने भारत से अनुरोध किया है कि वो शेख हसीना को सौंपे। शेख हसीना का कहना है, ट्रिब्यूनल का फैसला पक्षपाती और राजनी.ति से प्रेरित है। अब सवाल उठता है कि क्या भारत उन्हें बांग्लादेश को सौंपेगा, उस प्रत्यर्पण संधि का क्या होगा जो दोनों देशों के बीच हुई थी। शेख हसीना भारत में हैं। अब सवाल उठता है कि क्या भारत उन्हें बांग्लादेश को सौंपेगा। बांग्लादेश ने सबसे पहले दिसम्बर 2024 में भारत से शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध किया था, जो छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद भागकर नई दिल्ली आई थीं। इसके साथ ही उनके 15 साल के शासन का अंत हो गया था। यह अनुरोध भारत के विदेश सचिव की बांग्लादेश यात्रा के दो हफ्ते बाद आया था, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने 8 अगस्त को कार्यभार संभालने के बाद मांग की थी कि भारत हसीना को वापस भेजे, ताकि बांग्लादेश उन पर प्रदर्शनकारियों और उनके विरोधियों के खिलाफ अपराधों और पिछले 15 वर्षों के कार्यकाल के दौरान उन पर किए गए अपराधों के लिए मुकदमा चला सके। अब सवाल उठता है कि उस प्रत्यर्पण संधि का क्या होगा, जिसे ऐसे मामलों के लिए किया गया था। भारत और बांग्लादेश ने जनवरी, 2013 में प्रत्यर्पण संधि पर साइन किए थे। संधि कहती है, अगर कोई फैसला राजनीति से प्रेरित है, तो दूसरा देश प्रत्यर्पण के अनुरोध को अस्वीकार कर सकता है। ट्रिब्यूनल के फैसले से पहले भी हसीना चीजों को राजनीति से प्रेरित बताती रही हैं। वो इसी शब्द का बार-बार इस्तेमाल करती रही हैं। शेख हसीना ने अब अपने बयान में कहा है कि ट्रिब्यूनल का फैसला मेरे खिलाफ आया है। यह गलत फैसला है। पक्षपात है और राजनीति से प्रेरित है। इसमें मेरा पक्ष सुना ही नहीं गया था। यह फैसला ऐसे ट्रिब्यूनल ने दिया है जिसे गैर निर्वाचित सरकार चला रही है। उनके पास जनता का कोई जनादेश तक नहीं है। इसलिए यह गलत है।अब सवाल है कि प्रत्यर्पण संधि में क्या-क्या कहा गया है और उसके प्रावधान क्या हैं। अगर अपराध राजनीतिक प्रख्रति का लगता है, तो प्रत्यर्पण से इन्कार किया जा सकता है। कुछ अपराध, जैसे हत्या, जबरन गायब कर देना और यातना को संधि के तहत राजनीतिक अपराधों की श्रेणी से बाहर रखा गया है। इन्कार के आधारों में ऐसे आरोप भी शामिल हैं जो न्याय के हित में सद्भावनापूर्वक नहीं लगाए गए हैं या ऐसे सैन्य अपराध हैं जिन्हें सामान्य आपराधिक कानून का उल्लंघन नहीं माना जाता है। अनुच्छेद 8 में इन्कार के लिए कई आधारों की सूची दी गई है, जिनमें निम्नलिखित मामले शामिल हैं।जैसे- न्याय के हित में सद्भावनापूर्वक आरोप नहीं लगाया गया है या सैन्य अपराधों के मामले में जो सामान्य आपराधिक कानून के अंतर्गत अपराध नहीं हैं। अब शेख हसीना को उन्हें सौंपा जाएगा या नहीं, यह पूरी तरह से भारत सरकार की प्रतिक्रिय पर टिका है। भारत के पास बांग्लादेश के प्रत्यर्पण अनुरोध को स्वीकार करने के लिए कानूनी और कूटनीतिक साधन हैं, लेकिन सरकार के पास इन्कार करने के स्पष्ट और ठोस आधार भी हैं। सरकार इस बात पर विचार कर सकती है कि क्या ट्रिब्यूनल का फैसला एक प्रामाणिक, निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया को दर्शाता है और क्या एक पूर्व शासनाध्यक्ष को वापस भेजने से उनके साथ दुर्व्यवहार, अपील पर अनुचित सुनवाई या अन्य मानवाधिकार के जोखिम पैदा होंगे।

## देश कुर्सी से कहीं बड़ा



10 नवम्बर को लाल किले पर हुआ विस्फोट देश भर में बढ़ती असुरक्षा की भावना और जम्मू- कश्मीर में केंद्र की नीतियों की विफलता को दिखाता है, आपने दुनिया को बताया कि कश्मीर में सब कुछ ठीक है, लेकिन कश्मीर की परेशानी लाल किले के सामने गूंज रही हैं, आपने जम्मू-कश्मीर को सुरक्षित बनाने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा करने के बजाय, आपकी नीतियों ने दिल्ली को असुरक्षित बना दिया है, हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करके वोट, तो मिल सकते हैं, लेकिन देश किस दिशा में जा रहा है, दिल्ली के लोग शायद यह सोचते हैं कि जितना ज्यादा हिंदू- मुस्लिम विभाजन होगा, उतना ही खून-खराबा होगा, उतने ही ज्यादा वोट उन्हें मिलेंगे, मुझे लगता है कि उन्हें दोबारा सोचना चाहिए, देश कुर्सी से कहीं बड़ा है।

**-महबूबा मुफ्ती, पीडीपी चीफ और जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम**

# जोहरान ममदानी से उमर उन नबी तक वैश्विक मुस्लिम के दो चेहरे



**एम हसन**






उच्च शिक्षित डॉ. उमर-उन-नबी और उनके सहयोगियों, जिनमें लखनऊ की एक महिला डॉक्टर भी शामिल हैं, द्वारा मचाई गई तबाही ने यह साबित कर दिया है कि अगर वैचारिक रुझान ही गलत हैं, तो आधुनिक उच्च शिक्षा किसी भी मुद्दे के लिए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक लड़ाई की गारंटी नहीं है। जोहरान ममदानी और डॉ. उमर-उन-नबी के बीच यही बुनियादी अंतर है। जब वैश्विक शक्तियां, हिंसक और क्रूर अतीत को भुलाकर, एक पूर्व सिर काटने वाले को गले लगा रही थीं, उसी समय उसके वैचारिक भाई 10 नवंबर को दिल्ली की व्यस्त सड़कों पर मौत और तबाही फैलाते हुए बेकाबू हो रहे थे, लेकिन दूसरा पहलू जोहरान ममदानी और कुछ अन्य लोगों का कोमल, शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक चेहरा था, जिन्होंने अपनी चुनावी जीत से साबित कर दिया है कि वैश्विक मुस्लिम समाज के दो अलग-अलग चेहरे हैं।

उच्च शिक्षित डॉ. उमर उन नबी और उनके सहयोगियों, जिनमें लखनऊ की एक महिला डॉक्टर भी शामिल हैं, द्वारा किए गए उत्पात ने यह साबित कर दिया है कि अगर वैचारिक रुझान गलत हैं, तो आधुनिक उच्च शिक्षा किसी भी मुद्दे के लिए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक लड़ाई की गारंटी नहीं है। जोहरान ममदानी और डॉ उमर उन नबी के बीच यही बुनियादी अंतर है।

इसलिए, दिल्ली विस्फोटों को एक आतंकवादी हमले के रूप में देखने के अलावा, मुस्लिम समाज के भीतर उदारवादी ताकतों को शामिल करके मुस्लिम समाज को कट्टरपंथ से मुक्त करने के सरकारी प्रयास भी किए जाने चाहिए। आतंकवादियों का सफाया जरूरी है और पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों को जम्मू-कश्मीर तथा कुछ अन्य इलाकों में इस दिशा में सफलता मिली है, लेकिन उदारवादी इस्लामी विद्वानों को शामिल करके कट्टरपंथ से मुक्ति दिलाने के लिए सिंगापुर मॉडल के धार्मिक पुनर्वास समूह (आरआरजी) को यहां भी लागू किया जा सकता है। दशकों तक कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा देने के बाद, सऊदी अरब और यूएई ने अब कट्टरपंथ से मुक्ति केंद्र चलाना शुरू कर दिया है, जहां उन्होंने अगली पीढ़ी की सुरक्षा के लिए विभिन्न वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल किया है। कुछ साल पहले, मोदी सरकार ने मुस्लिम समाज में कट्टरपंथ के खिलाफ काम करने के लिए प्रमुख सूफी विद्वानों के एक समूह को शामिल किया था। लेकिन विभिन्न अपरिहार्य कारणों से यह सफल नहीं हो सका। हालांकि, पिछले एक दशक में विशुद्ध राजनीतिक कारणों से बड़े पैमाने पर नफरत का माहौल बनने से भी मुसलमानों में कट्टरपंथ को बढ़ावा मिला है।

मुद्दा कारणों की जांच और सुधारात्मक उपाय करने का है। विभिन्न मुस्लिम संगठनों द्वारा दिल्ली विस्फोटों की केवल निंदा और मृत्यु व विनाश पर शोक व्यक्त करने से समस्याओं का समाधान नहीं होगा। मुस्लिम नेतृत्व को अपनी अगली पीढ़ी को वैचारिक अतिवाद और विनाश से बचाना होगा। सोशल मीडिया के साधनों ने भी युवा पीढ़ी पर अत्यधिक नकारात्मक प्रभाव डाला है। समुदाय को ममदानी, गजाला हाशमी (लेफ्टिनेंट गवर्नर, वर्जीनिया), अल अब्देलअजीज (न्यू जर्सी जनरल असेंबली), अब्दुल्ला हम्मूद (मेयर, डियरबॉर्न), मो बेयदौन (मेयर, डियरबॉर्न हाइट्स) और फैजुल कबीर (मेयर, कॉलेज पार्क) जैसे उदारवादी लोगों और विजेताओं से प्रेरणा लेनी चाहिए, न कि देश में हिंसा फैलाने वाली कट्टरपंथी ताकतों से।

सुरक्षा एजेंसियां दिल्ली आतंकवाद को सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र कह रही हैं, लेकिन यह कोई नई घटना नहीं है। उच्च शिक्षित और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित लोग एक संदिग्ध विचारधारा के कारण आतंकवाद की ओर आकर्षित हुए हैं, जिसने वैश्विक मुस्लिम समाजों में हिंसा को बढ़ावा दिया और उन्होंने गरीबी से त्रस्त पृष्ठभूमि के लोगों को संगठित करके अजमल कसाब (2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद पकड़ा गया पाकिस्तान-प्रशिक्षित आतंकवादी) जैसे लोगों को पैदा किया। ओसामा बिन लादेन, अयमान अल-जवाहिरी, अबू बक्र अल बगदादी, मुल्ला उमर और कई अन्य वैश्विक आतंकवादी शिक्षित और पेशेवर रूप से कुशल थे। इसी तरह, न्यूयॉर्क में 9/11 के हमलावर सभी योग्य और कुशल लोग थे, लेकिन विचारधारा ने उनके हाथों में बंदूकें और बम थमा दिए। इस प्रकार सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र लंबे समय से चल रहा है। भारतीय संदर्भ में, यह पैटर्न केवल कश्मीर समस्या ही नहीं, बल्कि अखिल भारतीय समस्या भी है। अगर हम पीछे मुड़कर देखें, तो यह पैटर्न देश के विभिन्न हिस्सों में भी दिखाई देता था। हाल के वर्षों में ध्वस्त हुए घरेलू आतंकी मॉड्यूलों में महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल

> सुरक्षा एजेंसियां दिल्ली आतंकवाद को सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र कह रही हैं, लेकिन यह कोई नई घटना नहीं है। उच्च शिक्षित और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित लोग एक संदिग्ध विचारधारा के कारण आतंकवाद की ओर आकर्षित हुए हैं, जिसने वैश्विक मुस्लिम समाजों में हिंसा को बढ़ावा दिया और उन्होंने गरीबी से त्रस्त पृष्ठभूमि के लोगों को संगठित करके अजमल कसाब (2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद पकड़ा गया पाकिस्तान-प्रशिक्षित आतंकवादी) जैसे लोगों को पैदा किया। ओसामा बिन लादेन, अयमान अल-जवाहिरी, अबू बक्र अल बगदादी, मुल्ला उमर और कई अन्य वैश्विक आतंकवादी शिक्षित और पेशेवर रूप से कुशल थे। इसी तरह, न्यूयॉर्क में 9/11 के हमलावर सभी योग्य और कुशल लोग थे, लेकिन विचारधारा ने उनके हाथों में बंदूकें और बम थमा दिए। इस प्रकार सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र लंबे समय से चल रहा है।

और अब उत्तर प्रदेश के कट्टरपंथी इंजीनियरों, आईटी पेशेवरों और डॉक्टरों की संलिप्तता के संकेत मिले हैं, जहां से लखनऊ में जन्मे दो डॉक्टरों को दिल्ली विस्फोट मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह दर्शाता है कि कट्टरपंथ और उसके बाद हिंसा का सहारा लेने की अपील सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और व्यवसायों में व्याप्त है। आईएस और अल-कायदा का इतिहास बताता है कि ये वैचारिक रूप से अत्यधिक कट्टरपंथी और हिंसक समूह हमेशा अपने विभिन्न शाखाओं में हिंसक अभियानों के लिए शिक्षित पेशेवरों की भर्ती करते रहे हैं। यह पैटर्न बलूच और खालिस्तानी आंदोलनों में भी स्पष्ट है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खाद्य पदार्थों का चेक करें न्यूट्रीशनल लेवल

**दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एड न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर जॉहाना बडविग ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया।**

अमेरिका और यूरोप समेत विश्व के अधिकांश देशों ने कई साल पहले जिस खतरनाक ट्रांस फैट पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी थी। उस फैट का हमारे यहां अभी भी वनस्पति और रिफाइंड तेलों में भरपूर प्रयोग हो रहा है। इस वजह से देश में हृदय, मधुमेह, अल्जाइमर, कैंसर आदि घातक बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ट्रांस फैट को हमारे शरीर को दिनभर में मिलने वाली ऊर्जा का एक प्रतिशत हिस्सा से कम रखने की अनुशंसा की है। गैर सरकारी संस्था सेंटर फॉर साइंस एंड इनवायरमेंट (सीएसइ) ने वर्ष 2012 में 30 ब्रांडेड तेलों पर अनुसंधान करके बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया था।

सीएसई ने इन तेलों का अपनी प्रयोगशाला में परीक्षण करके कहा था कि हमें रसोई के तेल से धीमा जहर मिल रहा है और हम हर रोज खतरनाक बीमारियों की गिरफ्त में जा रहे हैं। इस संस्था ने इन तेलों में डेनमार्क के अंतर्राष्ट्रीय मानक दो प्रतिशत से कहीं अधिक पांच से 23 प्रतिशत तक ट्रांस फैट की मौजूदगी की पुष्टि की थी। सीएसई की इस पहल के बाद भारतीय खाद्य एवं सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफसएएसएआई) ने तेल कंपनियों के लिए भार से 10 प्रतिशत से कम ट्रांस फैट का मानक तय किया और इसे पांच प्रतिशत लाने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। सीएसई के खाद्य एवं सुरक्षा डिविजन के प्रोग्राम मैनेजर अमित खुराना ने बताया कि सरकार ने ट्रांस फैट के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया है कि इसे पांच प्रतिशत पर लाना है, लेकिन देखिए कब तक इसे अमल में लाया जाता है। दस से पांच प्रतिशत पर लाए जाने का सरकार का कदम स्वागत योग्य है। इससे हमारे स्वास्थ्य पर काफी फर्क पड़ेगा। लेकिन भविष्य में इसे नीयर जीरो लाना होगा। हमारी मांग है कि खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग पर इसकी लेबलिग होनी चाहिए। साफ-साफ अक्षरों में सेचुरेटेड और ट्रांस फैट की मात्रा के बारे में उल्लेख होना चाहिए। हमने बाजार में मौजूद कई नामी-गिरामी कंपनियों के खाद्य तेलों पर अध्ययन किया था और उनमें स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक ट्रांस फैट की मौजूदगी पांच से 23 गुना अधिक पाई थी। वर्ष 2012 में हमारे अध्ययन के बाद एफएसएसएआई ने वर्ष 2013 में ट्रांस फैट का लेबल 10 प्रतिशत करने और वर्ष 2015 तक इसे पांच प्रतिशत करने के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया था। फिलहाल यह लेबल 10 प्रतिशत है, लेकिन पांच प्रतिशत के लेबल की समय सीमा को बढ़ा कर इस वर्ष फरवरी तक कर दिया गया है। उम्मीद है इस पर गंभीरता से अमल किया जाएगा।

सीएसई की निदेशक ने कहा है कि पी गोपीचंद राष्ट्रीय हीरो इसलिए नहीं हैं कि उन्होंने दो ओलंपिक मेडलिस्ट, साइना नेहवाल और पीवी सिंधु को तैयार किया है। वह इसलिए आदरणीय और सम्मानीय हैं कि सॉफ्ट ड्रिंक के लिए विज्ञापन करने से मना करने वाले वह इकलौते स्पोर्ट्स मैन हैं। सुश्री नारायण के अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2014 में एफएसएसएआई से जंक फूड और प्रसिद्ध हस्तियों से अस्वस्थ्यकर खाद्य एवं पेय पदाथों के बारे में विज्ञापन के संबंध में गाइडलाइंस तैयार करने को कहा था, लेकिन इस दिशा में कहां कुछ हुआ है। ब्रांड लॉबी की कोशिश होती है कि इस तरह की कोई अच्छी चीज अमल में नहीं आए। स्पेन में बडविग प्रोटोकॉल के तहत कैंसर के खिलाफ वैकल्पिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र का संचालन करने वाले डॉक्टर ने बातचीत में कहा कि मानवीय हितों के लिए अद्वितीय काम करने वाली सीएसई ने केवल भारत की जनता की आंखें ही नहीं खोल दीं बल्कि कुंभकर्ण की नींद सो रहे एफएसएसएआई को भी झकझोर कर उठा दिया है। डा. ने कहा कि आपकी सरकार को जागना ही होगा और अपने लोगों की रक्षा करनी ही होगी, क्योंकि एक देश मुट्ठीभर कंपनियों से नहीं, एक-एक नागरिक को मिलाकर बनता है और देश का स्वास्थ्य हर हाल में सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एड न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर जॉहाना बडविग ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया। दुख की बात है कि आज हमारी हैल्थ केयर सर्विसेज हैल्थ इंडस्ट्री बन चुकी हैं। आज इनका सिद्धांत है कि पहले बीमार करो फिर उपचार करो। और दोनों से कमाओ। पहले 50 रुपये की लागत से बना पिज्जा 500 रुपये में खिलाएंगे और जब हमें कैंसर या कोई दूसरा रोग हो गया तो मुट्ठीभर दवा के हजारों और लाखों वसूलेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रांस फैट टॉक्सिक, अखाद्य और कृत्रिम फैट है।

इसे सस्ते तेलों का आंशिक हाइड्रोजिनेशन करके फैक्ट्री में बनाया जाता है। प्राकृतिक तेल और जीव-वसा में प्राय: यह फैट नहीं होता है। यह देखने में घी और मक्खन की तरह होता है और इसकी शेल्फ लाइफ बहुत अधिक होती है, यानि इसमें बने व्यंजन अधिक देर तक चलते हैं। इसको बनाने में लगात भी कम आती है। इसलिए यह बेकरी, हलवाई और प्रोसेस्ड फूड निर्माताओं का मनपंसद फैट है। घरों में इस्तेमाल होने वाले रिफाइंड ऑयल और वनस्पतियों में भी यह फैट होता है। जानी-मानी कंपनियों के नमकीन चिप्स, बर्गर, छोले भटूरे, समा.सा, कचौड़ी, पकौड़ी, कैंडी, पिज्जा, चॉकलेट, आइसक्रीम आदि में भारी मात्रा में ट्रांस फैट पाया जाता है।

# मीठे और वसा से इस तरह प्रभावित होता है आपका मस्तिष्क

आमतौर पर जब किसी बुरी आदत या लत की बात होती है तो हम धूम्रपान या मद्यपान के बारे में सोचते हैं, लेकिन एक ऐसी भी लत है जिसने वयस्कों और बच्चों की बड़ी संख्या को अपनी चपेट में लिया है। यह लत खानपान की लत है। खानपान में भी विशेष रूप से वसा और चीनी से भरपूर भोजन हमें अधिक लुभाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो भोजन की लालसा मात्र एक भावना नहीं है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दशकों में हमारा भोजन अति-प्रोसेस्ड हो गया है। इस प्रकार का भोजन शरीर में चीनी और वसा संवेदी ग्राहियों को सक्रिय कर डोपामाइन मुक्त करने का काम करता है। प्रोसेस्ड खाद्य शरीर में कुछ ऐसे परिवर्तन करते हैं जिससे मस्तिष्क इनका अधिक सेवन करने को प्रोत्साहित करने लगता है और लंबे समय तक इनका सेवन शरीर के लिए घातक हो सकता है। विशेषज्ञ खानपान की लत को बारीकी से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि भोजन हमारे मस्तिष्क को कैसे प्रभावित करता है।

एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मस्तिष्क से डोपामाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर मुक्त होना है। नशीले पदार्थों के समान खाना खाने से भी डोपामाइन मुक्त होता है। आम समझ है कि डोपामाइन आनंद में वृद्धि करता है लेकिन यह सच नहीं है। यह हमें ऐसे व्यवहारों को दोहराने के लिए उकसाता है जो जीवन के लिए जरूरी हैं। जैसे भोजन करना और प्रजनन। जितना अधिक डोपामाइन मुक्त होगा, उस व्यवहार को दोहराने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। वसा या चीनी युक्त भोजन का सेवन करने पर हमारे मुंह का सेंसर स्ट्रिएटम को डोपामाइन मुक्त करने का संदेश भेजता है। स्ट्रिएटम मस्तिष्क का एक भाग है जो गतियों और पुरस्कार योग्य व्यवहार से जुड़ा है, लेकिन मुंह के सेंसर द्वारा डोपामाइन मुक्त होना पूरी प्रक्रिया का केवल एक हिस्सा है।

विशेषज्ञों के अनुसार आंत में भी वसा और चीनी के लिए एक द्वितीयक सेंसर होता है और वह भी मस्तिष्क के उसी क्षेत्र को डोपामाइन मुक्त करने का संकेत देता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि आंत से मस्तिष्क तक चीनी की उपस्थिति का संकेत कैसे पहुंचता है, लेकिन वसा के संकेत का पता लगाया जा चुका है। ऊपरी आंत में वसा का पता लगने पर वैगस तंत्रिका के माध्यम से पश्चौ-मस्तिष्क को संकेत पहुंचता है जो आखिरकार स्ट्रिएटम तक जाता है। यह देखा गया है कि चीनी व वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ स्ट्रिएटम में डोपामाइन का स्तर सामान्य से 200 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं। यह स्तर निकोटीन और शराब द्वारा की जाने वाली वृद्धि के बराबर है। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि शकर ने डोपामाइन के स्तर को 135 से 140 प्रतिशत तक बढ़ाया जबकि वसा ने इस स्तर को 160 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। तुलना के लिए कोकेन ने सामान्य डोपामाइन के स्तर को तीन गुना किया जबकि मेथाम्फेटामिन ने इसे 10 गुना बढ़ाया। जैसे-जैसे हम भोजन और मस्तिष्क के सम्बंध को समझ रहे हैं, वैसे-वैसे भोजन का उत्पादन इस तरह किया जाने लगा है कि हम खुद को रोक न पाएं। हमारे शरीरों को ऐसे खाद्य पदार्थों से पाट दिया गया है जिनमें कुछ विशिष्ट पोषक पदार्थों की मात्रा अत्यधिक है - जैसे शकर, वसा और नए-नए पदार्थों के सम्मिश्रण।

औद्योगिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ स्टार्च और हाइड्रोजनीकृत वसा से तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा मजेदार स्वाद देने वाले कृत्रिम फ्लेवर, पानी और तेल को घुलनशील रखने वाले इमल्सीफायर और खाद्य सामग्री की संरचना को संरक्षित रखने वाले स्टेबिलाइजर्स ने हमारे भोजन को अधिक आकर्षक तो




बना दिया है लेकिन हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया है। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और बुनियादी चीजों से बनाए खाद्य पदार्थों के बीच अंतर करना जरूरी है। यह अंतर आहार सम्बंधी स्वास्थ्य समस्याओं से बचने का पहला कदम हो सकता है। अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ नशे की तरह काम करते हैं। जितनी तेजी से कोई चीज आपके मस्तिष्क को प्रभावित करती है उतनी ही जल्दी आपको उस चीज की लत लगती है। इसके साथ ही डोपामाइन मुक्त होने की गति को बढ़ाने के लिए कई प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को पहले से ही थोड़ा पचाया गया होता है। आखिर में इस पूरे मुद्दे में सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रोसेस्ड खाद्य सामग्री काफी समय से सुलभ और सस्ती है तथा इसका काफी विज्ञापन भी किया जाता रहा है। लिहाजा, बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो जानते हैं कि यह खाद्य सामग्री स्वास्थ्यवर्धक नहीं हैं लेकिन फिर भी वे अपने आपको रोक नहीं पाते हैं। किसी भी पदार्थ या ड्रग की लत के सम्बंध में सहनशीलता और उसे छोड़ने के परिणाम के सिद्धांत का इस्तेमाल किया जाता है। सहनशीलता यानी किसी ड्रग (या भोजन) का इतना आदी हो जाना कि उतना ही प्रभाव प्राप्त करने के लिए इसका और अधिक सेवन करना पड़े।

जबकि छोड़ने के परिणाम का सम्बंध उन शारीरिक और मानसिक लक्षणों से है जो अचानक किसी नशीले पदार्थ का उपयोग बंद या कम करने पर होते हैं। पूर्व में यह माना जाता था कि भोजन की लत वाले लोग खानपान जारी रखते हैं ताकि खुद को उसे छोड़ने की स्थिति जैसे चिंता, मितली और सिरदर्द से बचा सकें। भोजन के मामले में, डोपामाइन की कमी की परिकल्पना यह बताती है कि अगर हम कुछ खाते हैं और इससे पर्याप्त आनंद नहीं मिलता है, तो हम तब तक खाते रहेंगे जब तक वैसा आनंद महसूस नहीं करते, लेकिन भोजन के मानसिक असर को लेकर अभी पूरी स्पष्टता नहीं है। वर्तमान में वैज्ञानिकों के पास इस बाबत उत्तर कम, प्रश्न अधिक हैं कि हमारा शरीर भोजन का आदी कैसे हो जाता है। हम जानते हैं कि डोपामाइन ही सब कुछ नहीं है क्योंकि सिर्फ इसी से भोजन आनंददायक नहीं बनता है। हालांकि शोधकर्ताओं ने वर्ष 2012 के एक अध्ययन में पाया है कि खाना खाने से हमारे अफीमी ग्राही उत्ते.जित होते हैं, जो आनंद की भावना को बढ़ाते हैं, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी इस प्रक्रिया के बारे में कम ही जानते हैं। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊपरी आंत में एक संवेदक हमारे भोजन की पसंद-नापसंद में कुछ भूमिका निभाता है। कई अन्य इसके लिए हायपोथैलेमस को महत्वपूर्ण मानते हैं जो शरीर के तापमान से लेकर भूख के एहसास तक सब कुछ नियंत्रित करता है।

# ममदानी और ट्रम्प की मुलाकात जल्द!

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया कि वे न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर से भेंट करने के इच्छुक



■ ट्रम्प मेयर चुनाव के दौरान पिछले कई महीनों से ममदानी पर तीखे हमले कर रहे थे

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया कि वे न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी से मुलाकात करने के इच्छुक हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे 'कुछ न कुछ रास्ता निकाल लेंगे', राष्ट्रपति ट्रम्प का यह बयान दोनों नेताओं के बीच चल रही सियासी बयानबाजी के बीच आया है।

ट्रम्प पिछले कई महीनों से ममदानी पर तीखे हमले कर रहे थे। वे उन्हें गलत तरीके से 'कम्युनिस्ट' बताते रहे और दावा करते रहे कि अगर ममदानी जीते तो न्यूयॉर्क बर्बाद हो जाएगा। इतना ही नहीं, उन्होंने ममदानी, जो युगांडा में जन्मे और बाद में अमेरिकी नागरिक बने, को देश से निकालने और शहर से संघीय फंडिंग रोकने की धमकी भी दी थी। लेकिन न्यूयॉर्क की राजनीति ने अलग कहानी लिखी। 34 वर्षीय जोहरान ममदानी, जो कभी अपेक्षाकृत अंजान राज्य विधायक थे, सोशल मीडिया के सितारे बने और ट्रम्प की नीतियों के मुखर विरोधी चेहरों में से एक बनकर उभरे। उन्होंने प्रगतिशील नीतियों और ट्रम्प के कठोर प्रवासी-विरोधी रुख के खिलाफ अभियान चलाया। मेयर चुनाव में उन्होंने पूर्व राज्यपाल एंड्रयू कुओमो को करीब 9 प्रतिशत अंकों से हराकर बड़ी जीत हासिल की। अपनी जीत के भाषण में जोहरान ममदानी ने कहा था कि न्यूयॉर्क देश को दिखाएगा कि ट्रम्प की नीतियों का मुकाबला कैसे किया जाता है। लेकिन अगले ही दिन उन्होंने यह भी कहा कि वे शहर के हित के लिए किसी से भी काम करने को तैयार हैं, चाहे वह राष्ट्रपति ही क्यों न हों। जोहरान ममदानी की टीम ने रविवार को ट्रम्प की टिप्पणी पर सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन यह दोहराया कि नवनिर्वाचित मेयर पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वे व्हाइट हाउस से संपर्क करेंगे, क्योंकि यह संबंध शहर की सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। ट्रम्प ने भी रविवार को इसी सोच को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क के मेयर हमसे मिलना चाहते हैं। हम कुछ न कुछ कर लेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने बाद में स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति ममदानी की बात कर रहे थे। अभी बैठक की तारीख तय नहीं हुई है। ट्रम्प ने कहा कि हम चाहते हैं कि न्यूयॉर्क के लिए सब कुछ अच्छा हो।

## यूक्रेन जाने वाली रेलवे लाइन क्षतिग्रस्त

**वारसॉ।** पोलैंड में यूक्रेन की ओर जाने वाली एक रेलवे लाइन के क्षतिग्रस्त होने के मामले में प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने प्रतिक्रिया करते हुए कहा है कि इस मामले में तोड़फोड़ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। पोलैंड के माजोवीकी वोइवोडीशिप की पुलिस के अनुसार, एक ट्रेन चालक ने मीका रेलवे स्टेशन के निकट, गारवोलिन काउंटी के जर्चिन शहर के पास रेलवे संरचना में गड़बड़ी की सूचना दी। घटना के समय ट्रेन में दो यात्रियों के अलावा कई चालक दल के सदस्य सवार थे। पुलिस ने कहा कि शुरुआती निरीक्षण में पटरी के एक हिस्से को नुकसान होने के कारण ट्रेन को रोकना पड़ा। टस्क ने पुष्टि करते हुए कहा तोड़फोड़ इसका एक संभावित कारण हो सकता है।



नई दिल्ली। खराब वायु गुणवत्ता के बीच पानी का छिड़काव करता 'एंटी-स्मॉग' वाहन।

## रूस ने यूक्रेन के 36 ड्रोन को मार गिराया

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने रविवार रात सात क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय की ओर जारी बयान में कहा गया है कि पिछली रात, 16 नवम्बर को मॉस्को समयानुसार रात 11:00 बजे से 17 नवम्बर सुबह 7:00 बजे तक वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने 36 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि इनमें से 14 को ब्रांस्क क्षेत्र में, आठ को तांबोव क्षेत्र में, पांच को उल्यानोवस्क क्षेत्र में और चार को वोरोनिश क्षेत्र में मार गिराया गया। इसके अलावा, ओर्योल क्षेत्र में तीन ड्रोन और निजनी नोवगोरोड तथा तुला क्षेत्रों में क्रमशः एक-एक ड्रोन को मार गिराया गया।

## पिता की हत्या, निर्वासन, देश लौटने पर प्रतिबंध से सजा-ए-मौत

# चुनौतियों को चुनौती देते हुए सत्ता में लौटी थीं हसीना!



■ कई दशकों के अपने राजनीतिक अनुभव के साथ शेख हसीना ने जबरदस्त ऊंचाइयां हासिल की हैं
■ हसीना के खिलाफ सभी आरोप बीते साल छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा को लेकर थे

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराया है। हसीना को इसी के साथ मौत की सजा सुनाई गई है। गौरतलब है कि उनके खिलाफ सभी आरोप बीते साल छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा को लेकर थे। इन्हें सही पाते हुए ट्रिब्यूनल ने सोमवार (17 नवम्बर) को अपना फैसला सुनाया।

गौरतलब है कि शेख हसीना की सरकार के खिलाफ हुए प्रदर्शनों के बीच भड़की हिंसा देखते ही देखते उग्र हो गई थी। इसका असर यह रहा कि हसीना को एक सैन्य हेलीकॉप्टर के जरिए बांग्लादेश छोड़कर भारत आना पड़ा। दूसरी तरफ बांग्लादेश की सेना ने देश में जल्द से जल्द शांति स्थापित करने और अंतरिम सरकार का गठन करवाने पर जोर दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि शेख हसीना के साथ यह स्थिति कोई पहली बार नहीं है। अपने पिता शेख मुजीब-उर-रहमान की हत्या से लेकर 2008-09 के हिंसक प्रदर्शनों के बाद भी शेख हसीना के सामने कुछ ऐसी ही स्थिति आई थी। हालांकि, हसीना हर बार चुनौतियों को चुनौती देते हुए सत्ता में लौट आईं। 1947 में जन्मीं शेख हसीना बांग्लादेश की राजनीति का सबसे प्रभावी और विवादित चेहरा भी हैं। कई दशकों के अपने राजनीतिक अनुभव के साथ शेख हसीना ने जबरदस्त ऊंचाइयां हासिल की हैं। साथ ही उनके साथ कई विवाद भी जुड़ते चले गए।

हसीना का जीवन और राजनीति सीधे तौर पर बांग्लादेश के इतिहास और पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ है। उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने वाला चेहरा थे। यानी बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन को शेख हसीना ने करीब से अनुभव किया। इस आंदोलन ने उनकी राजनीतिक विचारधारा को भी आकार देने का काम किया। अपने पिता के शासन के दौरान शेख हसीना ने ईडन कॉलेज में उपाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा और जीत भी हासिल की। इसके अलावा उन्होंने पिता की ही पार्टी में छात्र इकाई का जिम्मा भी संभाला।

हालांकि, 1975 में पिता मुजीब-उर-रहमान और अपने परिवार की हत्या की घटना के बाद हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा था। कई वर्षों तक बांग्लादेश से बाहर रहने के बाद आखिरकार 1980 के दशक में हसीना एक बार फिर देश लौटीं और यहां की हलचल भरी राजनीति में उतरीं। शेख हसीना पर अपने पिता का कितना असर रहा, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने बांग्लादेश में अपने राजनीतिक दल का नाम भी आवामी लीग ही रखा। वे 1981 में पार्टी की अध्यक्ष बनीं और विपक्ष की नेता के तौर पर शुरुआत की। राजनीति में उनकी यही लड़ाई काम आई और आखिरकार 1996 में वे पहली बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं। उनके पहले कार्यकाल को बांग्लादेश के लिए जबरदस्त सुधारों वाला समय माना जाता है। इस दौरान ही देश में आर्थिक उदारवाद का उदय हुआ। बांग्लादेश में जबरदस्त विदेशी निवेश आया और लोगों के रहन-सहन में भी सुधार हुआ। शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश दुनियाभर में कपड़ा उद्योग में अहम केंद्र बन गया। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हसीना का खासा जोर रहा। उनकी स्कूल के बच्चों को मुफ्त किताबें मुहैया कराने की योजना ने उन्हें काफी आगे बढ़ाया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद हसीना का कार्यकाल भी विवादों से दूर नहीं रहा। उनके प्रशासन को न्यायपालिका के साथ टकराव के लिए जाना गया। शेख हसीना पर न्यायलयों की स्वतंत्रता और स्वायत्ता के साथ खिलवाड़ करने के भी आरोप लगे। इसके लिए कई देशों ने उनकी आलोचना भी की। दूसरी तरफ विपक्षी दलों ने भी हसीना पर तानाशाही के आरोप लगाए। खासकर इस्लामिक जमात-ए-इस्लामी पार्टी की तरफ शेख हसीना के रुख का कई मानवाधिकार संगठनों ने भी विरोध किया। आखिरकार 2001 में उन्हें विपक्षी पार्टी और विरोधी खालिदा जिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। 2024 में शेख हसीना के साथ जो घटनाक्रम हो रहा है, वह कोई नया नहीं है। कुछ ऐसा ही 2006 में भी हुआ था, जब अक्टूबर में अचानक ही सत्ता पर काबिज बांग्लादेशी नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की सरकार चुनाव का एलान करने के बाद कार्यवाहक शासन की तरफ चली गई थी। इस दौरान शेख हसीना सरकार ने बीएनपी सरकार पर बांग्लादेश के चीफ जस्टिस की सेवा. निवृत्ति की उम्र को असंवैधानिक तरीके से बढ़ाने का आरोप लगाया था। इस घटनाक्रम ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और आवामी लीग के नेतृत्व में पूरे देश में जबरदस्त प्रदर्शन हुए। हालांकि, बाद में सेना ने 2007 में कार्यवाहक सरकार का समर्थन किया।

### शेख हसीना पर आरोप और आगे के रास्ते

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में दोषी करार दिया गया है। विशेष न्यायाधिकरण ने पूर्व पीएम को सभी पांचों मामलों में दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है। बांग्लादेश के 'अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण' ने शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल और पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल मामून के खिलाफ मामलों की सुनवाई पूरी कर सजा का एलान किया। अदालत के फैसले को लेकर बांग्लादेश में तनाव का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने बंद का एलान किया है। शेख हसीना और अन्य पर आरोप था कि उन्होंने छात्र आंदोलन को कुचलने की कोशिश की और उनके नेतृत्व में जुलाई 2023 में सुरक्षा कार्रवाई में 1400 लोग मारे गए। अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना को हिंसा के पीछे का मास्टरमाइंड बताते हुए मौत की सजा की मांग की थी। वहीं शेख हसीना और उनकी पार्टी का दावा है कि राजनीतिक प्रतिशोध के चलते उनके खिलाफ ये मुकदमें दर्ज किए गए। आइए जानते हैं कि शेख हसीना के खिलाफ कौन से थे वे पांच आरोप, जिनमें उन्हें मौत की सजा सुनाई गई। पहला आरोप-अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना और अन्य पर हत्या, हत्या के प्रयास, यातना और अन्य अमानवीय कृत्यों का आरोप लगाया। साथ ही शेख हसीना और अन्य पर अवामी लीग और सशस्त्र बलों द्वारा नागरिकों के विरुद्ध किए गए इन अपराधों को बढ़ावा देने, भड़काने, सुगम बनाने, इनमें सहभागी होने और रोकने में विफल रहने का भी आरोप लगाया गया।

## ब्रिटेन लगाएगा अंगोला नामिबिया और कांगो पर वीजा प्रतिबंध!

**लंदन।** प्रवासियों की वापसी के मामले में अफ्रीकी देश के ब्रिटेन के साथ सहयोग नहीं करने की वजह से ब्रिटेन अंगोला, नामीबिया और कांगो के निवासियों के वीजा पर प्रतिबंध लगा सकता है। ब्रिटिश अखबार द टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार अवैध रूप से ब्रिटेन आए प्रवासियों को वापस लेने से इनकार करने पर सजा के तौर पर ब्रिटेन के वीजा प्रतिबंधों का सामना करने वाले पहले देशों की घोषणा सोमवार को गृह सचिव शबाना महमूद द्वारा की जाएगी। समाचार पत्र के अनुसार, जब तक अफ्रीकी देशों की सरकारें निर्वासन पर सहयोग में नहीं करतीं, तब तक ये प्रतिबंध लागू रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित प्रवासियों की वापसी के मामले में लंदन के साथ सहयोग करने में अफ्रीकी सरक. ारों की अनिच्छा के कारण ब्रिटेन, अंगोला, नामीबिया और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के निवासियों के लिए वीजा पर प्रतिबंध लगा सकता है। इन अफ्रीकी देशों ने ब्रिटेन से 4000 से जयादा अवैध प्रवासियों और विदेशी अपराधियों को वापस लेने से मना कर दिया है। ये देश ब्रिटेन द्वारा इस तरह के उपायों के अधीन होने वाले पहले देश होंगे।

# भारतीयों के पलायन ने अमेरिकी विवि की हिली नींव

■ एच-1बी वर्क परमिट की लाटरी प्रणाली ने भी परिवारों का भरोसा कमजोर किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या में आई ऐतिहासिक गिरावट ने साफ कर दिया है कि दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा अर्थव्यवस्था अब अपने पुराने भरोसे को खो रही है। वीजा प्रक्रिया की बढ़ती जटिलताओं, सख्त सुरक्षा जांच और एच-1बी वर्क परमिट की अनिश्चितता ने भारतीय परिवारों को गहरी चिंता में डाल दिया है।

इसका सीधा असर यह हुआ है कि भारतीय छात्र अब बड़ी संख्या में अमेरिका से मुंह मोड़कर कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और यूरोप का रुख कर रहे हैं। इंस्टीटयूट फार इंटरनेशनल एजुकेशन (आईआईई) की प्रारम्भिक ओपन डोर्स रिपोर्ट 2025 और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि 2024-25 सेशन तक भारतीय छात्रों का नामांकन अमेरिका में लगभग 70 फीसदी गिर गया है। बीते वर्ष जहां करीब 375800 भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे थे, वहीं इस वर्ष यह संख्या घटकर करीब 112000 पर आ गई है। पिछले 15 वर्षों में यह सबसे तेज गिरावट है, जिसने अमेरिकी कैंपस की आर्थिक नींव तक हिला दी है। आईआईई के अनुसार वीजा स्लाट की कमी, इंटरव्यू की लंबी प्रतीक्षा और छोटी दस्तावेजी त्रुटि पर भी तुरंत रिजेक्शन भारतीय छात्रों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं। सुरक्षा जांच इतनी कड़ी हो चुकी है कि कई छात्रों को दो-दो बार इंटरव्यू देना पड़ रहा है। एच-1बी वर्क परमिट की लाटरी प्रणाली ने भी परिवारों का भरोसा कमजोर किया है। एमआईटी और कार्नेगी मेलान जैसे शीर्ष संस्थानों में भारतीय छात्रों की उपस्थिति में 60-70 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। स्टूडेंट वीजा मानिटरिंग नेटवर्क (एसवीएमएन) के मुताबिक अब भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका पहला विकल्प नहीं रहा।

## इजरायली टैंक ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को बनाया निशाना

**बेरूत।** लेबनान में इजराईली सेना के मर्कवा टैंक से दागे गए गोले की जद में संयुक्त राष्ट्र अंत. रिम बल आ गया। यूएनआईएफआईएल के अनुसार भारी गोलाबारी ब्लू हेलमेट से मात्र पांच मीटर की दूरी पर हुई, जिससे गश्ती दल को आसपास के इलाके में छिपना पड़ा।

मिशन के प्रतिनिधियों ने तुरंत स्थापित संचार माध्यमों के जरिए इजरायली रक्षा बलों से संपर्क किया और गोलीबारी रो. कने का अनुरोध किया। इसके बाद गोलाबारी रूकी और संयुक्त राष्ट्र का गश्ती दल लगभग आधे घंटे बाद सुरक्षित निकल सका। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सौभाग्य से कोई भी घायल नहीं हुआ। संरा ने इस घटना को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 का गंभीर उल्लंघन बताया। इस प्रस्ताव को 2006 में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनाया गया था।

इजरायल ने दावा किया है कि हमला 'खराब मौसम की स्थिति' के कारण हुआ और संयुक्त राष्ट्र के गश्ती दल को गलती से खतरे के रूप में पहचान लिया गया था। गौरतलब है कि यह तीन महीनों में तीसरी ऐसी घटना, जब संरा शांति मिशन के लिए खतरा उत्पन्न हुआ है। इससे पहले दो सितम्बर को, आईडीएफ के ड्रोन ने ब्लू लाइन के किनारे सड़क अवरोधों को साफ कर रहे संरा कर्मियों के पास ग्रेनेड गिराए थे और 26 अक्टूबर को एक इजरायली ड्रोन ने फिर से संयुक्त राष्ट्र के गश्ती दल को निशाना बनाया था।

# ट्रम्प की सख्ती से भारत की बढ़ेंगी मुश्किल

## रूस से व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने का कानून ला रही ट्रम्प सरकार


■ रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका का ट्रम्प प्रशासन जल्द ही एक नया कानून बनाने जा रहा है, जिसके तहत रूस से व्यापार करने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इसे समर्थन दे दिया है।

मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रम्प ने बताया कि उनकी पार्टी एक विधेयक लाने जा रही है, जिसके तहत रूस से व्यापार करना किसी भी देश के लिए बेहद मुश्किल हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं, खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश। ट्रम्प ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऐसा विधेयक लाने जा रही है, जिसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर काफी कड़े प्रतिबंधों का प्रावधान है। रूस से व्यापार करने वाले देशों में भारत और चीन शामिल हैं। ऐसे में अमेरिका के इस नए कानून से भारत की परेशानी बढ़ सकती है। अमेरिका पहले ही भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। अमेरिका का मानना है कि रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने में भारत और चीन का प्रमुख योगदान है। नए कानून के तहत भारत और चीन के अलावा ईरान की भी परेशानी बढ़ सकती है। एक तरफ अमेरिका रूस से व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ भारत और रूस के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है। साल 2030 तक दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डालर करने का लक्ष्य तय किया है। भारत और रूस के बीच इंडिया-यूरेशियन इकानोमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौता हो सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर अमेरिका का यह विधेयक पारित हो जाता है, तो ट्रम्प उन देशों से आयात पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकेंगे जो रूस से कच्चा तेल या गैस खरीदते हैं।

# ड्रग ले जा रही बोट पर अमेरिका का हवाई हमला

## 75 दिनों में 21वां हमला, अब तक 83 मौतें, ट्रम्प ने उड़ाने का आदेश दिया था



■ ट्रम्प प्रशासन ने इन हमलों को अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया


**वाशिंगटन।** अमेरिका ने शनिवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में एक ड्रग तस्करी करने वाली नाव पर हवाई हमला किया, जिसमें तीन लोग मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी।

यह सितम्बर की शुरुआत से अब तक अमेरिकी सेना का ड्रग नावों पर किया गया 21वां हमला है। आंकड़ों के अनुसार, इन हमलों में अब तक 83 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक ये हमले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश पर हो रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इन हमलों को अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया। न्याय विभाग ने इन हमलों को सही ठहराया है और कहा गया है कि इन आपरेशनों में शामिल अमे. रिकी सैनिकों को मुकदमा चलाने से छूट मिलेगी। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने रविवार को हमले का वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर जारी किया। वीडियो में विस्फोट दिख रहा है, जिससे नाव के परखच्चे उड़ गए। हमले के तुरंत बाद बोट में आग लग गई। मारे गए लोगों की राष्ट्रीयता या पहचान की जानकारी नहीं दी गई। इससे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि मेरे आदेश पर अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी करने वाले कार्टेल और नार्को टेररिस्ट पर स्ट्राइक की। ये लोग वेनेजुएला से नशीले पदार्थ अमेरिका की ओर ले जा रहे थे। अमेरिका ने 10 नवम्बर को भी पूर्वी प्रशांत महासागर में दो संदिग्ध नावों पर हवाई हमला किया। अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बताया कि ये नाव ड्रग्स लेकर जा रहे थे। इसमें 6 लोग मारे गए थए। हेगसेथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि ये नावें आतंकवादी संगठनों से जुड़ी थीं और कोकीन तस्करी कर रही थीं। अमेरिका ने 10 नवम्बर को ड्रग्स ले जा रही नावों पर हवाई हमला किया था। वेनेजुएला की ड्रग संगठन 'कार्टेल डे लोस सोल्स' आतंकवादी संगठन घोषित। अमेरिकी कांग्रेस के सांसदों, मानवाधिक. ार संगठनों और सहयोगी देशों ने इन हमलों की वैधता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि युद्ध क्षेत्र से बाहर हमले करने का कानूनी आधार साफ नहीं है। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि उसके पास पूर्ण कानूनी अधिकार हैं। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने रविवार को वेनेजुएला की ड्रग संगठन 'कार्टेल डे लोस सोल्स' को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' घोषित किया। इससे अमेरिका में इस ग्रुप को किसी भी तरह की मदद देने वाला अपराधी माना जाएगा।

## कांगो में खदान ढहने से 80 की मौत, कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**किशासा।** दक्षिण-पूर्वी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में शनिवार को एक खदान ढह गया। हादसे में कम से कम 80 लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। एक अधिकारी ने रविवार को घटना की जानक. ारी दी। यह हादसा लुआलाबा प्रांत के मुलोंडो में कलांडो खदान में हुई। प्रांत के गृह मंत्री राय कौम्बा मायोंडे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि भारी बारिश और लैंडस्लाइड के खतरे के कारण खदान में जाने पर बैन लगा था। इसके बावजूद अवैध माइनिंग करने वाले खदान में जबरन खदान में घुस गए थे। डीआरसी की सरकारी एजेंसी एसईएएमएपीई की रिपोर्ट में कहा गया है कि घटनास्थल पर सैनिकों की फायरिंग से माइनिंग करने वालो में दहशत फैल गई और वे खदान के ऊपर पुल की ओर दौड़ पड़े, जिससे पुल ढह गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें खदान के नीचे कई लोग खड़े दिखे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108